# UGC : NTA NET-JRF/SET
# विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
## राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा
## जूनियर रिसर्च फेलोशिप एवं लेक्चररशिप
## पात्रता हेतु

# वाणिज्य

## हल प्रश्न-पत्र


**प्रधान सम्पादक**
आनन्द कुमार महाजन

**संपादन एवं संकलन**
यू.जी.सी. वाणिज्य परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्रार्फिक्स**
बालकृष्ण, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**मो. : 9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All Rights Reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**
सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सहयोग और सुझाव सादर अपेक्षित है

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची


■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य परीक्षा पाठयक्रम ........ 3-6
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2011 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 7-16
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2011 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 17-26
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2012 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 27-45
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2012 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 46-55
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2012 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 56-68
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2012 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 69-80
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2013 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 81-97
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2013 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 98-108
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2013 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 109-125
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2013 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 126-135
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2014 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 136-150
■ यू. जी. सी. नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2014 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 151-165
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2014 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 166-188
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2014 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 189-199
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2015 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 200-216
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2015 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 217-227
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2015 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 228-244
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2015 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 245-256
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (जुलाई) परीक्षा, 2016 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 257-275
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (जुलाई) परीक्षा, 2016 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 276-287
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (जनवरी) परीक्षा, 2017 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 288-307
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (जनवरी) परीक्षा, 2017 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 308-321
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (नवम्बर) परीक्षा, 2017 : तृतीय प्रश्न-पत्र ........ 322-341
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (नवम्बर) परीक्षा, 2017 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 342-354
■ यू. जी. सी. CBSE नेट वाणिज्य (जुलाई) परीक्षा, 2018 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 355-381
■ यू. जी. सी. NTA नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2018 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 382-406
■ यू. जी. सी. NTA नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2019 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 407-428
■ यू. जी. सी. NTA नेट वाणिज्य (दिसम्बर) परीक्षा, 2019 : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 429-453
■ यू. जी. सी. NTA नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2020 : 17.10.2020, S-I द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 454-480
■ यू. जी. सी. NTA नेट वाणिज्य (जून) परीक्षा, 2020 : 17.10.2020, S-II द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 481-505
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2020/जून 2021) 25.11.2021, S-I परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 506-531
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2020/जून 2021) 25.11.2021, S-II परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 532-558
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2020/जून 2021) 26.11.2021 परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 559-585
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2021/जून 2022) 29.09.2022, S-I परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 586-614
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2021/जून 2022) 29.09.2022, S-II परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 615-641
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2021/जून 2022) 14.10.2022 परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 642-672
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2022) 04.03.2023, S-I परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 673-703
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिस. 2022) 04.03.2023, S-II परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 704-736
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (जून 2023) 13.06.2023, S-I परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 737-766
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (जून 2023) 13.06.2023, S-II परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 767-800
■ यू.जी.सी. NTA नेट वाणिज्य (दिसम्बर 2023) 07.12.2023 परीक्षा : द्वितीय प्रश्न-पत्र ........ 801-832

# UGC NTA NET Commerce : Syllabus

## इकाई-I
## व्यवसायिक वातावरण और अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय
## Unit 1: Business Environment and International Business

- Concepts and elements of business environment: Economic environment- Economic systems, Economic policies(Monetary and fiscal policies); Political environment Role of government in business; Legal environment- Consumer Protection Act, FEMA; Socio-cultural factors and their influence on business; Corporate Social Responsibility (CSR)
  व्यवसायिक वातावरण की अवधारणाएँ एवं तत्व : आर्थिक वातावरण – आर्थिक पद्धतियाँ, आर्थिक नीतियां (मुद्रिक एवं वित्तीय नीतियाँ); राजनीतिक वातावरण – व्यवसाय में सरकार की भूमिका; वैधानिक वातावरण – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, एफ ई एम ए (फेमा); सामाजिक-सांस्कृतिक कारक और व्यवसाय पर उनका प्रभाव; कार्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी
- Scope and importance of international business; Globalization and its drivers; Modes of entry into international business
  अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय का विस्तार-क्षेत्र तथा महत्व; वैश्वीकरण तथा इसके संचालक; अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में प्रवेश करने की नीतियाँ
- Theories of international trade; Government intervention in international trade; Tariff and non-tariff barriers; India's foreign trade policy
  अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सिद्धान्त; अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में सरकार का हस्तक्षेप; टैरिफ तथा गैर-टैरिफ अवरोध; भारत की विदेश व्यापार नीति
- Foreign direct investment (FDI) and Foreign portfolio investment (FPI); Types of FDI, Costs and benefits of FDI to home and host countries; Trends in FDI; India's FDI policy
  विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ.डी.आई.) विदेशी पोर्ट फोलियो निवेश (एफ.पी.आई.), एफ डी आई के प्रकार, स्वदेश और मेजबान देशों के एफ. डी. आई. की लागत और लाभ; एफ. डी. आई. में नवीन प्रवृत्तियाँ; भारत की एफ. डी. आई. नीति
- Balance of payments (BOP): Importance and components of BOP
  भुगतान का देय (बी.ओ.पी.) : बी ओ पी का महत्व और संगठक तत्व
- Regional Economic Integration: Levels of Regional Economic Integration; Trade creation and diversion effects; Regional Trade Agreements: European Union (EU), ASEAN, SAARC, NAFTA
  क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण : क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण के स्तर; व्यापार सृजन एवं पथांतरण; क्षेत्रीय व्यापार समझौता; यूरोपीय संघ (ई.यू.), आसियान, सार्क और नाफटा
- International Economic institutions: IMF, World Bank, UNCTAD
  अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संस्थाएँ : आई.एम.एफ., वर्ल्ड बैंक, यू.एन.सी.टी.ए.डी.
- World Trade Organisation (WTO): Functions and objectives of WTO; Agriculture Agreement; GATS; TRIPS; TRIMS
  विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू टी ओ) डब्ल्यू टी ओ के कार्य तथा उद्देश्य; कृषि समझौता; गैट्स (जी ए टी एस), ट्रिपस (टी आर आई पी एस), ट्रिमस (टी आर आई एम एस)

## इकाई-II
## लेखांकन और अंकेक्षण
## Unit 2: Accounting and Auditing

- Basic accounting principles; concepts and postulates
  लेखांकन के मूल सिद्धान्त, संकल्पना और अभ्युपगम
- Partnership Accounts: Admission, Retirement, Death, Dissolution and Insolvency of partnership firms
  साझेदारी लेखे : साझेदारी फर्म में प्रवेश, सेवा-निवृत्ति, मृत्यु और विघटन तथा दिवालियापन
- Corporate Accounting: Issue, forfeiture and reissue of shares; Liquidation of companies; Acquisition, merger, amalgamation and reconstruction of companies
  कम्पनी लेखांकन : निर्गम, शेयरों की जब्ती और पुनःनिर्गम; कंपनियों का परिसमापन; कम्पनियों का अधिग्रहण, विलयन, समामेलन और पुनर्गठन
- Holding company accounts
  सूत्रधारी कंपनी के लेखे
- Cost and Management Accounting: Marginal costing and Break-even analysis; Standard costing; Budgetary control; Process costing; Activity Based Costing (ABC); Costing for decision-making; Life cycle costing, Target costing, Kaizen costing and JIT
  लागत और प्रबंधन लेखे : सीमांत लागत और सम-विच्छेद विश्लेषण; मानक लागत; बजट नियंत्रण; प्रक्रिया लागत; क्रियाकल्प आधारित लागत (ए बी सी); निर्णय लेने संबंधी लागत; जीवन चक्र लागत; लक्ष्य लागत; काइजल लागत और जे आई टी
- Financial Statements Analysis: Ratio analysis; Funds flow Analysis; Cash flow analysis
  वित्तीय विवरण विश्लेषण; अनुपात विश्लेषण; निधि प्रवाह विश्लेषण; रोकड़ प्रवाह विश्लेषण
- Human Resources Accounting; Inflation Accounting; Environmental Accounting
  मानव संसाधन लेखांकन; मुद्रास्फीति लेखांकन; पर्यावरण लेखांकन
- Indian Accounting Standards and IFRS
  भारतीय लेखांकन मानक और आई एफ आर एस
- Auditing: Independent financial audit; Vouching; Verification ad valuation of assets and liabilities; Audit of financial statements and audit report; Cost audit
  अंकेक्षण : स्वतंत्र वित्तीय अंकेक्षण, वाउचिंगः परिसंपत्तिओं और देयताओं का सत्यापन और मूल्यांकन; वित्तीय विवरणों का अंकेक्षण और अंकेक्षण रिपोर्ट; लागत अंकेक्षण

- Recent Trends in Auditing: Management audit; Energy audit; Environment audit; Systems audit; Safety audit
अंकेक्षण की अद्यतन प्रवृत्तियाँ : प्रबंधन अंकेक्षण; ऊर्जा अंकेक्षण; पर्यावरण अंकेक्षण, व्यवस्था अंकेक्षण; सुरक्षा अंकेक्षण

## इकाई-III
## व्यवसायिक अर्थशास्त्र
## Unit 3: Business Economics

- Meaning and scope of business economics
व्यवसायिक अर्थशास्त्र का अर्थ एवं विषय-क्षेत्र
- Objectives of business firms
व्यवसायिक फर्मों का उद्देश्य
- Demand analysis: Law of demand; Elasticity of demand and its measurement; Relationship between AR and MR
माँग विश्लेषण : माँग का नियम; माँग की लोच और इसका मापन; ए आर और एम आर में सम्बन्ध
- Consumer behavior: Utility analysis; Indifference curve analysis
उपभोक्ता व्यवहार : उपयोगिता विश्लेषण; अनधिमान वक्र विश्लेषण
- Law of Variable Proportions: Law of Returns to Scale
परिवर्ती अनुपात नियम : पैमाने के प्रतिफल का नियम
- Theory of cost: Short-run and long-run cost curves
लागत का सिद्धान्त : लघु-कालिक तथा दीर्घकालिक लागत वक्र
- Price determination under different market forms: Perfect competition; Monopolistic competition; Oligopoly- Price leadership model; Monopoly; Price discrimination
विभिन्न विपणन पद्धतियों के अधीन कीमत निर्धारण : पूर्ण प्रतियोगिता; एकाधिकारी प्रतियोगिता; अल्पाधिकार-कीमत नेतृत्व मॉडल एकाधिकार; कीमत भेदमूलक
- Pricing strategies: Price skimming; Price penetration; Peak load pricing
कीमत निर्धारण रणनीतियाँ : कीमत क्षिप्रता; कीमत अन्तः प्रवेश; चरम भार पर कीमत निर्धारण

## इकाई-IV
## व्यवसायिक वित्त
## Unit 4: Business Finance

- Scope and sources of finance; Lease financing
वित्त का विषय-क्षेत्र और स्रोत; पट्टा वित्तपोषण
- Cost of capital and time value of money
पूंजी की लागत और धन का समय मूल्य
- Capital structure
पूंजीगत ढांचा
- Capital budgeting decisions: Conventional and scientific techniques of capital budgeting analysis
पूंजीगत बजट संबंधी निर्णय : पूंजीगत बजट संबंधी विश्लेषण की पारम्परिक और वैज्ञानिक तकनीकें
- Working capital management; Dividend decision: Theories and policies
कार्यशील पूंजी प्रबंधन; लाभांश का निर्णय; सिद्धान्त और नीतियाँ
- Risk and return analysis; Asset securitization
जोखिम और प्रतिफल विश्लेषण; परिसंपत्ति की संवीक्षा
- International monetary system
अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा प्रणाली
- Foreign exchange market; Exchange rate risk and hedging techniques
विदेशी मुद्रा बाजार; विनिमय दर जोखिम और हेजिंग तकनीकें
- International financial markets and instruments: Euro currency; GDRs; ADRs
अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजार और लिखत : यूरो मुद्रा; जी डी आर, ए डी आर
- International arbitrage; Multinational capital budgeting
अंतर्राष्ट्रीय अंतर-पणन; बहु-राष्ट्रीय पूंजी बजटिंग

## इकाई-V
## व्यवसायिक सांख्यिकी तथा शोध विधि
## Unit 5: Business Statistics and Research Methods

- Measures of central tendency
केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापन
- Measures of dispersion
प्रकीर्णन का मापन
- Measures of skewness
वैषम्य मापन
- Correlation and regression of two variables
दो परिवर्तियों का सहचर्य तथा प्रतीपगमन
- Probability: Approaches to probability; Bayes' theorem
प्रायिकता : प्रायिकता के उपागम; बेय (Bayes) का सिद्धान्त
- Probability distributions: Binomial, poisson and normal distributions
प्रायिकता वितरण : द्विपक्षीय, पाँसों तथा सामान्य वितरण
- Research: Concept and types; Research designs
शोधः अवधारणा तथा प्रकार; शोध अभिकल्प
- Data: Collection and classification of data
डाटा : संग्रह तथा वर्गीकरण
- Sampling and estimation: Concepts; Methods of sampling - probability and non-probability methods; Sampling distribution; Central limit theorem; Standard error; Statistical estimation
प्रतिचयन तथा अनुमान : अवधारणा, प्रतिचयन की विधियाँ – प्रायिकता या गैर-प्रायिकता विधियाँ; प्रतिचयन वितरण; केन्द्रीय सीमा प्रमेय; मानक त्रुटि; सांख्यिकीय अनुमान
- Hypothesis testing: z-test; t-test; ANOVA; Chi–square test; Mann-Whitney test (Utest); Kruskal-Wallis test (H-test); Rank correlation test
परिकल्पना परीक्षण, Z टेस्ट; अनोवा (ए एन ओ वी ए); काई वर्ग परीक्षण, मैन व्हिटने यू टेस्ट, कृस्कल-वालिस एच टेस्ट; रैंक कोरिलेशन टेस्ट
- Report writing/रिपोर्ट लेखन

## इकाई-VI
## व्यवसायिक प्रबन्ध और मानव संसाधन प्रबन्ध
## Unit 6: Business Management and Human Resource Management

- Principles and functions of management
  प्रबन्धन के सिद्धान्त और कार्य
- Organization structure: Formal and informal organizations; Span of control
  संगठन का ढांचा : औपचारिक और अनौपचारिक संगठन; नियन्त्रण की विस्तृति
- Responsibility and authority: Delegation of authority and decentralization
  दायित्व और प्राधिकार : प्राधिकार का प्रत्यायोजन और विकेन्द्रीकरण
- Motivation and leadership: Concept and theories
  अभिप्रेरणा और नेतृत्व : संकल्पना एवं सिद्धान्त
- Corporate governance and business ethics
  निगम अभिशासन और व्यवसाय संबंधी नैतिकता
- Human resource management: Concept, role and functions of HRM; Human resource planning; Recruitment and selection; Training and development; Succession planning
  मानव ससाधन प्रबंध : मानव संसाधन प्रबन्धन की संकल्पना, भूमिका और कार्य; मानव संसाधन सम्बन्धी योजना; भर्ती और चयन; प्रशिक्षण और विकास; उत्तराधिकार योजना
- Compensation management: Job evaluation; Incentives and fringe benefits
  प्रतिपूर्ति प्रबन्ध : जॉब मूल्यांकन, प्रोत्साहन एवं अनुषंगी लाभ
- Performance appraisal including 360 degree performance appraisal
  कार्य निष्पादन मूल्यांकन, $360^0$ कार्य निष्पादन मूल्यांकन सहित
- Collective bargaining and workers' participation in management
  सामूहिक सौदेबाजी और प्रबन्ध में कामगारों की प्रतिभागिता
- Personality: Perception; Attitudes; Emotions; Group dynamics; Power and politics; Conflict and negotiation; Stress management
  व्यक्तित्व : बोध; अभिवृत्ति; मनोवेग; समूह की शक्ति; शक्ति और राजनीति; टकराव और समझौता; तनाव प्रबन्ध
- Organizational Culture: Organizational development and organizational change
  संगठनात्मक संस्कृति : संगठनात्मक विकास एवं संगठनात्मक बदलाव

## इकाई-VII
## बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाएँ
## Unit 7: Banking and Financial Institutions

- Overview of Indian financial system
  भारतीय वित्तीय प्रणाली का विहंगावलोकन
- Types of banks: Commercial banks; Regional Rural Banks (RRBs); Foreign banks; Cooperative banks
  बैंकों के प्रकार : वाणिज्य बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आर आर बी), विदेशी बैंक, सहकारी बैंक
- Reserve Bank of India: Functions; Role and monetary policy management
  भारतीय रिजर्व बैंक : कार्य, भूमिका तथा मौद्रिक नीति प्रबन्धन
- Banking sector reforms in India: Basel norms; Risk management; NPA management
  भारत में बैंकिंग क्षेत्र में सुधार, बेसल मानदण्ड; जोखिम प्रबन्धन; एन पी ए प्रबन्धन
- Financial markets: Money market; Capital market; Government securities market
  वित्तीय बाजार : मुद्रा बाजार; पूंजी बाजार, सरकारी प्रतिभूर्ति बाजार
- Financial Institutions: Development Finance Institutions (DFIs); Non-Banking Financial Companies (NBFCs); Mutual Funds; Pension Funds
  वित्तीय संस्थाएँ : विकास वित्तीय संस्थाएँ (डी एफ आई); गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियाँ (एन बी एफ सी); म्यूचुअल फंड; पेंशन फण्ड
- Financial Regulators in India
  भारत में वित्तीय नियामक एजेंसियाँ
- Financial sector reforms including financial inclusion
  वित्तीय समावेशन सहित वित्तीय क्षेत्र में सुधार
- Digitisation of banking and other financial services: Internet banking; mobile banking; Digital payments systems
  बैंकिंग तथा अन्य वित्तीय सेवाओं का डिजिटलीकरण : इण्टरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल भुगतान प्रणाली
- Insurance: Types of insurance- Life and Non-life insurance; Risk classification and management; Factors limiting the insurability of risk; Re-insurance; Regulatory framework of insurance- IRDA and its role
  बीमा : बीमा के प्रकार – जीवित एवं अजीवित सेवाओं का बीमा, जोखिम का वर्गीकरण तथा प्रबन्धन; जोखिम की बीमायोग्यता के परिसीमक कारक पुनर्बीमा; बीमा का नियामक ढांचा – आई आर डी ए और इसकी भूमिका

## इकाई-VIII
## विपणन प्रबंध
## Unit 8: Marketing Management

- Marketing: Concept and approaches; Marketing channels; Marketing mix; Strategic marketing planning; Market segmentation, targeting and positioning
  विपणन : संकल्पना और उपागम; विपणन माध्यम; विपणन मिश्रण; कार्यनीतिपरक विपणन योजना; बाजार खंडीकरण, लक्ष्य और स्थिति
- Product decisions: Concept; Product line; Product mix decisions; Product life cycle; New product development
  उत्पाद निर्णय : संकल्पना; उत्पाद रेखा; उत्पाद मिश्रण निर्णय, उत्पाद जीवन चक्र; नवीन उत्पाद जीवन चक्र
- Pricing decisions: Factors affecting price determination; Pricing policies and strategies
  कीमत संबंधी निर्णय : कीमत निर्धारण को प्रभावित करने वाले कारक; कीमत निर्धारण नीतियाँ तथा कार्यनीतियाँ
- Promotion decisions: Role of promotion in marketing; Promotion methods - Advertising; Personal selling; Publicity; Sales promotion tools and techniques; Promotion mix

संवर्धन संबंधी निर्णय : विपणन में संवर्धन की भूमिका; संवर्धन की विधियाँ – विज्ञापनः वैयक्तिक विक्रय; प्रचार; विक्रय संवेर्धनात्मक साधन और तकनीक; संवर्धन मिश्रण

- Distribution decisions: Channels of distribution; Channel management
  वितरण संबंधी निर्णय : वितरण के माध्यम, माध्यम प्रबंध
- Consumer Behaviour; Consumer buying process; factors influencing consumer buying decisions
  उपभोक्ता व्यवहार : उपभोक्ता की क्रय प्रक्रिया, उपभोक्ता के क्रय निर्णय को प्रभावित करने वाले कारक
- Service marketing
  सेवा विपणन
- Trends in marketing: Social marketing; Online marketing; Green marketing; Direct marketing; Rural marketing; CRM
  विपणन की प्रवृत्तियाँ : सामाजिक विपणन; ऑनलाइन मार्कटिंग; ग्रीन मार्कटिंग; प्रत्यक्ष विपणन ग्रामीण विपणन; सी आर एम
- Logistics management
  संभार प्रबंध

## इकाई-IX
## व्यवसाय के कानूनी पहलू
## Unit 9: Legal Aspects of Business

- Indian Contract Act, 1872: Elements of a valid contract; Capacity of parties; Free consent; Discharge of a contract; Breach of contract and remedies against breach; Quasi contracts;
  भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 : वैध संविदा के तत्व; पक्षकारों की क्षमता; स्वतंत्र सहमति; संविदा का निष्पादन; संविदा का उल्लंघन और संविदा उल्लंघन के खिलाफ उपाय; अर्ध संविदाएँ
- Special contracts: Contracts of indemnity and guarantee; contracts of bailment and pledge; Contracts of agency
  विशेष संविदाएँ : क्षतिपूर्ति और गारंटी की संविदाएँ; निक्षेप और गिरवी संविदाएँ: एजेंसी की संविदाएँ
- Sale of Goods Act, 1930: Sale and agreement to sell; Doctrine of Caveat Emptor; Rights of unpaid seller and rights of buyer
  माल विक्रय अधिनियम, 1930 : विक्रय और विक्रय करार, क्रेता सावधानी का नियम अप्रदत्त विक्रेता के अधिकार और क्रेता के अधिकार
- Negotiable Instruments Act, 1881: Types of negotiable instruments; Negotiation and assignment; Dishonour and discharge of negotiable instruments
  प्रक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 : प्रकाम्य लिखतों के प्रकार; प्रक्राम्य और समनुदेशन; प्रक्राम्य लिखतों की अस्वीकृति और उन्मोचन
- The Companies Act, 2013: Nature and kinds of companies; Company formation; Management, meetings and winding up of a joint stock company
  कंपनी अधिनियम, 2013 : कंपनियों की प्रकृति और प्रकार, कंपनी का गठन, प्रबंधन, कंपनी की बैठकें, संयुक्त पूंजी, कंपनी समापन
- Limited Liability Partnership: Structure and procedure of formation of LLP in India
  सीमित देयता साझेदारी : भारत में सीमित देयता साझेदारी (एल एल पी); एल एल पी के गठन का ढांचा और उसकी प्रक्रिया
- The Competition Act, 2002: Objectives and main provisions
  प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 : लक्ष्य, उद्देश्य और मुख्य प्रावधान
- The Information Technology Act, 2000: Objectives and main provisions; Cyber crimes and penalties
  सूचना प्रौद्योगिकी का अधिनियम, 2000 : उद्देश्य और मुख्य प्रावधान; साइबर अपराध और दंड
- The RTI Act, 2005: Objectives and main provisions
  सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 : मूल संकल्पना और महत्वपूर्ण प्रावधान
- Intellectual Property Rights (IPRs) : Patents, trademarks and copyrights; Emerging issues in intellectual property
  बौद्धिक संपदा अधिकार : पेटेंट, ट्रेडमार्क्स और कापीराइट्स; बौद्धिक संपदा में उभरते हुए मुद्दे
- Goods and Services Tax (GST): Objectives and main provisions; Benefits of GST; Implementation mechanism; Working of dual GST
  माल और सेवा कर (जी एस टी) : जी एस टी की मुख्य विशेषताएँ, लाभ और उद्देश्य; कार्यान्वयन तंत्र, दोहरे जी एस टी का कार्यचालन

## इकाई-X
## आयकर और निगम कर योजना
## Unit 10: Income-tax and Corporate Tax Planning

- Income-tax: Basic concepts; Residential status and tax incidence; Exempted incomes; Agricultural income; Computation of taxable income under various heads; Deductions from Gross total income; Assessment of Individuals; Clubbing of incomes
  आयकर : मूल संकल्पनाएँ; आवासीय प्रस्थिति और कर भार; छूट प्राप्त आय; कृषि आय, विभिन्न शीर्षों के अधीन कर योग्य आय का अभिकलन; सकल कुल आय से कटौती; व्यक्तियों का कर-निर्धारण; आयों का सम्मिलित करना
- International Taxation: Double taxation and its avoidance mechanism; Transfer pricing
  अन्तर्राष्ट्रीय कराधान : दोहरा कराधान और इसका परिहार तंत्र, ट्रांस्फर प्राइसिंग
- Corporate Tax Planning: Concepts and significance of corporate tax planning; Tax avoidance versus tax evasion; Techniques of corporate tax planning; Tax considerations in specific business situations: Make or buy decisions; Own or lease an asset; Retain; Renewal or replacement of asset; Shut down or continue operations
  निगम कर योजना : निगम कर योजना की संकल्पना और महत्व; कर परिहार बनाम कर अपवंचन; निगम कर योजना की तकनीकें; विशिष्ट व्यवसाय की स्थितियों में कर विचारण; बनाने या खरीदने संबंधी निर्णय लेना, किसी परिसंपत्ति का स्वामित्व या पट्टा, परिसंपत्ति का प्रतिधारण, परिसंपत्ति का नवीनीकरण या प्रतिस्थापन, प्रचालनों को बंद करना या जारी रखना
- Deduction and collection of tax at source; Advance payment of tax; E-filing of income-tax returns
  स्रोत पर कर की कटौती और संग्रहण; कर का अग्रिम भुगतान; आयकर विवरणी को इलेक्ट्रोनिक माध्यम से दाखिल करना

# यू.जी.सी. नेट परीक्षा जून-2011
# वाणिज्य
## द्वितीय प्रश्न पत्र
## विश्लेषण सहित व्याख्या

**समय : 2 घण्टा.** **[पूर्णाङ्क : 200**

**1. Match the following components of Business Environment:/व्यवसाय वातावरण के निम्नलिखित घटकों का मिलान करें:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Economic Environment/ आर्थिक वातावरण | (i) | Exim Policy/ एक्सिम (आयात निर्यात) नीति |
| (B) | Social Environment/ सामाजिक वातावरण | (ii) | Customs/ सीमा शुल्क |
| (C) | Political Environment/ राजनीतिक वातावरण | (iii) | Social Values/ सामाजिक मूल्य |
| (D) | Legal Environment/ कानूनी वातावरण | (iv) | Business Law and Banking Act व्यावसायिक अधिनियम एवं बैंकिंग अधिनियम |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (c) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (d) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**Ans. (a) :** व्यवसाय वातावरण के विभिन्न घटकों तथा उससे सम्बन्धित तथ्यों का मिलान निम्नवत् है–

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | आर्थिक वातावरण | i. | एक्सिम (आयात निर्यात) नीति |
| b. | सामाजिक वातावरण | ii. | सीमा शुल्क |
| c. | राजनीतिक वातावरण | iii. | सामाजिक मूल्य |
| d. | कानूनी वातावरण | iv. | व्यावसायिक अधिनियम एवं बैंकिंग अधिनियम |

**2. Planning is a _______ process.**
**नियोजन निम्नलिखित प्रक्रिया है :**

(a) Goal oriented/ लक्ष्य-अभिमुखी
(b) Flexible/ लचीली
(c) Time bound/ समय आबद्ध
(d) All of the above/ उपर्युक्त सभी

**Ans. (d):** नियोजन प्रक्रिया की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित है–
- नियोजन प्रबन्ध का प्राथमिक कार्य है।
- नियोजन एक लक्ष्य-अभिमुखी प्रक्रिया है।
- नियोजन एक लचीली प्रक्रिया है।
- नियोजन एक समय आबद्ध प्रक्रिया है।
- नियोजन का सास्तत्व पूर्वानुमान है।
- नियोजन उपलब्ध विकल्पों में से सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।
- निर्णयन नियोजन का एक अभिन्न अंग है।

**3. Which among the following have not been opened for private sector participation?**
**निजी क्षेत्र की सहभागिता के लिये निम्नांकित में से कौन से क्षेत्र नहीं खोले गए हैं?**

(a) Power Sector/ विद्युत क्षेत्र
(b) Telecommunication Sector/ दूर संचार क्षेत्र
(c) Education Sector/ शिक्षा का क्षेत्र
(d) Railways/ रेलवे

**Ans. (d) :** रेलवे क्षेत्र को निजी क्षेत्र की सह-भागिता क्षेत्र में नही खोले गए है। रेलवे एक विभागीय उपक्रम होता है। इसकी स्थापना विधानमण्डल द्वारा पारित एक विशेष अधिनियम के अनुसार की जाती है।

**4. VAT is imposed/ VAT (वैट) लगाया जाता है :**

(a) Directly on consumers/ सीधे उपभोक्ता पर
(b) On final stage of production
उत्पादन के अन्तिम चरण पर
(c) On all stages from production to final sales
उत्पादन से लेकर अन्तिम विक्रय तक के सभी चरणों पर
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** वैट (VAT) एक मूल्य वर्धित कर (Value Added Tax) है। यह किसी वस्तु के उत्पादन से लेकर अन्तिम विक्रय तक के सभी चरणों पर लगाया जाता है। यह एक प्रकार का अप्रत्यक्ष कर है। वैट को 1960 के दशक में सर्वप्रथम यूरोप में लगाया गया था।

**5. In which of the following countries the Industrial Revolution took place first?**
**औद्योगिक क्रान्ति निम्नलिखित में से किस देश में सर्वप्रथम हुई :**

(a) France/ फ्रांस
(b) Germany/ जर्मनी
(c) England/ इंगलैंड
(d) U.S.A./ यू.एस.ए. (अमेरिका)

**Ans. (c) :** औद्योगिक क्रान्ति की शुरूआत सर्वप्रथम इग्लैंड देश में हुई थी। अठ्ठारहवी शताब्दी के उत्तरार्ध तथा उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में कुछ पश्चिमी देशों के तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में काफी बड़ा बदलाव आया। इसे ही औद्योगिक क्रान्ति के नाम से जाना जाता है।

**6. Accounting Standards Board of India was established in the year/भारतीय लेखांकन मानक परिषद की स्थापना किस वर्ष में हुई:**

(a) 1970 (b) 1972
(c) 1973 (d) 1977

**Ans. (d) :** भारतीय लेखांकन मानक परिषद (ASB) की स्थापना वर्ष 1977 में हुई थी। भारतीय लेखांकन बोर्ड (ASB) भारतीय लेखांकन मानकों को तैयार करते समय अन्तर्राष्ट्रीय लेखांकन मानकों (IAS) अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (IFRS) का ध्यान रखता है तथा उन्हें देश में लागू कानूनों, रिवाजों, प्रयोगों तथा व्यावसायिक वातावरण के प्रकाश में एकीकृत करने की कोशिश करता है।

**7. X and Y are partners in a firm. They withdrew @ ₹ 1,500 and ₹ 1,000 respectively on 15th day of every months for all the twelve months during 2009. Interest on drawings is chargeable @ 10% per annum. What would be the interest on drawings respectively?**
**एक फर्म में X और Y साझेदार हैं। वर्ष 2009 के दरमियान उन्होंने क्रमशः ₹ 1,500 और ₹ 1000 का आहरण प्रत्येक माह के पन्द्रहवें दिन पूरे बारह महिनों तक किया। आहरण पर ब्याज 10% की वार्षिक दर से वसूल किया जाता है। उपर्युक्त आहरणों का ब्याज क्रमशः क्या होगा?**

(a) ₹ 1,800 and ₹ 1,200/ ₹ 1,800 और ₹ 1,200
(b) ₹ 900 and ₹ 600/ ₹ 900 और ₹ 600
(c) ₹ 18,000 and ₹ 12,000
₹ 18,000 और ₹ 12,000
(d) ₹ 150 and ₹ 100/ ₹ 150 और ₹ 100

**Ans. (*) : Note-** चूँकि आहरण माह के 15वें दिन किया जाता है, इसलिए 6 माह के आहरण पर ब्याज लगाया जाएगा। अतः

A द्वारा किए गए आहरण पर ब्याज $=(1500\times6)\times\frac{10}{100}$

$=9,000\times\frac{10}{100}$

$= 900$

B द्वारा किए गए आहरण पर ब्याज $=(1000\times6)\times\frac{10}{100}$

$= 600$

(प्रश्न में UGC NET द्वारा दिया गया उत्तर विकल्प (a) था)

**8. If the purchase consideration is calculated by adding the various payments to be made, the methods is called/यदि क्रय प्रतिफल की गणना किये गये विभिन्न भुगतानों के योग द्वारा किया जाता है, तो इस विधि को कहते हैं :**

(a) Lump-sum method/ एक मुश्त विधि
(b) Net-worth method/ शुद्ध मूल्य विधि
(c) Net-payments method/ शुद्ध भुगतान विधि
(d) Value of shares method/ अंश मूल्य विधि

**Ans. (c) :** यदि क्रय प्रतिफल की गणना किए गए विभिन्न भुगतानों के योग द्वारा किया जाता है, तो इसे शुद्ध भुगतान विधि कहते है।

**9. The following relate to the shares of a company. What is the correct order?**
**निम्नलिखित एक कम्पनी के अंशों से सम्बंधित है। इनका सही क्रम क्या है?**

(a) Issue, Application, Call and Forfeiture
निर्गम, आवेदन, याचना और हरण
(b) Application, Call, Forfeiture and Issue
आवेदन, याचना, हरण और निर्गम
(c) Call, Issue, Application and Forfeiture
याचना, निर्गम, आवेदन और हरण
(d) Forfeiture, Application, Issue and Call
हरण, आवेदन, निर्गम और याचना

**Ans. (a) :** एक कम्पनी के अंशो से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाया जाता है–

अंशो का निर्गमन
⇓
जनता द्वारा आवेदन
⇓
अंशो का आवण्टन
⇓
याचना राशि की माँग
⇓
अंशों का हरण
⇓
अंशों का पुनर्निर्गमन

**10. The final accounts of a manufacturing company generally include the following statements:**
**एक विनिर्माण कम्पनी के अन्तिम लेखों में सामान्यतया निम्नलिखित विवरणों का समावेश होता है :**

(i) Balance Sheet/ आर्थिक चिट्ठा
(ii) Manufacturing Account/ विनिर्माण खाता
(iii) Profit and Loss Account/ लाभ हानि खाता
(iv) Trading Account/ व्यापार खाता
(v) Profit and Loss Appropriation Account
लाभ और हानि समायोजन खाता

**The correct sequence in which the statements are prepared is**
**विवरणों को बनाने का सही क्रम है:**

(a) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(b) (ii), (iv), (iii), (v), (i)
(c) (v), (ii), (iv), (iii), (i)
(d) (i), (iv), (iii), (ii), (v)

**Ans. (b) :** एक विनिर्माण कम्पनी के अन्तिम लेखों में सामान्यतः अग्रलिखित खातों एवं विवरणों एक निश्चित क्रम में तैयार किया जाता है, जो इस प्रकार है–

विनिर्माण खाता
⇓
व्यापार खाता
⇓
लाभ हानि खाता
⇓
लाभ-हानि समायोजन खाता
⇓
आर्थिक चिट्ठा
⇓
वित्तीय विवरणों का विश्लेषण
⇓
निर्वचन

**11. The theory of Revealed Preference was propounded by**
**प्रकट वरीयता का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है:**

(a) A. Marshall/ ए. मार्शल
(b) P.F. Drucker/ पी.एफ. ड्रकर
(c) Paul Samuelson/ पॉल सैम्युलसन
(d) J.R. Hicks/ जे.आर.हिक्स

**Ans. (c) :** प्रकट वरीयता के सिद्धान्त का प्रतिपादन पॉल सैमुअलसन ने किया था।

**12. Which of the following concepts is considered as a myth?/ निम्नलिखित में से किस अवधारणा को मिथक समझा जाता है?**

(a) Oligopoly/ अल्पाधिकार
(b) Perfect competition/ पूर्ण प्रतियोगिता
(c) Monopoly/ एकाधिकार
(d) Imperfect competition/ अपूर्ण प्रतियोगिता

**Ans. (b) :** नव-प्रतिष्ठित एवं आधुनिक अर्थशास्त्रियों विशेष रूप से श्री मती जॉन रॉविन्सन इत्यादि अर्थशास्त्रियों ने बाजार के पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति को पूर्ण रूप से मिथक एवं काल्पनिक धारणा समझा, क्योंकि पूर्ण प्रतियोगिता की स्थिति मानवीय दशाओं में संभव ही नही हो सकता, इसका मूल कारण मानवीय प्रवृत्ति का परिवर्तनशील होना है।

**13. A perfectly competitive market in the short run will be in equilibrium where/एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार अल्प काल में संतुलन की अवस्था में तब होगा जब :**

(a) MC = AC
(b) MC = MR
(c) M/C = Zero/ MC = शून्य
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार में अल्पकाल में सन्तुलन की स्थिति तब होती है जब सीमान्त लागत (MC) और सीमान्त आगम (MR) एक-दूसरे के बराबर हो। जबकि पूर्ण प्रतियोगी बाजार में ही दीर्घकाल में MC = MR = AR = P होता है।

**14. Match the following/निम्नलिखित का मिलान करें:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Perfect competition पूर्ण प्रतियोगिता | (i) | No control/ कोई नियन्त्रण नहीं |
| (B) | Monopolistic competition/ एकाधिकारी प्रतियोगिता | (ii) | Some Control/ आंशिक नियन्त्रण |
| (C) | Oligopoly अल्पाधिकार | (iii) | Practically Some Control/ व्यवहारिक रूप से कुछ नियन्त्रण |
| (D) | Monopoly एकाधिकार | (iv) | Usual control/ सामान्य नियन्त्रण |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**Ans. (a) :**

| | **बाजार** | | **विशेषताएँ/नियन्त्रण** |
|---|---|---|---|
| a. | पूर्ण प्रतियोगिता | i. | कोई नियन्त्रण नहीं |
| b. | एकाधिकारी प्रतियोगिता | ii. | आंशिक नियन्त्रण |
| c. | अल्पाधिकार | iii. | व्यवहारिक रूप से कुछ नियन्त्रण |
| d. | एकाधिकार | iv. | सामान्य नियन्त्रण |

**15.** **Statement (A) :** The demand for the product of a firm under Oligopoly is at prices higher than the prevailing market prices.
**Reason (R) :** The Oligopolistic firm faces a kinked demand curve.
**अभिकथन (A) :** अल्पाधिकार के अंतर्गत एक फर्म के उत्पाद की मांग प्रचलित बाजार कीमतों से ऊंची कीमत पर होती है।
**तर्क (R) :** अल्पाधिकारी फर्म की मांग वक्र विकुंचित होती है।

(a) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों मिथ्या है।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सत्य है परन्तु (R) मिथ्या है।
(d) (A) is false, but (R) is true
(A) मिथ्या है परन्तु (R) सत्य है।

**Ans. (d) :** अल्पाधिकार के अन्तर्गत एक फर्म के उत्पाद की माँग प्रचलित बाजार कीमतों के बराबर या उससे कम भी होती है, जिसके कारण फर्म की माँग वक्र विकुंचित होता है। अतः स्पष्ट है कि अभिकथन (A) गलत है, जबकि तर्क (R) सही है।

**16. In a factory, there are 1000 workers consisting of 400 A-Grade workers and 600 B-Grade workers. In A-Grade, 300 are male workers; and in B-Grade, only 200 are male workers. How many female workers are there in the factory?**
**एक कारखाने में 1000 श्रमिक हैं जिनमें से 400 श्रमिक ए-ग्रेड के हैं, तथा 600 श्रमिक बी-ग्रेड के हैं। ए-ग्रेड में 300 पुरुष श्रमिक हैं और बी-ग्रेड में केवल 200 पुरुष श्रमिक है। कारखाने में महिला श्रमिक कितनी हैं?**
(a) 300 (b) 400
(c) 500 (d) 600

**Ans. (c) :** कारखाने में कुल श्रमिक = 1000
ग्रेड-A के श्रमिक = 400
ग्रेड-B के श्रमिक = 600
ग्रेड-A में पुरुष श्रमिक = 300
ग्रेड में महिला श्रमिक = 400 – 300
= 100
ग्रेड-B में पुरुष श्रमिक = 200
ग्रेड-B में महिला श्रमिक = 600 – 200
= 400
कुल महिला श्रमिक = 100 + 400
= 500

**17. When a population is heterogeneous, it is divided into groups, so that there is homogeneity within the group and heterogeneity between the groups, and some items are selected at random from each group. It is a case of/ जब समष्टि विजातीय होता है, तो उसे समूहों में विभाजित किया जाता है, ताकि समूह के अन्दर समरुपता रहे और समूहों के बीच विजातीयता रहे, और प्रत्येक समूह से कुछ मदों का यादृच्छिक रूप से चयन किया जाता है। यह निम्नलिखित कहलाता हैः**
(a) Cluster Random Sampling
गुच्छ यादृच्छिक प्रतिचयन
(b) Systematic Random Sampling
क्रमबद्ध यादृच्छिक प्रतिचयन
(c) Quota Sampling/ कोटा (नियतांश) प्रतिचयन
(d) Stratified Random Sampling
स्तरित यादृच्छिक प्रतिचयन

**Ans. (d) :** स्तरित यादृच्छिक प्रतिचयन के अन्तर्गत जब समष्टि विजातीय होता है, तो उसे समूहों में विभाजित किया जाता है, ताकि समूह के अन्दर समरूपता रहे और समूहों के बीच विजातीयता रहे, और प्रत्येक समूह से कुछ मदों का यादृच्छिक रूप से चयन किया जाता है।

**18. Which one among the following is a small sample?**
**निम्नलिखित में से कौन सा छोटा प्रतिदर्श है?**
(a) 5
(b) 10
(c) 29
(d) All the above/ उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** एक छोटे प्रतिदर्श के तात्पर्य ऐसे प्रतिदर्श से होता है जिसमें 30 से कम अर्थात 5,10, या 29 प्रतिदर्श शामिल हो।

**19. Which one of the following softwares is used for Research Analysis?**
**निम्नलिखिम में से किस सॉफ्टवेयर को शोध विश्लेषण के लिये उपयोग किया जाता है :**
(a) SAP
(b) ERP
(c) SPSS
(d) TALLY

**Ans. (c) :** एसीपीएसएस (SPSS) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर का प्रयोग शोध विश्लेषण के लिए किया जाता है। यह एक सांख्यिकी विश्लेषण सॉफ्टवेयर है। इसका अविष्कार SPSS इनकार्पोरेटेड ने 2009 में किया था।

**20. Which one of the following is a Database Management System?**
**निम्नलिखित में से कौन सी डेटा बेस प्रबन्ध पद्धति है?**
(a) MS Access/ एम एस एक्सेस
(b) MS Excel/ एम एस एक्सेल
(c) MS Outlook/ एम एस आऊटलुक
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** एम-एस एक्सेल (MS-Access) डाटा बेस प्रबन्धन की एक प्रणाली या पद्धति है। इसकी रचना और वितरण माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज और मैक ओएस एक्स के लिए किया है। यह अनुप्रयोग माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस का एक भाग है।

21. **Match the following:**
**निम्नलिखित का मिलान करें:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Maslow/ मैस्लो | (i) | Hygiene Theory आरोग्य सिद्धान्त |
| (B) | Herzberg/ हर्जबर्ग | (ii) | X and Y Theory/ X और Y सिद्धान्त |
| (C) | Ouchi/ आउची | (iii) | Need Hierarchy Theory/ आवश्यकता अनुक्रम सिद्धान्त |
| (D) | McGregor/ मैकग्रेगर | (iv) | Z Theory जैड सिद्धान्त |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (c) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (d) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**Ans. (d) :**

| | **प्रतिपादक** | | **सिद्धान्त** |
|---|---|---|---|
| a. | मैस्लो | iii. | आवश्यकता अनुक्रम सिद्धान्त |
| b. | हर्जबर्ग | i. | आरोग्य सिद्धान्त |
| c. | आउची | iv. | जैड सिद्धान्त |
| d. | मैकग्रेगर | ii. | X और Y सिद्धान्त |

22. **Consider the following steps in the decision making process; and select the correct sequence :**
**निर्णयन प्रक्रिया के निम्नलिखित चरणों पर विचार करें, और सही अनुक्रम का चयन करें :**
(i) Defining the problem/समस्या को परिभाषित करना
(ii) Considering alternatives
विकल्पों का विचार करना
(iii) Considering limiting factors
सीमाकारी अथवा बाधक घटकों का विचार करना
(iv) Selection of the best alternative and implementation
श्रेष्ठ विकल्प का चयन और अमल करना
(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (iii), (i), (iv), (ii)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (i), (iii), (iv), (ii)

**Ans. (a) :** सामान्यतः निर्णयन प्रक्रिया का तात्पर्य किसी निर्णय पर पहुँचने के लिए अपनाएँ जाने वाले कदमों से होता है। निर्णयन प्रक्रिया में निम्नलिखित चरणों को अपनाया जाता है–

समस्या को परिभाषित करना
⇓
समस्या का विश्लेषण करना
⇓
वैकल्पिक हलों पर विचार करना
⇓
सीमाकारी अथवा बाधक घटकों पर विचार करना
⇓
सर्वश्रेष्ठ विकल्प का चयन करना
⇓
अनुगमन करना

23. **"Unity of Objectives" principle states that there should be**
**''उद्देश्यों की एकता'' सिद्धान्त कहता है कि निम्नलिखित होना चाहिये :**
(a) Only one objective/ केवल एक उद्देश्य
(b) Pre-determined objectives/ पूर्व-निर्धारित उद्देश्य
(c) Coordination among objectives
उद्देश्यों के मध्य समन्वय
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** उद्देश्यों की एकता के सिद्धान्त का प्रतिपादन हेनरी फेयोल ने किया है। यह सिद्धान्त बताता है कि संस्था के उद्देश्यों तथा कर्मचारियों व प्रबन्धकों के उद्देश्यों के मध्य समन्वय होना चाहिए।

24. **The concept of M.B.O. originally came from**
**एम बी ओ की अवधारणा मूलतः किसने दी है :**
(a) F.W. Taylor/ एफ.डब्लू.टेलर
(b) A.H. Maslow/ ए.एच.मैस्लो
(c) Henry Fayol/ हैनरी फेयोल
(d) Peter F. Drucker/ पीटर एफ.ड्रकर

**Ans. (d) :** उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध (MBO-Management By Object) के सिद्धान्त का प्रतिपादन वर्ष 1954 में पीटर.एफ.ड्रकर महोदय ने अपनी पुस्तक "Practice of Management" में किया था।

25. **Which one is the most important principle of Business Ethics?**
**व्यावसायिक नैतिकता का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त निम्नांकित में से कौन सा है?**
(a) Principle of unity of direction
निर्देशन की एकता का सिद्धान्त
(b) Principle of proportional judgement
आनुपातिक निर्णय का सिद्धान्त
(c) Principle of scalar chain
सोपान शृंखला का सिद्धान्त
(d) Principle of span of control
नियन्त्रण के विस्तार का सिद्धान्त

**Ans. (b) :** व्यावसायिक नैतिकता का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धान्त आनुपातिक निर्णय का सिद्धान्त है।

26. **Match the following statements with their authors**
**निम्नलिखित कथनों का उनके लेखकों के साथ मिलान कीजिये :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | "Marketing is the delivery of standard of living." "समाज को जीवन-स्तर प्रदान करना ही विपणन है।" | (i) | Peter F. Drucker पीटर एफ. ड्रकर |
| (B) | "Marketing comprises both buying and selling activities."/ "विपणन में क्रय एवं विक्रय दोनों ही क्रियाएँ सम्मिलित होती हैं।" | (ii) | Philip Kotler/ फिलिप कोटलर |
| (C) | "Marketing is human activity directed at satisfying needs and wants through exchange process."/ "विपणन वह मानवीय क्रिया है जो विनिमय प्रक्रियाओं के द्वारा आवश्यकताओं एवं इच्छाओं की संतुष्टि के लिये की जाती है।" | (iii) | Paul Mazur/ पॉल मजूर |
| (D) | "Marketing is a process which converts a resource, distinct knowledge into a contribution of economic value in the market place."/ "विपणन एक प्रक्रिया है जो किसी संसाधन एवं विशिष्ट ज्ञान को बाजार स्थान पर आर्थिक मूल्य वाले योगदान में परिवर्तित करती है।" | (iv) | Pyle/ पायले |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (b) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (c) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (d) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**Ans. (c) :**

| | परिभाषा/कथन | | लेखक/विद्धान |
|---|---|---|---|
| A. | "समाज को जीवन-स्तर प्रदान करना ही विपणन है।" | iii. | पॉल मजूर |
| B. | "विपणन में क्रय एवं विक्रय दोनों ही क्रियाएँ सम्मिलित होती हैं।" | iv. | पायले |
| C. | "विपणन वह मानवीय क्रिया है जो विनिमय प्रक्रियाओं के द्वारा आवश्यकताओं एवं इच्छाओं की संतुष्टि के लिये की जाती है।" | ii. | फिलिप कोटलर |
| D. | "विपणन एक प्रक्रिया है जो किसी संसाधन एवं विशिष्ट ज्ञान को बाजार स्थान पर आर्थिक मूल्य वाले योगदान में परिवर्तित करती है।" | i. | पीटर एफ. ड्रकर |

**27. Which one of the following is not the mode of Direct Distribution System?/ निम्नलिखित में से कौन सा प्रत्यक्ष वितरण प्रणाली का तरीका नहीं है?**

(a) Trading mediators/कारोबारी मध्यस्थ
(b) Vending machines/विक्रय मशीन
(c) Own sales depot/उत्पादक के अपने विक्रय भण्डार
(d) Franchise shops/विशेषाधिकार दुकानें

**Ans. (a) :** सामान्यतः प्रत्यक्ष वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वस्तुएँ उत्पादक से सीधे, बिना किसी मध्यस्थ के उपभोक्ता तक पहुँचती है। प्रत्यक्ष वितरण प्रणाली के अन्तर्गत निम्नलिखित तरीकों को अपनाया जाता है–

i. विक्रय मशीन
ii. उत्पादक के अपने विक्रय भण्डार
iii. विशेषाधिकार दुकानें इत्यादि

जबकि कारोबारी मध्यस्थ प्रत्यक्ष वितरण प्रणाली का तरीका नही है।

**28. Which one of the following is matched correctly?**
**निम्नांकित में से कौन सा सुमेलित है :**

(a) Consumer Promotion – Sales Meetings
उपभोक्ता संवर्द्धन – विक्रय सभाएँ
(b) Dealer Promotion – Display Allowance
व्यापारी संवर्द्धन – सजावट भत्ता
(c) Internal Sales Promition – Free Samples
आन्तरिक विक्रय संवर्द्धन – निशुल्क नमूने
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** दिए गए तथ्यों में व्यापारी संवर्द्धन का सजावट भत्ता से मिलान सुमेलित है। ऐसा इसलिए क्योंकि व्यापारियों के संवर्द्धन के लिए उत्पादक द्वारा सजावट भत्ता का भुगतान किया जाता है।

**29.** **Statement (A) :** "The Electronic Media has a strong impact on consumers' behaviour in India."
**Reason (R) :** "Most of the Indian consumers take their decision with the help of Electronic Media."
**अभिकथन (A) :** भारत में उपभोक्ता व्यवहार के ऊपर इलेक्ट्रोनिक माध्यक का अत्याधिक प्रभाव है।
**तर्क (R) :** अधिकांश भारतीय उपभोक्ता अपना निर्णय इलेक्ट्रॉनिक माध्यक की मदद से लेते हैं।
(a) Statement (A) is correct, but Reason (R) is false/ (A) सही है परन्तु (R) मिथ्या है।
(b) Reason (R) is correct, but Statement (A) is false/ (R) सही है परन्तु (A) मिथ्या है।
(c) Both Statement (A) and Reason (R) are false (A) और (R) दोनों मिथ्या है।
(d) Both Statement (A) and Reason (R) are correct/ (A) और (R) दोनों सही है।

**Ans. (d) :** दिया गया अभिकथन (A) कि भारत में उपभोक्ता व्यवहार के ऊपर इलेक्ट्रोनिक माध्यक का अत्याधिक प्रभाव है, सही है। साथ ही तर्क (R) कि अधिकांश भारतीय उपभोक्ता अपना निर्णय इलेक्ट्रॉनिक माध्यक की मदद से लेते हैं, भी सही है।

**30.** **Road blocking advertisement is**
**रास्ता रोको विज्ञापन है :**
(a) Advertising a product by blocking a road
रास्ता रोक कर उत्पाद का विज्ञापन करना।
(b) Putting an advertisement on a blocked road
बंद रास्ते पर विज्ञापन लगाना।
(c) A technique of gathering potential customers on the road/ संभाव्य ग्राहकों को रास्ते पर एकत्रित करने की तकनीक।
(d) Advertising a product on all similar TV/Radio channels at the same time
एक ही समय पर सभी एक समान टी वी / रेडियो माध्यमों पर उत्पाद का विज्ञापन प्रसारित करना।

**Ans. (d) :** जब किसी उत्पादक द्वारा अपने उत्पादों के विज्ञापन के लिए एक ही साथ कई माध्यमों जैसे-रेडियो, टीवी, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, सोसल मीडिया का प्रयोग करके विज्ञापन को प्रसारित किया जाता है, तो इस विधि को रास्ता रोको विज्ञापन के रूप में जाना जाता है।

**31.** **Read the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और :**
(i) "Working Capital is the amount of funds necessary to cover the cost of operating the enterprise."
कार्यशील पूँजी उपक्रम के परिचालन की लागत को पूरा करने के लिये आवश्यक धन की राशि है।
(ii) "Circulating capital means current assets of a company that are changed in the ordinary course of business from one form to another."/ प्रचलनशील पूँजी का आशय कम्पनी की चालू सम्पत्तियों से है जो व्यवसाय के दौरान एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित हो जाती है।
(a) (i) and (ii) both are correct
(i) और (ii) दोनों सही हैं।
(b) (i) and (ii) both are false
(i) और (ii) दोनों मिथ्या हैं।
(c) (i) is correct, but (ii) is false
(i) सही है परन्तु (ii) मिथ्या है।
(d) (i) is false, but (ii) is correct
(i) मिथ्या है परन्तु (ii) सही है।

**Ans. (a) :** दिए गए कथनों का सही रूप इस प्रकार है–
**कथन i :** कार्यशील पूँजी उपक्रम के परिचालन की लागत को पूरा करने के लिये आवश्यक धन की राशि है।
**कथन ii :** प्रचलनशील पूँजी का आशय कम्पनी की चालू सम्पत्तियों से है जो व्यवसाय के दौरान एक रूप से दूसरे रूप में परिवर्तित हो जाती है।
स्पष्ट है कि दिये गये दोनों कथन सही है।

**32.** **Examine the following statements :**
**निम्नांकित कथनों का परीक्षण करें :**
(i) Pay Back Period method measures the true profitability of a project/ पुर्नभुगतान अवधि विधि परियोजना की सही लाभदायकता का माप करती है।
(ii) Capital Rationing and Capital Budgeting mean the same thing/ पूँजी राशनिंग और पूँजी बजटन दोनों का अर्थ एक ही है।
(iii) Internal Rate of Return and Time Adjusted Rate of Return are the same thing
आन्तरिक प्रत्याय दर और समय समायोजित प्रत्याय दर एक ही है।
(iv) Rate of Return Method takes into account the time value of money/ प्रत्याय दर विधि मुद्रा के समय मूल्य को ध्यान में रखती है।
(a) (i), (ii) and (iii) are correct
(i), (ii) और (iii) सही हैं।
(b) (ii) and (iii) are correct/ (ii) और (iii) सही हैं।
(c) Only (iii) is correct/ केवल (iii) सही हैं।
(d) All (i), (ii), (iii) and (iv) are false
(i), (ii), (iii) और (iv) सभी मिथ्या है।

**Ans. (c) :** दिये गये कथनों का सही रूप इस प्रकार है–
i. पुनर्भुगतान अवधि विधि परियोजना की लाभदायकता का सही माप नही कर पाती क्योंकि समय तत्व को ध्यान में नही रखा जाता है।
ii. पूँजी राशनिंग तथा पूँजी बजटन दोनों एक-दूसरे से भिन्न है।

iii. आन्तरिक प्रत्याय दर और समय समायोजित प्रत्याय दर एक ही है।
iv. प्रत्याय दर विधि मुद्रा के समय मूल्य तत्व को ध्यान में नही रखती है।
स्पष्टतः प्रश्न में दिया गया केवल कथन (iii) ही सही है।

**33. Which one of the following is correct?**
**निम्नांकित में से कौन सा सही है :**

(i) A ratio is an arithmetical relationship of one number to another number/ अनुपात एक संख्या का दूसरी संख्या से गणितीय सम्बन्ध होता है।
(ii) Liquid ratio is also known as acid test ratio
तरल अनुपात को अम्ल परीक्षण अनुपात के नाम से भी जाना जाता है।
(iii) Rule of thumb for current ratio is 2 : 1
चालू अनुपात के लिये स्थापित नियम 2 : 1 है।
(iv) Debt equity ratio is the relationship between outsiders' fund and shareholders' fund
ऋण समता अनुपात बाह्य कोष और अंशधारकों के कोष के बीच सम्बन्ध है।

(a) All (i), (ii), (iii) and (iv) are correct
(i), (ii), (iii) और (iv) सभी सही हैं।
(b) Only (i), (ii) and (iii) are correct
केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं।
(c) Only (ii), (iii) and (iv) are correct
केवल (ii), (iii) और (iv) सही हैं।
(d) Only (ii) and (iii) are correct
केवल (ii) और (iii) सही हैं।

**Ans. (a) :** दिये गये कथनों का सही रूप इस प्रकार है–
**कथन i :** अनुपात एक संख्या का दूसरी संख्या से गणितीय सम्बन्ध होता है।
**कथन ii :** तरल अनुपात को अम्ल परीक्षण अनुपात के नाम से भी जाना जाता है।
**कथन iii :** चालू अनुपात के लिये स्थापित नियम 2 : 1 है।
**कथन iv :** ऋण समता अनुपात बाह्य कोष और अंशधारकों के कोष के बीच सम्बन्ध है।

**34. The basic objective of Financial Management is**
**वित्तीय प्रबन्धन का मूलभूत उद्देश्य है :**

(a) Maximization of profits
लाभों का अधिकतमीकरण
(b) Profit Planning of the organization
संगठन का लाभ नियोजन
(c) Maximization of shareholders' wealth
अंशधारियों की सम्पदा का अधिकतमीकरण
(d) Ensuring financial discipline in the organization
संगठन में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करना

**Ans. (c) :** वित्तीय प्रबन्धन का मूलभूत उद्देश्य अंशधारियों की सम्पदा का अधिकतमीकरण करना होता है। इसके अन्तर्गत लाभ तत्व, जोखिम तत्व, एवं अंशधारियों के मूल्य के अधिकतमीकरण के मध्य सांमजस्य स्थापित किया जाता है।

**35. Which of the following term is used to represent the proportionate relationship between debt and equity?/ ऋण और समता के बीच आनुपातिक सम्बन्ध निरुपित करने के लिये निम्नांकित में से किस पद का उपयोग किया जाता है?**

(a) Cost of Capital/ पूँजी की लागत
(b) Capital Budgeting/ पूँजी बजटन
(c) Assets Structure/ सम्पत्तियों का ढ़ाँचा
(d) Capital Structure/ पूँजी का ढ़ाँचा

**Ans. (d) :** पूँजी ढाँचा के अन्तर्गत संस्था में प्रयुक्त ऋण एवं समता पूँजी के बीच आनुपातिक सम्बन्ध को निरूपित करने का प्रयास किया जाता है।

**36. HRM is amalgam of**
**HRM (एच.आर.एम.) निम्नलिखित का मिश्रण है :**

(a) Job analysis, recruitment and selection
कार्य विश्लेषण, भरती और चयन
(b) Social behaviour and business ethics
सामाजिक व्यवहार और व्यावसायिक नैतिकता
(c) Organizational behaviour, personnel management and industrial relation
संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक प्रबन्ध और औद्योगिक प्रबन्ध
(d) Employer and employees
नियोक्ता और कर्मचारी (नियुक्त)

**Ans. (c) :** मानव संसाधन प्रबन्ध (HRM-Human Resource Management) संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक प्रबन्ध और औद्योगिक प्रबन्ध का समिश्रण होता है। इसके अन्तर्गत मुख्यतः मानव संसाधन का ही प्रबन्धन व नियन्त्रण किया जाता है।

**37. Recruitment is concerned with the process of**
**भर्ती का सरोकार निम्नलिखित की प्रक्रिया के साथ होता है :**

(a) Selection of right candidate
सही अभ्यर्थी का चयन
(b) Developing a pool of potential employees
संभाव्य कर्मचारियों का समूह तैयार करना
(c) Inviting applications for jobs
कार्य (नौकरी) के लिये आवेदन आमन्त्रित करना
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** सामान्यतः भर्ती, प्रत्याशित कर्मचारियों की खोज एवं उन्हें संगठन में आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने की प्रक्रिया से है। दूसरे शब्दों में संभाव्य कर्मचारियों के समूह को कार्य करने के लिए तैयार करने की प्रक्रिया को ही भर्ती कहते है। भर्ती एक सकारात्मक प्रक्रिया होती है जबकि चयन एक नकारात्मक (Negative) प्रक्रिया होती है।

**38. The mechanism to identify employees growth potentials is done through/ कर्मचारियों की विकास सम्भाव्यता की पहचान किसके जरिये की जाती है :**

(a) Job enrichment/ कार्य संवर्धन

(b) Job evaluation/ कार्य मूल्यांकन

(c) Job assessment centre/ कार्य मूल्यांकन केन्द्र

(d) Position description/ पदस्थिति का विवरण

**Ans. (a) :** कार्य संवर्धन के माध्यम से कर्मचारियों की विकास सम्भाव्यता की पहचान की जाती है।

**39. An interview conducted at the time of an employee leaving the organization is called संगठन को छोड़ते समय कर्मचारी का किया गया साक्षात्कार कहलाता है :**

(a) Exit interview/ बिदाई अथवा प्रस्थान साक्षात्कार

(b) Feedback interview/ प्रतिपुष्ठि साक्षात्कार

(c) Convincing interview/ विश्वासोत्पादक साक्षात्कार

(d) Directed interview/ निर्देशित साक्षात्कार

**Ans. (a) :** संगठन को छोड़ने के दौरान कर्मचारी का किया गया साक्षात्कार विदाई अथवा प्रस्थान साक्षात्कार कहलाता है। इस साक्षात्कार के दौरान कर्मचारी संगठन में प्राप्त हुए अपने अनुभव एवं ज्ञान को हस्तान्तरित एवं साझा करता है।

**40. Statement (A) :** A Manager delegates authority.
**Reason (R) :** The Manager wants to shirk his responsibility.
**अभिकथन (A) :** प्रबन्धक सत्ता अथवा अधिकार देता है।
**तर्क (R) :** प्रबन्धक अपनी जिम्मेदारी से जी चुराता है।

(a) Both Statement (A) and Reason (R) are correct/ (A) और (R) दोनों सही हैं।

(b) Both Statement (A) and Reason (R) are false (A) और (R) दोनों मिथ्या हैं।

(c) Statement (A) is correct, but Reason (R) s false/ (A) सही है परन्तु (R) मिथ्या है।

(d) Statement (A) is false, but Reason (R) is correct/ (A) मिथ्या है परन्तु (R) सत्य है।

**Ans. (c) :** दिया गया अभिकथन (A) कि प्रबन्धक सत्ता अथवा अधिकार देता है, सही है, साथ ही उत्तरदायित्वों का निर्वहन भी करती है।
जबकि तर्क (R) कि प्रबन्धक अपनी जिम्मेदारी से जी चुराता है, सही नही है, क्योंकि प्रबन्धक ही मुख्य जिम्मेदारी का वाहक होता है।
स्पष्ट है कि कथन सही है जबकि तर्क गलत है।

**41. Match the following/निम्नांकित का मिलान करें :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Unit Trust of India भारतीय यूनिट ट्रस्ट | (i) | 1921 |
| (B) | Banking Regulation Act/ बैंकिंग नियमन अधिनियम | (ii) | 1949 |
| (C) | Imperial Bank of India/ भारतीय इम्पीरियल बैंक | (iii) | 1964 |
| (D) | NABARD नाबार्ड (एन ए बी ए आर डी) | (iv) | 1982 |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (b) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (c) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (d) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**Ans. (d) :**

| | संस्था | | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|---|
| a. | भारतीय यूनिट ट्रस्ट | iii. | 1964 |
| b. | बैंकिंग नियमन अधिनियम | ii. | 1949 |
| c. | भारतीय इम्पीरियल बैंक | i. | 1921 |
| d. | नाबार्ड (एन ए बी ए आर डी) | iv. | 1982 |

**42. Capital Adequacy Norms declared in the year, 1996, is applicable to/ वर्ष 1996 में घोषित पूँजी पर्याप्तता मानदंड निम्नलिखित पर लागू होते हैं :**

(a) Foreign Banks/ विदेशी बैंक

(b) Co-operative Banks/ कॉ-ऑपरेटीव बैंक

(c) Private Sector Banks/ निजी क्षेत्र के बैंक

(d) Nationalized Bank/ राष्ट्रीय कृत बैंक

**Ans. (d) :** वर्ष 1996 में घोषित पूँजी पर्याप्तता मानदंड राष्ट्रीयकृत बैंकों पर ही लागू होते है, ये मानदण्ड गैर-राष्ट्रीयकृत या विदेशी बैंकों पर लागू नही होते है। साथ ही निजी क्षेत्र के या को-आपरेटिव बैंकों पर भी लागू नही होता।

**43. Which one of the following is used for International Money Transfer?**
**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा अंतरण के लिये निम्नांकित में से कौन सा उपयोग किया जाता है :**

(a) RTGS

(b) NEFT

(c) SWIFT

(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा हस्तान्तरण के लिए SWIFT का प्रयोग किया जाता है। इसका पूरा रूप SWIFT-Society for Worldwide Interbank Financial Telecommunication है। यह विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय मैसेजिंग सिस्टम है।

**44. In order to control credit and investment, the Central Bank of a country should**
**केन्द्रीय बैंक को ऋण तथा निवेश को नियन्त्रित करने के लिये निम्नांकित करना चाहिये :**

(a) Sell securities in the open market and hike the Cash Reserve Ratio/ खुले बाजार में प्रतिभूतियां बेचे और नकद कोष अनुपात को बढ़ाए।
(b) Buy securities from the open market and lower the Cash Reserve Ratio/ खुले बाजार से प्रतिभूतियां खरीदे और नकद कोष अनुपात कम करे।
(c) Buy securities from the open market and hike the Cash Reserve Ratio/ खुले बाजार से प्रतिभूतियां खरीदे और नकद कोष अनुपात बढ़ाये।
(d) Sell securities in the open market and lower the Cash Reserve Ratio/ खुले बाजार में प्रतिभूतियां बेचे और नकद कोष अनुपात कम करे।

**Ans. (a) :** केन्द्रीय बैंक द्वारा ऋण तथा निवेश को नियन्त्रित करने के लिए खुले बाजार में प्रतिभूतियों को बेचे और नकद कोष अनुपात को बढ़ाए जाते है।

**45. India has been witnessing high rate of inflation because/ भारत में मुद्रा स्फीति की उच्च दर देखने को मिल रही है क्योंकि**

(a) Public expenditure and money supply both are continuously increasing/ सार्वजनिक व्यय और मुद्रा आपूर्ति दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है।
(b) The agricultural and industrial sectors have not performed adequately/ कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों ने यथेष्ट निष्पादन नहीं किया।
(c) Both agricultural and administered prices have been hiked
कृषिगत और शासित कीमतें दोनों ही बढ़ गई हैं।
(d) All of the above/ उपर्युक्त सभी।

**Ans. (d) :** भारत में मुद्रा स्फीति उच्च दर पर देखने को मिल रही है, क्योंकि–
i. सार्वजनिक व्यय और मुद्रा आपूर्ति दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है।
ii. कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में यथेष्ट निष्पादन नही किया।
iii. कृषिगत और शाषित कीमतों दोनों ही बढ़ गयी है।
स्पष्ट है कि सभी विकल्प सही है।

**46. In India ______ has a pre-dominant share in the debt market/ भारत में ऋण बाजार में निम्नांकित का प्रमुख हिस्सा होता है :**

(a) Government Securities/ सरकारी प्रतिभूतियां
(b) Corporate Deposits/ कॉरपोरेट निक्षेप
(c) Corporate Equities/ कॉरपोरेट इक्विटीस
(d) Global Depository Receipts
वैश्विक निक्षेपागार पावतियां

**Ans. (a) :** भारत में ऋण बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों का हिस्सा सबसे प्रमुख या अधिक होता है।

**47. Which type of elasticity plays a crucial role in determining international trade?**
**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निर्धारित करने में कौन से प्रकार की लोच अहम्: भूमिका अदा करती है :**

(a) Elasticity of demand/ मांग की लोच
(b) Price elasticity of demand/मांग की कीमत लोच
(c) Income elasticity of demand/मांग की आय लोच
(d) Cross elasticity of demand/मांग की प्रति लोच

**Ans. (b) :** माँग की कीमत लोच अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। मांग की कीमत लोच कीमत में होने वाले परिवर्तन की दिशा का निर्धारण करती है।

**48. DFEC stands for/ DFEC का अभिप्राय है :**

(a) Direct Foreign Exchange Control
डायरेक्ट फौरन एक्सचेंज कंट्रोल
(b) Direct Finance Exchange Control
डायरेक्ट फाइनेंस एक्सचेंज कंट्रोल
(c) Duty Free Export Credit
ड्यूटी फ्री एक्सपोर्ट क्रेडिट
(d) Duty Free Exchange Credit
ड्यूटी फ्री एक्सचेंज क्रेडिट

**Ans. (c) :** DFEC का तात्पर्य ड्यूटी फ्री एक्सपोर्ट क्रेडिट होती है।
DFEC = Duty Free Export Credit.

**49. Suppose a Canadian firm imports bananas of $ 1000 and sells them for $ 2000. The effect on GDP would be/ मानलो कि कनेडियन फर्म 1000 डालर के केले आयात करती है; और 2000 डालर में उन्हें बेचती है। जी डी पी पर प्रभाव निम्नलिखित होगा:**

(a) The GDP will decrease by $ 3000
जी डी पी 3000 डालर से कम हो जायेगी।
(b) The GDP will increase by $ 3000
जी डी पी 3000 डालर से बढ़ जायेगी।
(c) The GDP will increase by $ 2000
जी डी पी 2000 डालर से बढ़ जायेगी।
(d) The GDP will increase by $ 1000
जी डी पी 1000 डालर से बढ़ जायेगी।

**Ans. (d) :** यदि कनेडियन फर्म 1000 डॉलर के केले का आयात करती है और 2000 डॉलर में उन्हें बेचती है, तो उसके GDP में (जीडीपी) में 1000 डॉलर की वृद्धि होगी।

**50. In independent India, the first major foreign exchange crisis occurred in the year _____.**
**स्वतन्त्र भारत में, प्रथम बड़ा विदेशी विनिमय संकट निम्नलिखित वर्ष में उत्पन्न हुआ था :**

(a) 1955 (b) 1956
(c) 1969 (d) 1991

**Ans. (b) :** स्वतन्त्र भारत में, प्रथम बड़ा विदेशी विनिमय संकट वर्ष 1956 में उत्पन्न हुआ था। तत्कालीन प्रभावी रूप में द्वितीय पंचवर्षीय योजना लागू थी।

# यू.जी.सी. नेट परीक्षा दिसम्बर-2011
# वाणिज्य
## द्वितीय प्रश्न पत्र
## विश्लेषण सहित व्याख्या

**समय : 2 घण्टा.** **[पूर्णाङ्क : 200**

**1. By which Act, the government checks restrictive trade practices?**
**प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं को सरकार किस अधिनियम के द्वारा रोकती अथवा नियन्त्रित करती है?**
(a) FEMA-1999/फेमा (एफ.इ.एम.ए) – 1999
(b) Consumer Protection Act, 1986
उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986
(c) Industrial Policy Act, 1991
औद्योगिक नीति अधिनियम, 1991
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** फेमा–1999 (FEMA-The Foreign Exchange Management Act - 1999) अर्थात – विदेशी मुद्रा प्रबन्धन अधिनियम – 1999 के माध्यम से सरकार प्रतिबन्धात्मक व्यापार प्रथाओं को रोकती व नियन्त्रित करती है।
आर्थिक सुधारो तथा उदारीकृत परिदृश्य के प्रकाश में फेरा – 1973 को एक नए अधिनियम फेमा – 1999 द्वारा प्रतिस्थापित किया है।
फेमा का मुख्य उद्देश्य विदेशी व्यापार व भुगतानों को आसान बनाना तथा विदेशी मुद्रा बाजार का अनुरक्षण एवं संवर्धन करना है।

**2. In which year the new Industrial Policy was announced?**
**नई औद्योगिक नीति की घोषणा किस वर्ष की गई थी?**
(a) 1997 (b) 1951
(c) 1991 (d) 1998

**Ans. (c) :** वर्ष 1991 में नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद विभिन्न प्रकार के नियन्त्रणों को समाप्त करने का एक व्यापक कार्यक्रम शुरू किया गया। अधिकतर वस्तुओं के लिए औद्योगिक लाइसेंस लेने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया।
नई औद्योगिक नीति से पूर्व भारत में विदेशी निवेश या नई तकनीकि को भारत में लाने से पहले भारत सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य था।

**3. The Narasimham Committee made separate recommendations for the reforms of _______**
**निम्नलिखित के सुधार हेतु नरसिम्हाम समिति ने पृथक सिफारिशें की :**
(a) Manufacturing sector/विनिर्माण क्षेत्र
(b) Banking sector/बैंकिंग क्षेत्र
(c) Agriculture sector/कृषि क्षेत्र
(d) Insurance Sector/बीमा क्षेत्र

**Ans. (b) :** भारतीय अर्थव्यवस्था में 1991 के आर्थिक संकट के उपरान्त बैंकिग क्षेत्र में सुधार के दृष्टिकोण से जून, 1991 में आरबीआई के पूर्व गवर्नर एम. नरसिंघम की अध्यक्षता में नरसिंघम समिति अथवा वित्तीय क्षेत्रीय सुधार समिति की स्थापना की गई, जिसने अपनी संस्तुति दिसंबर, 1991 में प्रस्तुत की।

**4. Assertion (A) :** Disinvestment tends to arouse opposition from employees.
**Reason (R) :** It may increase the cost of Production.
**अभिकथन (A) :** विनिवेश से कर्मचारियों में विरोध की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है।
**तर्क (R) :** यह उत्पादन की लागत में वृद्धि कर सकती है।
(a) Both (A) and (R) are true
(A) और (R) दोनों सत्य हैं।
(b) (A) is true, but (R) is false
(A) सत्य है, परन्तु (R) मिथ्या है।
(c) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों मिथ्या हैं।
(d) (A) is false, but (R) is true
(A) मिथ्या है, परन्तु (R) सत्य हैं।

**Ans. (b) :** साधारण शब्दों में– सार्वजनिक उपक्रमों में सरकारी हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया को विनिवेश (Disinvestment) कहते है। विनिवेश का विचार आर्थिक उदारीकरण प्रक्रिया के बाद सामने आया जिसके बाद सरकार ने घाटे वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों और उपक्रमों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाना शुरू कर दिया।
दिया गया अभिकथन (A) की विनिवेश से कर्मचारियों में विरोध की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है, सही प्रतीत होता है, क्योंकि इससे विनिवेश में सरकारी हिस्सेदारी बेच दिये जाने के फलस्वरूप कर्मचारियों की छँटनी कर दी जाती है।
तथा कारण (R) कि यह उत्पादन लागत में वृद्धि करता है, सही नही है, क्योंकि लागत अधिक होने व हानि होने के कारण ही विनिवेश को अपनाया जाता है।
स्पष्ट है कि अभिकथन (A) सही है जबकि कारण (R) सही नही है।

**5. Match the following :**
**निम्नलिखित का मिलान करें :**

| | Books/पुस्तक | | Authors/लेखक |
|---|---|---|---|
| a. | India and Economic Reforms/इंडिया एण्ड इकोनोमिक रिफोर्म्स | i. | Bhagwati. J. जे. भगवती |

| | | | |
|---|---|---|---|
| b. | Development planning : The Indian Experience/डेवलेपमेंट प्लैनिंग : दी इंडियन एक्सपीरियंस | ii. | Chakravarty. S. एस. चक्रवर्ती |
| c. | India : Economic Development and Social Opportunity/इंडिया इकोनोमिक डेवलेपमेंट एण्ड सोशल ऑपर्च्यूनिटि | iii. | Drenz, J and Amartya Sen जे. ड्रेन्ज तथा अमर्त्य सेन |
| d. | Fiscal Policy of Underdeveloped countries/फिसकल पॉलिसी ऑफ अण्डर डेवलेपमेंट कंट्रीस | iv. | Chelliah, R.J. आर. जे. चैलिया |

**Codes/कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iii | iv |
| (b) | ii | iii | iv | i |
| (c) | iii | iv | ii | i |
| (d) | i | iv | iii | ii |

**Ans. (a) :**

| | पुस्तक | | लेखक |
|---|---|---|---|
| (a) | इंडिया एण्ड इकोनोमिक रिफोर्म्स | (i) | जे. भगवती |
| (b) | डेवलेपमेंट प्लैनिंग : दी इंडियन एक्सपीरियंस | (ii) | सुखामय चक्रवर्ती |
| (c) | इंडिया इकोनोमिक डेवलेपमेंट एण्ड सोशल ऑपर्च्यूनिटि | (iii) | जे. ड्रेन्ज तथा अमर्त्य सेन |
| (d) | फिसकल पॉलिसी ऑफ अण्डर डेवलेपमेंट कंट्रीस | (iv) | आर. जे. चैलिया |

**6. Which of the following accounting equations is not correct?**
**निम्नांकित में से कौन सा लेखांकन समीकरण सही नहीं है?**

(a) Assets – Liabilities = Equity
परिसम्पत्तियाँ – दायित्व = समता

(b) Assets – Equity = Liability
परिसम्पत्तियाँ – समता = दायित्व

(c) Assets + Liabilities = Equity
परिसम्पत्तियाँ + दायित्व = समता

(d) Liabilities + Equity = Assets
दायित्व + समता = परिसम्पत्तियाँ

**Ans. (c) :** लेखांकन की द्विपक्ष अवधारणा के अनुसार सम्पत्तियों (Assets) का मूल्य दायित्वों व समता मूल्य के योग के बराबर होता है। अर्थात्–

सम्पत्तियाँ = दायित्व + समता
या, सम्पत्तियाँ – दायित्व = समता
या, सम्पत्तियाँ – समता = दायित्व

**7. Which one of the following statements is correct?**
**निम्नांकित कथनों में से कौन सा सही है?**

(a) Increases in liabilities are credits and decreases are debits
दायित्वों में वृद्धि जमा है और कमियाँ उधार हैं।

(b) Increases in assets are credits and decreases are debits
परिसम्पत्तियों में वृद्धि जमा है और कमियाँ उधार हैं।

(c) Increases in capital are debits and decreases are credits
पूँजी में वृद्धि उधार है और कमियाँ जमा है।

(d) Increases in expenses are credits and decreases are debits
व्यय में वृद्धि जमा है और कमी उधार है।

**Ans. (a) :** लेखांकन की आधारभूत नियम के अनुसार व्यक्तिगत खातों के सम्बन्ध में दायित्वों में वृद्धि को क्रेडिट तथा कमी को डेबिट किया जाता है।

**8. A and B are partners in a firm sharing profit and loss in the ratio of 3 : 2. They admit C into partnership for 1/4 share and the new ratio between A and B is 2 : 1. The sacrificing ratio is**
**एक फर्म में A और B साझेदार हैं, वो 3 : 2 के अनुपात में लाभ तथा हानि को बांटते हैं। फिर C को 1/4 के हिस्से के लिए साझेदारी में सम्मिलित किया जाता है और A और B के बीच नया अनुपात 2 : 1 होगा। दोनों के मध्य त्याग अनुपात है**

(a) 1 : 1
(b) 2 : 1
(c) 3 : 1
(d) 2 : 3

**Ans. (b) :** A, B का पुराना लाभा-लाभ अनुपात = 3 : 2
नये साझेदार C का भाग = 1/4
A, B का नया लाभ - अनुपात = 2 : 1
**Note**–त्याग अनुपात की गणना के लिए पुराने लाभ अनुपात में से नये लाभा-लाभ अनुपात को घटा देते है। इस प्रकार,

A, B के लिए शेष लाभ $=1-\frac{1}{4}=\frac{3}{4}$

शेष लाभ में A का भाग $=\frac{3}{4}\times\frac{3}{5}=\frac{9}{20}$

शेष लाभ में B का भाग $=\frac{3}{4}\times\frac{2}{5}=\frac{6}{20}$

नया लाभ अनुपात $=\frac{9}{20}:\frac{6}{20}:\frac{1}{4}=\frac{9}{20}:\frac{6}{20}:\frac{5}{20}$

तो, A का त्याग अनुपात $= \frac{3}{5} - \frac{9}{20} = \frac{60-45}{100} = \frac{15}{100}$

B का त्याग अनुपात $= \frac{2}{5} - \frac{6}{20} = \frac{40-30}{100} = \frac{10}{100}$

अतः A, B का त्याग अनुपात $= \frac{15}{100} : \frac{10}{100} = 2 : 1$

**9. Arrange the following liabilities in the order of company balance sheet.**
**निम्नांकित दायित्वों को कम्पनी के चिट्ठे के क्रमानुसार व्यवस्थित करें:**

(i) Bank Overdraft/बैंक अधिविकर्ष
(ii) Bank Loan/बैंक ऋण
(iii) Share Capital/अंश पूँजी
(iv) Provision for Taxation/करारोपण के लिये प्रावधान

(a) i, ii, iii, iv (b) iv, iii, ii, i
(c) iii, ii, i, iv (d) iii, ii, iv, i

**Ans. (d) :** लेखांकन की स्थापित्व अवधारणा के अनुसार चिट्ठे में दायित्वों को निम्नलिखित क्रम में दर्शाते है–
अंश पूँजी $\rightarrow$ बैंक ऋण $\rightarrow$ करारोपण के लिए प्रावधान $\Rightarrow$ बैंक अधिविकर्ष।
स्पष्टतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**10. Intrinsic value of a share is given by**
**अंश का आन्तरिक मूल्य निम्नलिखित के द्वारा दिया जाता है :**

(a) $\frac{\text{Total net assets}}{\text{No. of shares}} / \frac{\text{कुल शुद्ध सम्पत्तियाँ}}{\text{अंशों की संख्या}}$

(b) $\frac{\text{Total assets}}{\text{No. of shares}} / \frac{\text{कुल सम्पत्तियाँ}}{\text{अंशों की संख्या}}$

(c) $\frac{\text{Share capital}}{\text{No. of shares}} / \frac{\text{अंश पूँजी}}{\text{अंशों की संख्या}}$

(d) $\frac{\text{Market capitalisation}}{\text{No. of shares}} / \frac{\text{बाजार का पूँजीकरण}}{\text{अंशों की संख्या}}$

**Ans. (a) :** अंश के आन्तरिक मूल्यों की गणना के लिए निम्नलिखित सूत्रों का प्रयोग करते है–

अंश का आन्तरिक मूल्य $= \frac{\text{कुल शुद्ध सम्पत्तियाँ}}{\text{अंशों की संख्या}}$

**11. When demand curve is rectangular Hyperbola, the elasticity of demand will be**
**जब मांग वक्र आयताकार अतिपरिवलय है तो मांग की लोच होगी**

(a) Perfectly elastic/पूर्णतया लोचदार
(b) Unit elastic/इकाई लोचदार
(c) Perfectly inelastic/पूर्णतया बेलोचदार
(d) Highly elastic/अत्यधिक लोचदार

**Ans. (b) :** जब माँग वक्र आयताकार अतिपरिवलय (Rectangular Hyperbola) होता है, माँग की लोच इकाई लोचदार होता है।

**12. Opportunity cost is a term which describes :**
**अवसर लागत एक अवधारणा है जो निम्नलिखित का वर्णन करती है :**

(a) A bargain price for a factor of production/उत्पादन के साधन (कारक) की मोल भाव द्वारा तय की गई कीमत
(b) Cost related to an optimum level of production
उत्पादन के इष्टतम स्तर से सम्बन्धित लागत
(c) Average variable cost/औसत परिवर्ती लागत
(d) The cost of forgone opportunities
पूर्वगामी अवसरों की लागत

**Ans. (d) :** अवसर लागत एक ऐसी अवधारणा है जो व्यक्त करती है कि यह पूर्वगामी अवसरों की लागत है। दूसरे शब्दों में- किसी भी साधन को उसके वर्तमान उपयोगों में बनाए रखने के लिए उतनी न्यूनतम राशि प्रतिफल के रूप में अवश्य चुकानी होगी जितनी वह अन्य सर्वश्रेष्ठ वैकल्पिक उपयोग से अर्जित कर सकता है, यही उसकी अवसर लागत कहलायेगी। अवसर लागत को वैकल्पिक आय भी कहा जाता है।

**13. Arrange the following books in order (year) in which they appeared.**
**निम्नलिखित पुस्तकों को उनके प्रकाशन के वर्ष के अनुसार व्यवस्थित करें :**

A. Economic Theory and Operations Analysis by W.J. Baumol/इकोनोमिक्स थ्योरी एण्ड ऑपरेशन्स एनालिसिस – डब्लु. जे. बॉमोल
B. An introduction to positive Economics by R.G. Lipsey/एन इंट्रोडक्शन टू पॉजिटिव इकोनोमिक्स – आर. जी. लिप्से
C. Economics by P. Samuelson
इकोनोमिक्स – पी. सैम्यूलसन
D. Managerial Economics by Joel Dean
मैनेजेरियल इकोनोमिक्स – जॉल डीन

(a) A, B, C, D (b) D, C, A, B
(c) B, D, A, C (d) C, D, B, A

**Ans. (*) :**

| | **पुस्तक** | **लेखक** | **प्रकाशन वर्ष** |
|---|---|---|---|
| (c) | इकोनामिक्स | पी. सैम्पूलसन | वर्ष 1948 |
| (d) | मैनेजरियल इकोनामिक्स | जॉल डीन | 1 दिसंबर, 1951 |
| (b) | एन इंट्रोडक्शन टू पॉजिटिव इकोनोमिक्स | आर. जी. लिप्से | 25 मई, 1995 |
| (a) | इकोनोमिक्स थ्योरी एण्ड ऑपरेशन्स एनालिसिस | डब्लु. जे. बॉमोल | वर्ष, 1963 |

**नोट –** कोई भी विकल्प सही उत्तर नहीं है।

**14. Marginal revenue is _______ at the quantity that generates maximum total revenue and negative beyond that point.**
**सीमान्त आगम उस मात्रा पर, जो अधिकतम कुल आगम का सृजन करती है, निम्नलिखित होता है और उस बिन्दु के बाद ऋणात्मक हो जाता है :**

(a) Zero/शून्य (b) +2
(c) +1 (d) −1

**Ans. (a) :** जब सीमान्त आगम (MR) शून्य होता है तो उस दशा में कुल आगम (TR) अधिकतम होता है, बशर्ते की सीमान्त आगम ऋणात्मक न हो।

**15. Assertion (A) :** "Utility will be maximised when the marginal unit of expenditure in each direction brings the same increment of utility."
**Reason (R) :** A consumer will try to maximise his utility.
**अभिकथन (A) :** जब व्यय की सीमान्त इकाई प्रत्येक दिशा में उपयोगिता में उतनी ही वृद्धि करती है तो उपयोगिता अधिकतम हो जाती है।
**तर्क (R) :** उपभोक्ता अपनी उपयोगिता को अधिकतम करने की कोशिश करेगा।

(a) Both (A) and (R) are true
(A) और (R) दोनों सत्य हैं।
(b) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों मिथ्या हैं।
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सत्य है, परन्तु (R) मिथ्या है।
(d) (A) is false, but (R) is true
(A) मिथ्या है, परन्तु (R) सत्य है।

**Ans. (a) :** दिया गया अभिकथन (A) की जब व्यय की सीमान्त इकाई प्रत्येक दिशा में उपयोगिता में उतना ही वृद्धि करती है तो उपयोगिता अधिकतम हो जाती है, सही है। दूसरे शब्दों में व्यय की ऐसी सीमान्त इकाई जिस पर प्रत्येक स्थिति में समान उपयोगिता उत्पन्न होती हो तो वह अधिकतम उपयोगिता की स्थिति होती है। जबकि तर्क (R) की उपभोक्ता अपनी उपयोगिता को अधिकतम करने की कोशिश करता है, भी सही है। अर्थात् एक विवेकशील उपभोक्ता प्रत्येक स्थिति में अपनी उपयोगिता को अधिकतम करने का प्रयास करता है।

**16. In a predominantly illiterate area consisting of 10,000 population, data has to be collected from 10% of them. The appropriate technique for data collection would be**
**सर्वाधिक अशिक्षित क्षेत्र जिसकी आबादी 10,000 है, के 10% भाग से आंकड़े एकत्रित किये जाने हैं। आंकड़े एकत्रित करने की उपयुक्त तकनीक होगी**

(a) Questionnaire/प्रश्नावली
(b) Schedule/अनुसूची
(c) Interview/साक्षात्कार
(d) All the above/उपर्युक्त सभी

**Ans. (c) :** सर्वाधिक अशिक्षित क्षेत्र जिसकी आबादी 10,000 है, के 10% भाग से आंकड़े एकत्रित किए जाते है, तो इस प्रकार के आंकड़े एकत्रित करने की सर्वोपयुक्त विधि साक्षात्कार विधि है। अर्थात् जब समग्र के बारे में जानकारी प्राप्त करनी हो और समग्र अशिक्षित हो, तो ऐसी स्थिति में साझात्कार को अपनाना चाहिए।

**17. In a unimodal and symmetric distribution, the relationship between averages is like this.**
**एकबहुलकी और सममित वितरण में औसतों के मध्य सम्बन्ध इस प्रकार का होता है :**

(a) mean > median > mode
माध्य > माध्यिका > बहुलक
(b) mean < median < mode
माध्य < माध्यिका < बहुलक
(c) mean = median = mode
माध्य = माध्यिका = बहुलक
(d) mean > median < mode
माध्य > माध्यिका < बहुलक

**Ans. (c) :** एक बहुलकी और सममित आवृत्ति वितरण की स्थिति में माध्य, माध्यिका और बहुलक एक ही बिन्दु पर होता है, अर्थात् माध्य, माध्यिका और बहुलक का मान एक दूसरे के बराबर होता है। यथा–

माध्य = माध्यिका = बहुलक

जबकि–

धनात्मक असममित वितरण में–
माध्य > माध्यिका > बहुलक
ऋणात्मक असममित वितरण में–
माध्य < माध्यिका < बहुलक

**18. Given the following tests :**
**निम्नलिखित परीक्षण दिये होने पर**

(i) 'Z' -test/'Z'-परीक्षण
(ii) 't' -test/'t'-परीक्षण
(iii) 'F' -test/'F'-परीक्षण
(iv) '$\chi^2$' -test/'$\chi^2$' -परीक्षण

**The concept of degrees of freedom is associated with**
**स्वतन्त्रता की कोटि की अवधारणा निम्नलिखित से सम्बन्धित होती है :**

(a) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(b) (ii) and (iii)/ (ii) और (iii)
(c) (iii) and (iv)/ (iii) और (iv)
(d) (ii), (iii) and (iv)/ (ii), (iii) और (iv)

**Ans. (d) :** एक स्वतन्त्र कोटि की अवधारणा Z परीक्षण से सम्बन्धित नही होती है, अर्थात् t परीक्षण, F परीक्षण तथा $\chi^2$ परीक्षण स्वतन्त्रता की कोटि की अवधारणा से सम्बन्धित होता है।

**19. Which one of the following is not an accounting software ?**
**निम्नलिखित में से लेखांकन सॉफ्टवेयर कौन सा है?**

(a) Tally/टैली (b) Miracle/मिरेकल
(c) Profit/प्रोफिट (d) SPSS/एसपीएसएस

**Ans. (*) :** टैली व्यावसायिक लेखांकन और स्कन्ध प्रबन्धन हेतु प्रयोग किया जाने वाला एक कम्प्यूटर साफ्टवेयर है। जबकि एसपीएसएस (SPSS–Statistical Package For the Social Science) सांख्यिकी से सम्बन्धित साफ्टवेयर वर्ष 1968 में प्रथम बार लॉन्च हुआ था।

**20. E-marketing is ________**
**E-विपणन है ________**

(a) Buying and selling of goods and services through internet/इन्टरनेट के द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं का क्रय-विक्रय।
(b) Buying of goods through internet
इन्टरनेट के द्वारा वस्तुओं का क्रय।
(c) Selling of goods through internet
इन्टरनेट के द्वारा वस्तुओं का विक्रय।
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** ई-विपणन (E-Marketting or Electronic Marketting) एक ऐसी विपणन प्रणाली है, जिसके अन्तर्गत इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन वस्तुओं एवं सेवाओं का क्रय-विक्रय किया जाता है। इसके अन्तर्गत क्रय-विक्रय हेतु किसी भौतिक स्थान की आवश्यकता नही होती है।

**21. Match the items in List-I with items in List-II.**
**सूची-I की मदों का सूची-II की मदों से मिलान करें :**

| | List-I/सूची-I | | List-II/सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | Peter F. Druker/ पीटर एफ. ड्रकर | i. | M.D.O./ (एम.बी.ओ.) |
| b. | F.W. Taylor/ एफ. डब्लू. टेलर | ii. | Scientific Management/ वैज्ञानिक प्रबन्ध |
| c. | Henri J. Fayol/ हेनरी जे. फेयोल | iii. | Industrial Psychology/ औद्योगिक मनोविज्ञान |
| d. | Hugo Munsterberg/ हूगो मस्टरबर्ग | iv. | Functional Theory/ क्रियात्मक सिद्धान्त |

**Codes/कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iii | iv |
| (b) | i | ii | iv | iii |
| (c) | iv | iii | ii | i |
| (d) | iii | i | iv | ii |

**Ans. (b) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | पीटर एफ. ड्रकर | (i) | उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध (MBO) |
| (b) | एफ. डब्लू. टेलर | (ii) | वैज्ञानिक प्रबन्ध |
| (c) | हेनरी जे. फेयोल | (iv) | क्रियात्मक सिद्धान्त |
| (d) | हूगो मस्टरबर्ग | (iii) | औद्योगिक मनोविज्ञान |

**22. The main advantage of functional organization is/क्रियात्मक संगठन का प्रमुख लाभ है**

(a) Simplicity/सरलता
(b) Specialisation/विशिष्टिकरण
(c) Experience/अनुभव
(d) Authority/सत्ता

**Ans. (b) :** क्रियात्मक संगठन (Functional Organisation) की अवधारणा का विकास वैज्ञानिक प्रबन्ध के जनक एफ.डब्ल्यू टेलर महोदय ने किया था। क्रियात्मक संगठन का सबसे प्रमुख लाभ विशिष्टीकरण होता है, क्योंकि इसके अन्तर्गत कर्मचारियों में कार्यों को उनकी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार वितरित किया जाता है।

**23. Which of the following is the most democratic form of organisation ?**
**संगठन का सर्वाधिक प्रजातान्त्रिक रूप निम्नांकित में से कौन सा है?**

(a) Line/लाइन
(b) Line and Staff/लाइन तथा स्टाफ
(c) Functional/क्रियात्मक
(d) Committee/समिति

**Ans. (d) :** संगठन का सर्वाधिक प्रजातान्त्रिक रूप समिति संगठन (Committee Organisation) है। संगठन के इस प्रकार के अन्तर्गत समिति व्यक्तियों का समूह है जिन्हें कुछ प्रशासनिक कार्य सौंपे जाते है। वे उन पर स्वतन्त्र विचार-विमर्श करने के बाद सामूहिक निर्णय लेते है।

**24. Plan made in the light of a competitor's plan is known as/प्रतियोगी की योजना को मद्देनजर रखते हुए बनाई योजना क्या कहलाती है?**

(a) Policy/नीति
(b) Procedure/क्रियाविधि
(c) Strategy/व्यूह रचना
(d) Under-cover plan/गुप्त योजना

**Ans. (c) :** प्रतियोगी की योजना को ध्यान में रखते हुए एक संस्था जो योजना बनाती है, उसे व्यूह-रचना (Strategy) कहा जाता है। व्यूह-रचना एक व्यावसायिक संस्थान की रूपरेखा प्रस्तुत करती है। यह संगठन के दीर्घकालिक निर्णय तथा निर्देशन में सम्बन्ध स्थापित करती है। अतः कहा जा सकता है कि व्यूह-रचना एक व्यापक योजना है जो संगठन के उद्देश्यों को पूरा करती है।

**25. A proposed organizational change may create _____.**
**प्रस्तावित संगठनात्मक परिवर्तन निम्नलिखित उत्पन्न कर सकता है :**

(a) Emotional Turmoil & Tension
भावनात्मक खलबली एवं तनाव
(b) Problem of social displacement
सामाजिक विस्थापन की समस्या
(c) Fear of unknown/अज्ञात का भय
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी

Ans. (d) : सामान्यतः जब संगठन में किसी प्रकार के भावी परिवर्तन का प्रस्ताव किया जाता है तो उसे प्रस्तावित संगठनात्मक परिवर्तन कहते हैं। इसके निम्नलिखित प्रभाव उत्पन्न हो सकते है–

i. भावनात्मक खलबली एवं आपसी तनाव।

ii. सामाजिक विस्थापन की समस्या।

iii. अज्ञात समस्या का भय।

**26. Match the following statements with their authors :**

**निम्नलिखित कथनों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित करें :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | "Marketing mix is a pack of four sets of variables, namely; product variables, price variables, promotion variables and place variables"/ ''विपणन मिश्रण चरों के चार समूहों का पिटारा है, यानि कि, उत्पाद चर, कीमत चर, संवर्द्धन चर और स्थान चर।'' | i. | Wheeler/ व्हीलर |
| b. | "The marketing mix is the set of marketing tools the firm uses to pursue its marketing objectives in the target market."/ ''विपणन मिश्रण विपणन के उन उपकरणों का समूह है जिन्हें फर्म लक्ष्य बाजार में अपने विपणन उद्देश्यों को पूरा करने के लिये उपयोग करती है।'' | ii. | Cundiff, Still & Govoni/ कण्डिफ, स्टिल एवं गोवोनी |
| c. | "Marketing is the managerial process by which products are matched with markets and through which transfers of ownership are affected." ''विपणन एक प्रबन्धकीय प्रक्रिया है जिसके द्वारा उत्पादों को बाजारों के अनुरूप किया जाता है और जिसके जरिये स्वामित्व का हस्तांतरण किया जाता है।'' | iii. | Mc Carthy/ मैककार्थी |
| d. | "Marketing is concerned with all the resources and activities involved in the flow of goods and services from producer to consumer"./ ''विपणन उन सब संसाधनों एवं गतिविधियों के साथ सरोकार रखता है जिनसे वस्तुएँ एवं सेवाएँ उत्पादक से उपभोक्ता तक पहुँचती हैं।'' | iv. | Philip Kotler/ फिलिप कोटलर |

**Codes/कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | ii | iv | i | iii |
| (b) | i | ii | iv | iii |
| (c) | iv | iii | i | ii |
| (d) | iii | iv | ii | i |

**Ans. (d) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | ''विपणन मिश्रण चरों के चार समूहों का पिटारा है, यानि कि, उत्पाद चर, कीमत चर, संवर्द्धन चर और स्थान चर।'' | (iii) | मैककार्थी |
| (b) | ''विपणन मिश्रण विपणन के उन उपकरणों का समूह है जिन्हें फर्म लक्ष्य बाजार में अपने विपणन उद्देश्यों को पूरा करने के लिये उपयोग करती है।'' | (iv) | फिलिप कोटलर |
| (c) | ''विपणन एक प्रबन्धकीय प्रक्रिया है जिसके द्वारा उत्पादों को बाजारों के अनुरूप किया जाता है और जिसके जरिये स्वामित्व का हस्तांतरण किया जाता है।'' | (ii) | कण्डिफ, स्टिल एवं गोवोनी |

(d) "विपणन उन सब संसाधनों एवं गतिविधियों के साथ सरोकार रखता है जिनसे वस्तुएँ एवं सेवाएँ उत्पादक से उपभोक्ता तक पहुँचती हैं।" (i) व्हीलर

**27. Which one of the following is not the mode of Direct Distribution system ?**
**प्रत्यक्ष वितरण प्रणाली का तरीका निम्नांकित में से कौन सा नहीं है?**
(a) Multiple shops/बहु विक्रय शालाएँ
(b) Door to door selling/घर-घर बिक्री
(c) Broking agent/दलाल प्रतिनिधि
(d) Direct mail order/डाक द्वारा व्यापार

**Ans. (c) :** प्रत्यक्ष वितरण प्रणाली (Direct Distribution System) वितरण की एक ऐसी प्रणाली है, जिससे प्रत्यक्ष सम्पर्क करके वितरण की क्रिया को सम्पन्न किया जाता है। इस प्रणाली के अन्तर्गत बहु-विक्रय शालाएं, घर-घर बिक्री व डाक द्वारा बिक्री के माध्यम को अपनाया जाता है।

जबकि दलाल प्रतिनिधि के माध्यम से वितरण करना प्रत्यक्ष वितरण प्रणाली का तरीका नही है।

**28. Which one of the following is not matched correctly?**
**निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**
(a) Sales Portfolio – Internal Sales Promotion
विक्रय फाइल – आन्तरिक विक्रय (पोर्टफोलियो) संवर्द्धन
(b) Merchandise Allowance – Dealer Promotion
वस्तु भत्ता – व्यापारी संवर्द्धन
(c) Count and Recount of Stock – Consumer Promotion/ स्कन्ध की गणना एवं पुनः गणना – उपभोक्ता संवर्द्धन
(d) Advertising – Market Promotion
विज्ञापन – बाजार संवर्द्धन

**Ans. (c) :** स्टॉक की गणना एवं पुनः गणना की क्रिया के माध्यम से उत्पादक क्रिया में संवर्द्धन का प्रयास किया जाता है, न कि उपभोक्ता संवर्द्धन।

**29. Assertion (A) :** "Advertising plays a vital role in selling products/services."
**Reason (R) :** "Sales promotion is incomplete without a good advertising plan."
**अभिकथन (A) :** "वस्तुओं/ सेवाओं की बिक्री में विज्ञापन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।"
**कारण (R) :** "उत्तम विज्ञापन योजना के बिना विक्रय संवर्द्धन अधूरा है।"

**Codes/कूट :**
(a) (A) is correct, but (R) is false
(A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है।
(b) (A) is false, but (R) is correct
(A) मिथ्या है, परन्तु (R) सही है।
(c) Both (A) and (R) are correct
(A) और (R) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों मिथ्या हैं।

**Ans. (c) :** दिया गया अभिकथन (A) की वस्तुओं या सेवाओं की बिक्री में विज्ञापन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सही है। जबकि कारण (R) की उत्तम विज्ञापन योजना के बिना विक्रय संवर्द्धन अधूरा है, भी सही है। स्पष्ट है कि अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

**30. Which one of the following contains the three elements of service marketing triangle?**
**निम्नलिखित में से किसमें सेवा विपणन त्रिकोण के तीन तत्त्व शामिल हैं?**
(a) Management, Marketing Agency and Consumer/ प्रबन्ध, विपणन एजेन्सी एवं उपभोक्ता
(b) Marketing Agency, Government and Consumer/ विपणन एजेन्सी, सरकार एवं उपभोक्ता
(c) Management, Employees and Marketing Agency/ प्रबन्ध, कर्मचारी एवं विपणन एजेन्सी
(d) Management, Employees and Consumer
प्रबन्ध, कर्मचारी एवं उपभोक्ता

**Ans. (d) :** सेवा विपणन त्रिकोण तत्व के अन्तर्गत प्रबन्ध, कर्मचारी एवं उपभोक्ता को शामिल किया जाता है। ये तत्व सेवा विपणन के अन्तर्गत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते है।

**31. Read the following statements :**
**निम्नलिखित कथनों को पढ़िये :**
(i) "The rate of return on investment increases with the shortage of working capital."/ "निवेश पर प्रत्याय की दर कार्यशील पूँजी की कमी के साथ बढ़ती है।"
(ii) 'Net working capital is the excess of current assets over current liabilities."/ "शुद्ध कार्यशील पूँजी चालू दायित्वों पर चालू परिसम्पत्तियों का आधिक्य है।"
(iii) "Greater the size of the business unit, larger will be the requirement of working capital."/ "व्यावसायिक इकाई का आकार जितना बड़ा होगा, कार्यशील पूँजी की आवश्यकता उतनी ही अधिक होगी।"
(iv) "Working capital is also known as circulating capital."/ "कार्यशील पूँजी को चक्रीय पूँजी के नाम से भी जाना जाता है।"

**Which one of the following consists of the correct statements?**
**निम्नांकित में से कौन सा सही उत्तर है?**
(a) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)
(b) (ii), (iii) and (iv)/ (ii), (iii) और (iv)
(c) (iii), (iv) and (i)/ (iii), (iv) और (i)
(d) (i), (ii) and (iv)/ (i), (ii) और (iv)

**Ans. (b) :** दिया गया निम्नलिखित कथन सही व उचित है–
a. निवेश पर प्रत्याय की दर कार्यशील पूँजी की कमी के साथ घटती जाती है।
b. शुद्ध कार्यशील पूँजी चालू दायित्वों पर चालू सम्पत्तियों का आधिक्य है।
c. व्यावसायिक इकाई का आकार जितना बड़ा होगा, कार्यशील पूँजी की आवश्यकता उतनी ही अधिक होगी।
d. कार्यशील पूँजी को चक्रिय पूँजी के नाम से भी जाना जाता है।
स्पष्ट है कि विकल्प (b) के कथन (ii), (iii) व (iv) सही है।

**32. Match the following :**
**निम्नांकित का मिलान करें :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Capital Budgeting पूँजी बजटन | i. | Time adjusted rate of return/ प्रत्याय की समायोजित दर |
| b. | Profitability Index/ लाभप्रदता सूचकांक | ii. | Irreversible/ अपरिवर्तनीय |
| c. | Internal rate of return/ प्रत्याय की आंतरिक दर | iii. | Benefit/cost/ लाभ/लागत |
| d. | Capital investment decisions/ पूँजी निवेश निर्णय | iv. | Planning capital Expenditure/ पूँजी व्यय नियोजन |

**Codes/कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | iii | ii | i |
| (b) | i | iv | ii | iii |
| (c) | iv | iii | i | ii |
| (d) | ii | i | iii | iv |

**Ans. (c) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | पूँजी बजटन | (iv) | पूँजी व्यय नियोजन |
| (b) | लाभप्रदता सूचकांक | (iii) | लाभ/लागत |
| (c) | प्रत्याय की आंतरिक दर | (i) | प्रत्याय की समायोजित दर |
| (d) | पूँजी निवेश निर्णय | (ii) | अपरिवर्तनीय |

**33. Which one of the following is correct?**
**निम्नांकित में से कौन सा सही है?**

(i) Liquidity ratios measure long term solvency of a concern./ तरलता अनुपात प्रतिष्ठान (संस्था) की दीर्घकालिक ऋण शोध क्षमता का माप करता है।
(ii) Inventory is a part of liquid assets.
स्कन्ध तरल परिसम्पत्तियों का हिस्सा होता है।
(iii) Rule of thumb for acid test ratio is 2 : 1.
अम्ल परीक्षण अनुपात का स्थापित नियम 2 : 1 है।
(iv) The amount of gross assets is equal to net capital employed./ सकल परिसम्पत्तियों की मात्रा शुद्ध विनियोजित पूँजी के बराबर होती है।

(a) (i), (ii) and (iv)/ (i), (ii) और (iv)
(b) (ii), (iii) and (iv)/ (ii), (iii) और (iv)
(c) (i), (ii), (iii) and (iv)/ (i), (ii), (iii) और (iv)
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans. (d) :** दिये गये कथन का सही रूप इस प्रकार है–
i. तरलता अनुपात संस्था की अल्पकालिक ऋणशोधन क्षमता का माप करती है।
ii. स्कन्ध चालू सम्पत्तियों का हिस्सा होता है न कि तरल सम्पत्तियों का।
iii. अम्ल परीक्षण अनुपात का आदर्श अनुपात 0.5 : 1 होता है।
iv. सकल सम्पत्तियों की मात्रा में से चालू दायित्वों को घटाकर सकल विनियोजित पूँजी ज्ञात की जाती है।
**Note–** स्पष्ट है कि प्रश्न में दिया गया कोई भी कथन सही है।

**34. According to which of the following, the firm's market value is not affected by capital structure?**
**निम्नांकित में से किसके अनुसार, फर्म का बाजार मूल्य पूँजी संरचना के द्वारा प्रभावित नहीं होता है?**

(a) M-M Hypothesis/एम. एम. परिकल्पना
(b) Net Income approach/शुद्ध (निवल) आय अभिगम
(c) The Traditional view/पारम्परिक दृष्टिकोण
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** लाभांश निर्णयन की एम.एम. परिकल्पना (मोदिग्लियानी एवं मिलर परिकल्पना) के अनुसार फर्म का बाजार मूल्य पूँजी संरचना के द्वारा प्रभावित नही होता है।

**35. Modigliani and Miller's dividend policy of a firm is**
**मोदीग्लियानी एवं मिल्लर की लाभांश नीति**

(a) Relevant/प्रासंगिक है।
(b) Irrelevant/अप्रासंगिक है।
(c) Unrealistic/अवास्तविक है।
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans. (b) :** मोदीग्लियानी एवं मिलर की लाभांश नीति अप्रासंगिक (Irrelevant) है अर्थात् इसके अनुसार फर्म के बाजार मूल्य निर्धारण में लाभांश नीति का प्रभाव नही पड़ता है।

**36. The concept of Quality circles is a brain child of**
**गुणवत्ता दायरे की अवधारणा किसने प्रतिपादित की है?**

(a) Karou Ishikawa/कारो शिकावा
(b) Munchu/मंचु
(c) Japanese Union for Scientists & Engineers
जापानी वैज्ञानिक एवं अभियंता संघ
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans. (a) :** गुणवत्ता दायरे की अवधारणा कारो शिकावा ने प्रतिपादित की थी।

**37. Performance appraisal is**
**निष्पादन मूल्यांकन है**

(a) Morale boosting/मनोबल बढ़ाने वाला
(b) Training and Development Activity
प्रशिक्षण एवं विकास गतिविधि
(c) Job Analysis/कार्य विश्लेषण
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans. (b) :** निष्पादन मूल्यांकन के अन्तर्गत एक कर्मचारी के द्वारा निष्पादित किए गये कार्यों का मूल्यांकन किया जाता है, जिससे प्रशिक्षण एवं विकास की गतिविधि को बल मिलता है।

**38. The mechanism to identify employee's growth potential is done through**
**कर्मचारी की विकास संभाव्यताओं की पहचान निम्नलिखित के जरिये की जाती है :**

(a) Job enrichment/कार्य संवर्द्धन
(b) Job evaluation/कार्य मूल्यांकन
(c) Assessment centre/मूल्य केन्द्र
(d) Position Description/पद स्थिति विवरण

**Ans. (c) :** कर्मचारी के विकास संम्भाव्यताओं की पहचान मूल्य केन्द्र के जरिए की जाती है। इसके अतिरिक्त लागत, लाभ एवं उत्तरदायित्व केन्द्र कर्मचारी से सम्बन्धित होते है।

**39. Statements/कथन :**

(i) High moral always leads to high productivity.
उच्च मनोबल हमेशा उच्च उत्पादकता की ओर प्रवृत्त करता है।
(ii) High morale need not necessarily lead to high productivity./ उच्च मनोबल अनिवार्यतः उच्च उत्पादकता की ओर प्रवृत्त नहीं करता है।

(a) (i) is correct, (ii) is incorrect
(i) सही है और (ii) गलत है।
(b) (i) is incorrect, (ii) is correct
(i) गलत है और (ii) सही है।
(c) Both the correct/(i) और (ii) दोनों सही हैं।
(d) Both are incorrect/(i) और (ii) दोनों गलत हैं।

**Ans. (b) :** यह आवश्यक नही कि उच्च मनोबल हमेशा उच्च उत्पादकता की ओर प्रवृत्त करता है, और न ही अनिवार्यतः उच्च मनोबल उच्च उत्पादकता की ओर प्रवृत्त करता है।
अतः विकल्प (i) गलत तथा विकल्प (ii) सही है।

**40. Arrange the following in order :**
**निम्नांकित को क्रमानुसार व्यवस्थित करें:**

(i) Promotion/पदोन्नति
(ii) Performance appraisal/कार्य निष्पादन का मूल्यांकन
(iii) Recruitment/भरती
(iv) Training and Development/प्रशिक्षण एवं विकास

(a) (iii), (iv), (ii), (i) (b) (iii), (ii), (i), (iv)
(c) (i), (ii), (iii), (iv) (d) (iii), (iv), (ii), (i)

**Ans. (a) :** कर्मचारी नियुक्ति की प्रक्रिया का निम्नलिखित क्रम सही है–
भरती → प्रशिक्षण एवं विकास → कार्य निष्पादन का मूल्यांकन → पदोन्नति।
अतः विकल्प (a) सही है।

**41. Find out the odd one out of the following :**
**निम्नांकित में से विषम को ज्ञात करें:**

(a) State Bank of India/भारतीय स्टेट बैंक
(b) Reserve Bank of India/भारतीय रिजर्व बैंक
(c) Union Bank of India/भारतीय यूनियन बैंक
(d) Central Bank of India/सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**Ans. (b) :** भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय यूनियन बैंक, व सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया व्यापारिक बैंक की श्रेणी में आते है जबकि भारतीय रिजर्व बैंक एक केन्द्रिय बैंक है।

**42. SIDBI was set up in ______ as a wholly owned subsidiary of _______**
**SIDBI (एस.आई.डी.बी.आई.) निम्नलिखित वर्ष में निम्नलिखित के सहायक के रूप में स्थापित हुआ :**

(a) 1985 – EXIM/1985 – एक्सिम
(b) 1969 – RRBS/1969 – आर.आर.बी.एस.
(c) 1975 – IFCI/1975 – आई.एफ.सी.आई.
(d) 1990 – IDBI/1990 – आई.डी.बी.आई.

**Ans. (d) :** सिडबी (SIBDI) की स्थापना वर्ष 1990 में ईडबी (IDBI) के सहायक के रूप में की गई। इसका मुख्यालय लखनऊ, उ.प्र. में है। यह छोटे एवं मध्यम उद्योगों को वित्त प्रदान करती है।

**43. The most important reason for an investor to prefer a Bank deposit is**
**एक निवेशकर्त्ता के द्वारा बैंक जमा को प्राथमिकता देने का महत्त्वपूर्ण कारण है**

(a) The credit worthiness of the Bank
बैंक की ऋणपात्रता।
(b) The Bank does not invest in the securities
बैंक प्रतिभूतियों में निवेश नहीं करता है।
(c) The Bank offers a guarantee/बैंक गारन्टी देता है।
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी।

**Ans. (d) :** एक निवेशकर्ता निम्नलिखित कारणों से बैंक जमा को प्राथमिकता प्रदान करता है–
i. बैंक की ऋण प्रदान करने की क्षमता।
ii. बैंक द्वारा बैंक जमा को प्रतिभूतियों में निवेश न करना।
iii. बैंक जमा पर गारन्टी प्रदान करता है।

**44. Main objective of CRR and SLR is to ensure :**
**सी.आर.आर. (नकदी रिजर्व अनुपात) और एस.एल.आर. (वैधानिक तरलता अनुपात) के मुख्य उद्देश्य सुनिश्चित करना है**

(i) Liquidity position of Bank/बैंक की तरलता स्थिति
(ii) Financial position of Bank/बैंक की वित्तीय स्थिति
(iii) Profit position of Bank/बैंक की लाभ स्थिति

(a) Only (i) is correct/केवल (i) सही है।
(b) Only (ii) is correct/केवल (ii) सही है।
(c) Only (iii) is correct/केवल (iii) सही है।
(d) All are correct/सभी सही हैं।

**Ans. (a) :** CRR और SLR का मुख्य उद्देश्य बैंक के तरलता की स्थिति को सुनिश्चित करना होता है।

**45. NABARD has taken over the entire functions of**
**नाबार्ड ने निम्नलिखित के सम्पूर्ण कार्यों का उत्तरादायित्व ले लिया है :**

(a) ARDC/ए.आर.डी.सी.
(b) ACD of RBI/भारतीय रिजर्व बैंक का ए.सी.डी.
(c) RPCD of RBI/भारतीय रिजर्व बैंक का आर.पी.सी.डी.
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD-National Bank for Agriculture and Rural Developement) ने एस.आर.डी.सी., भारतीय रिजर्व बैंक का ए.सी.डी. व भारतीय रिजर्व बैंक का आर.पी.सी.डी. से सम्बन्धित समस्त उत्तरदायित्वों को अपने ऊपर ले लिया है।

**46. Which of the following is the best example of Agreement between oligopolists?**
**अल्पाधिकारियों के बीच समझौते का सर्वोत्तम उदाहरण निम्नलिखित में से कौन सा है?**

(a) GATT/जी.ए.टी.टी. (गैट)
(b) OPEC/ओ.पी.ई.सी. (ओपेक)
(c) WTO/डब्लू.टी.ओ.
(d) UNIDO/यू.एन.आई.डी.ओ.

**Ans. (b) :** ओपेक (OPEC-Organization of the Petroleum Exporting) पेट्रोलियम उत्पादक देशों का संगठन है। यह अल्पाधिकारियों के बीच समझौते का सर्वोत्तम उदाहरण है।

**47. Factor Endowment Theory of International Trade was propounded by**
**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का कारक बन्दोबस्ती का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया है?**

(a) David Ricardo/डेविड रिकार्डो
(b) Bertil – Ohlin/बर्टिल ओह्लिन
(c) J.S. Millpes/जे.एस. मिल
(d) C.P. Kindleberger/सी.पी. किण्डलबर्गर

**Ans. (b) :** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के कारक बन्दोबस्ती सिद्धान्त का प्रतिपादन बर्टिल ओहलिन ने किया था।

**48. Assertion (A) :** The British established and developed Indian Railways.
**Reason (R) :** The British are keenly interested in India's economic development.
**अभिकथन (A) :** भारतीय रेलवे की स्थापना और विकास ब्रिटिश ने किया।
**तर्क (R) :** ब्रिटिश लोग भारत के आर्थिक विकास में उत्सुकता के साथ रुचि लेते हैं।

(a) Both (A) and (R) true/(A) और (R) दोनों सत्य हैं।
(b) Both (A) and (R) are false
(A) और (R) दोनों असत्य हैं।
(c) (A) is true, but (R) is false
(A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) is false, but (R) is true
(A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

**Ans. (c) :** दिया गया अभिकथन (A) की भारतीय रेलवे की स्थापना और विकास ब्रिटिश ने किया था, सही है किन्तु तर्क (R) की ब्रिटिश लोग भारत के आर्थिक विकास के उत्सुकता के साथ रूचि लेते है, सही नही है।

**49. Which of the following is also known as World Bank?**
**निम्नांकित में से कौन सा विश्व बैंक के रूप में जाना जाता है?**

(a) IMF/आई.एम.एफ.
(b) IBRD/आई.बी.आर.डी.
(c) ADB/ए.डी.बी.
(d) IFC/आई.एफ.सी.

**Ans. (b) :** अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD-International Bank for Reconstruction and Developement) को विश्व बैंक (World Bank) के रूप में भी जाना जाता है। यह एक अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्था है जो मध्यम आय वर्ग के विकासशील देशों को ऋण प्रदान करता है।

**50. Special Economic Zones (SEZ) have been created first time in the**
**विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) सर्वप्रथम निम्नलिखित में सृजित किये गये :**

(a) EXIM Policy – 2000/एक्सिम नीति – 2000
(b) EXIM Policy 2005/एक्सिम नीति – 2005
(c) Industrial Policy – 1956/औद्योगिक नीति – 1956
(d) Industrial Policy – 1991/औद्योगिक नीति – 1991

**Ans. (*) :** विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) अधिनियम, 2005 के अनुसार विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना सर्वप्रथम की गई।
**Note–** भारत पहला एशियाई देश है, जिसने निर्यात को बढ़ाने के लिए 1965 में कांडला में एक विशेष क्षेत्र की स्थापना की थी, इसे एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (EPZ) का नाम दिया गया था।

# यू.जी.सी. नेट परीक्षा जून-2012
# वाणिज्य
## तृतीय प्रश्न पत्र
### विश्लेषण सहित व्याख्या

**समय : 2.15 घण्टा]** **[पूर्णाङ्क : 150**

**1. If Opening Stock is ₹ 10,000, Net Purchases ₹ 70,000, Wages ₹ 2,500, Carriage inward ₹ 500 and Closing Stock ₹ 15,000, what is the Manufacturing Cost ?**
**यदि प्रारम्भिक रहतिया ₹ 10,000, शुद्ध खरीद ₹ 70,000, मजदूरी ₹ 2,500, आवक ढुलाई ₹ 500 और अन्तिम रहतिया ₹ 15,000 हैं, तो विनिर्माण लागत क्या है?**

(a) ₹ 65,000 (b) ₹ 83,000
(c) ₹ 68,000 (d) ₹ 73,000

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** विनिर्माण लागत = कच्चा माल + प्रत्यक्ष मजदूरी + विनिर्माण उपरिव्यय
* कच्चे माल की लागत = प्रारम्भिक रहतिया + शुद्ध खरीद – अन्तिम रहतिया।
विनिर्माण लागत = प्रारम्भिक रहतिया + शुद्ध खरीद + मजदूरी + आवक ढुलाई – अन्तिम रहतिया
= 10,000 + 70,000 + 2,500 + 500 – 15000
= 68,000

**2. What does a high payout ratio indicate ?**
**उच्च भुगतान अनुपात क्या इंगित करता है?**

(a) A High Earning Per Share (EPS)
प्रति अंश उच्च अर्जन/कमाई
(b) The management is not ploughing back enough profit
प्रबन्धन पर्याप्त लाभ का पुनर्निवेश न करना
(c) The management is ploughing back profit
प्रबन्धन द्वारा लाभ का पुनर्निवेश करना
(d) The company is earning high profit
कम्पनी द्वारा उच्च लाभ अर्जित करना

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** पेआउट अनुपात कंपनी की लाभांश रणनीति के कई पहलुओं में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। सबसे पहले, यह अनुपात समय की अवधि में जारी किए गए लाभांश में स्थिरता का निर्धारण करने के लिए उपयोग किया जाता है। चूँकि स्थिरता महत्वपूर्ण है, एक कम भुगतान अनुपात अनुकूल है, क्योंकि इससे भविष्य में लाभांश की पेशकश की उच्च संभावना होती है। अतः उच्च भुगतान अनुपात प्रबन्धन द्वारा लाभ का पुनर्निवेश न करना इंगित करता है।

**3. Which one of the following statements is true ?**
**निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य है?**

(a) Capital expenditure does not affect the profitability of a concern but revenue expenditure does
पूँजीगत व्यय कम्पनी की लाभदेयता को प्रभावित नहीं करता है परन्तु आयगत व्यय प्रभावित करता है।
(b) Capital expenditure affects the profitability of a concern directly but revenue expenditure does not
पूँजीगत व्यय कम्पनी की लाभदेयता को सीधे प्रभावित करता है परन्तु आयगत व्यय नहीं करता है।
(c) Capital expenditure affects the profitability of a concern indirectly but revenue expenditure affects directly/ पूँजीगत व्यय कम्पनी की लाभदेयता को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है, परन्तु आयगत व्यय सीधे प्रभावित करता है।
(d) Both capital expenditure and revenue expenditure affect the profitability of a concern directly/ पूँजीगत व्यय तथा आयगत व्यय दोनों कम्पनी की लाभदेयता को सीधे प्रभावित करते हैं।

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** पूँजीगत व्यय कम्पनी की लाभदेयता को अप्रत्यक्ष रूप से, परन्तु आयगत व्यय सीधे प्रभावित करता हैं।
पूँजीगत व्यय किसी कंपनी की क्षमता को एक लेखा अवधि से अधिक बढ़ाने के लिए उत्पादक संपत्ति को प्राप्त करने या बढ़ाने के लिए खर्च किया जाता है।
जबकि आयगत व्यय खर्च किए गए नकद या संसाधन को बनाए रखने के लिए किया जाता है।

**4. Identify the true statement of the following :**

(i) Balance Sheet is always prepared from the point of view of the business but not from that of the owners.
(ii) The financial relationship of the business to its owners is shown in the Balance Sheet.
(iii) Balance Sheet is always related to a period of time.

**निम्नलिखित में से सत्य कथन की पहचान करें:**

**(i) चिट्ठा हमेशा व्यवसाय के दृष्टिकोण से तैयार किया जाता है न कि स्वामियों के।**
**(ii) चिट्ठा व्यवसाय का उसके स्वामियों के साथ वित्तीय सम्बन्ध दर्शाता है।**
**(iii) चिट्ठा हमेशा समयावधि से सम्बन्धित होता है।**

Codes/कूट :

(a) (i) and (ii)/ (i) और (ii)
(b) (ii) and (iii)/ (ii) और (iii)
(c) (i) and (iii)/ (i) और (iii)
(d) (i), (ii) and (iii)/ (i), (ii) और (iii)

उत्तर-(a)

**व्याख्या-** चिट्ठे से आशय ऐसे विवरण पत्र से है, जो एक निर्धारित तिथि पर व्यवसाय की वित्तीय स्थिति को प्रकट करता है। वित्तीय स्थिति से आशय व्यापार की सम्पत्ति एवं दायित्वों की तुलना से होता है।
चिट्ठा हमेशा व्यवसाय की दृष्टिकोण से तैयार किया जाता है, न कि स्वामियों के। चिट्ठा व्यवसाय का उसके स्वामियों के साथ वित्तीय सम्बन्ध दर्शाता है। चिट्ठा व्यवसाय की पृथक अवधारणा के तहत बनाया जाता है।

**5. X and Y are partners in a firm sharing profits in the ratios of 2 : 1. Z is admitted with a 1/3 profit sharing. What will be the new profit sharing ratio of X, Y and Z ?**
**X और Y एक फर्म में साझेदार हैं और 2:1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। Z को 1/3 लाभ अनुपात के साथ प्रवेश दिया जाता है। अब X, Y और Z का नया लाभ सांझा अनुपात क्या होगा?**

(a) 3 : 3 : 3 (b) 4 : 3 : 2
(c) 4 : 2 : 3 (d) 2 : 3 : 4

उत्तर-(c)

**व्याख्या-** माना, कुल लाभ = 1
z, का अनुपात = 1/3
शेष अनुपात = 1 – 1/3 = 2/3
x, का अनुपात $= \frac{2}{3} \times \frac{2}{3} = \frac{4}{9}$
y, का अनुपात $= \frac{1}{3} \times \frac{2}{3} = \frac{2}{9}$
$\therefore$ z का अनुपात = 1/3
$\therefore$ नया लाभ सांझा अनुपात x, y और z $= \frac{4}{9} : \frac{2}{9} : \frac{3}{9}$

**6. Which one of the following will not affect the working capital ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा एक कार्यशील पूँजी को प्रभावित नहीं करेगा?**

(a) Realisation of cash from debtors
देनदारों से नकद वसूली
(b) Sale of plant and machinery in cash
संयंत्र तथा मशीनरी की नकद बिक्री
(c) Issue of equity shares/ समता अंशों का जारी करना
(d) Redemption of debentures/ ऋणपत्रों का शोधन

उत्तर-(a)

**व्याख्या-** कार्यशील पूँजी, जिसे Net Working Capital भी कहा जाता है, एक कंपनी की मौजूदा परिसंपत्तियों, नकदी, खातों को प्राप्त करने योग्य और कच्चे माल की सूची और तैयार माल, और इसकी वर्तमान देनदारियों, जैसे देय खातों के बीच अंतर हैं। अतः देनदारों से नकद वसूली कार्यशील पूंजी को प्रभावित नही करेगा। कार्यशील पूंजी = वर्तमान संपत्ति–वर्तमान दायित्व।

**7. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :**
**Assertion (A) :** When a company earns profit prior to its incorporation, it is called capital profit.
**Reason (R) :** Capital profit cannot be used for distribution as dividend to the shareholders.
**In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?**
**नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण R) का नाम दिया गया है :**
**अभिकथन (A) :** जब कम्पनी समामेलन से पूर्व लाभ कमाती है, तो उसे पूँजीगत लाभ कहते हैं।
**कारण (R) :** पूँजीगत लाभ का अंशधारियों को लाभांश के रूप में वितरण के लिये उपयोग नहीं किया जा सकता है।
**उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

(a) (A) is correct, but (R) is wrong.
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(b) Both (A) and (R) are correct.
(A) और (R) दोनों सही है।
(c) (A) is wrong, but (R) is correct.
(A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
(d) Both (A) and (R) are wrong.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

उत्तर-(b)

**व्याख्या-** जब कंपनी समामेलन से पूर्व लाभ कमाती है, तो उसे पूँजीगत लाभ कहते है। पूँजीगत लाभ को अंशधारियों में वितरण के रूप में उपयोग नही किया जाता है। अतः अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

**8. Reconstruction of a company takes place when**

(i) the company is undercapitalised
(ii) company has incurred heavy losses which must be written off
(iii) the company is overcapitalised

**Which one of the following is correct ?**
**कम्पनी का पुननिर्माण तब होता है, जब**

(i) कम्पनी का अल्प पूँजीकरण होना
(ii) कम्पनी को भारी नुकसान उठाना पड़ा जिसे समाप्त किया जाना चाहिए।
(iii) कम्पनी का अति पूँजीकरण होना।

**निम्नलिखित में से क्या सहीं है?**

(a) (i) and (ii) only/ केवल (i) और (ii)
(b) (i) and (iii) only/ केवल (i) और (iii)
(c) (ii) and (iii) only/ केवल (ii) और (iii)
(d) All the above/ उपर्युक्त सभी

उत्तर-(c)

**व्याख्या-** कम्पनी का पुनर्निर्माण तब होता है, जब कम्पनी को भारी नुकसान उठाना पड़ा, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए एवं कम्पनी का अति पूँजीकरण होना, इसका मुख्य कारण होता है।

**9. Match the items of List – I with the items of List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Leverage Ratio | 1. | Short-term solvency |
| (b) | Liquidity Ratio | 2. | Earning capacity |
| (c) | Turnover Ratio | 3. | Relationship between debt and equity |
| (d) | Profitability Ratio | 4. | Efficiency of Asset Management |

**सूची–I की मदों को सूची–II की मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (a) | पूँजीकरण (लीवरेज) अनुपात | 1. | अल्पकालिक शोधन क्षमता |
| (b) | तरलता अनुपात | 2. | अर्जन क्षमता |
| (c) | बिक्री (टर्न ओवर) अनुपात | 3. | ऋण तथा समता के बीच सम्बन्ध |
| (d) | लाभदेयता अनुपात | 4. | परिसम्पत्ति प्रबन्धन क्षमता |

**Codes/कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (b) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (c) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (d) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या :-**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | पूँजीकरण (लीवरेज) अनुपात | iii. | ऋण तथा समता के बीच सम्बन्ध |
| b. | तरलता अनुपात | i. | अल्पकालिक शोधन क्षमता |
| c. | बिक्री (टर्न ओवर) अनुपात | iv. | परिसम्पत्ति प्रबन्धन क्षमता |
| d. | लाभदेयता अनुपात | ii. | अर्जन क्षमता |

**10. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :**

**Assertion (A) :** Sinking fund is a charge against Profit and Loss Account.

**Reason (R) :** Sinking fund is created for repayment of a long term liability.

**In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?**

**नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण R) का नाम दिया गया है :**

**अभिकथन (A)** : सिंकिंग फंड लाभ-हानि खाते पर चार्ज है।

**कारण (R)** : सिंकिंग फंड को दीर्घकालिक दायित्व के पुनर्भुगतान के लिये सृजित किया जाता है।

**उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

(a) (A) is correct, but (R) is wrong.
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(b) Both (A) and (R) are correct.
(A) और (R) दोनों सही है।
(c) (A) is wrong, but (R) is correct.
(A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
(d) Both (A) and (R) are wrong.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** ऋण शोधन निधि, एक प्रावधान है, जिसके तहत निगम को ऋण मुद्दे के क्रमबद्ध पुनर्भुगतान के लिए सृजित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष एक निश्चित राशि निर्धारित करने की आवश्यकता होती है।
सिंकिंग फंड एक आर्थिक इकाई द्वारा स्थापित किया जाता है, जो भविष्य के पूंजीगत व्यय या दीर्घकालीन ऋण के पुनर्भुगतान के लिए समय की अवधि में राजस्व को अलग करता है।
अतः अभिकथन (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**11. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Goodwill of a company | 1. | Current liability |
| (b) | Overdraft | 2. | Fixed Assets |
| (c) | Preliminary Expenses | 3. | Reserves and Surplus |
| (d) | Premium on Issue of Shares | 4. | Fictitious Assets |

**सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (a) | कंपनी की ख्याति | 1. | चालू दायित्व |
| (b) | अधिविकर्ष | 2. | स्थायी सम्पत्ति |
| (c) | प्रारम्भिक व्यय | 3. | संचय एवं आधिक्य |
| (d) | अंशों के निर्गमन पर प्रीमियम | 4. | अवास्तविक सम्पत्ति |

**Codes/कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (b) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (c) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (d) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | कंपनी की ख्याति | ii. | स्थायी सम्पत्ति |
| b. | अधिविकर्ष | i. | चालू दायित्व |
| c. | प्रारम्भिक व्यय | iv. | अवास्तविक सम्पत्ति |
| d. | अंशों के निर्गमन पर प्रीमियम | iii. | संचय एवं आधिक्य |

**12. In India, which of the following is prepared on the guidelines of AS-3 (Accounting Standard – 3) ?**

**भारत में, निम्नलिखित में से कौन सा ए. एस.–3 (लेखांकन मानक-3) के मार्गदर्शन पर तैयार किया गया है?**

(a) Balance Sheet of a Company/कम्पनी का चिट्ठा
(b) Funds Flow Statement/निधि प्रवाह विवरण
(c) Cash Flow Statement/नकद प्रवाह विवरण
(d) Consolidated Financial Statement
समेकित वित्तीय विवरण

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** लेखांकन मानक एक लिखित नीति अभिलेख है जो कि लेखांकन विशेषज्ञों या सरकार या अन्य नियामक संस्था द्वारा जारी किये जाते है, जोकि मान्यता, मापन, प्रस्तुतीकरण, उपचार और वित्तीय विवरणों के वित्तीय हस्तांतरण जारी करता है।
लेखांकन मानक-3 का सम्बंध नकद प्रवाह विवरण से है, जिसमें नकद प्रवाह की गतिविधियों के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है। नकद प्रवाह विवरण मुख्यतः तीन गतिविधियों से होता है:
1. परिचालन गतिविधि से नकदी प्रवाह
2. वित्तपोषण गतिविधि से नकदी प्रवाह
3. निवेश गतिविधि से नकदी प्रवाह

**13. What is the correct sequence of the following actions required for the preparation of financial accounts ?**
(i) Trading accounts
(ii) Making adjusting entries
(iii) Balance Sheet
(iv) Profit and Loss Account
**Select the correct answer from the codes given below :**
**वित्तीय लेखा तैयार करने के लिये अपेक्षित निम्नलिखित क्रियाओं का सही अनुक्रम क्या है?**
(i) व्यापार खाता
(ii) समायोजन प्रविष्टियाँ करना
(iii) चिट्ठा
(iv) लाभ-हानि खाता
**नीचे दिये कूटों में से सही उत्तर का चयन करें :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (ii) | (i) | (iii) |
| (b) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (c) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (d) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** वित्तीय लेखा तैयार करते समय अपेक्षित अनुक्रम निम्न है :
(ii) समायोजन प्रविष्टियाँ करना
(i) व्यापार खाता
(iv) लाभ-हानि खाता
(iii) आर्थिक चिट्ठा।

**14. The main effect of inflation on the financial statement is**
**वित्तीय विवरण पर मुद्रा स्फीति का मुख्य प्रभाव है**
(a) Profits are understated/ लाभों को कम दिखाना
(b) Overstatement of Assets
परिसम्पत्तियों को अधिक दिखाना
(c) Adequacy of funds for replacement of assets
परिसम्पत्तियों के प्रतिस्थापन के लिये निधियों की पर्याप्तता
(d) Erosion of capital/ पूँजी का क्षरण

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** मुद्रा स्फीति (गणितीय आकलन पर आधारित एक अर्थशास्त्रीय अवधारणा है जिससे बाजार में मुद्रा का प्रसार व वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि या कमी की गणना की जाती है। उदाहरण के लिए: 1990 में एक सौ रुपए में जितना सामान आता था, अगर 2000 में उसे खरीदने के लिए दो सौ रुपए व्यय करने पड़े है तो माना जाएगा कि मुद्रा स्फीति शत-प्रतिशत बढ़ गई।
चीजों की कीमतों में बढ़ोत्तरी और मुद्रा की कीमत में कमी को वैज्ञानिक ढंग से सूचीबद्ध करना मुद्रा स्फीति का काम होता है। इससे ब्याज दरें भी तय होती हैं।
**मुद्रा स्फीति के प्रभाव**
1. उत्पादन में अनिश्चितता के परिणामस्वरूप उत्पाद की माँग अनिश्चित हो जाती है व संसाधनों का वितरण असंगत हो जाता हैं पूँजी संसाधन दीर्घ कालीन रूप में नहीं वरन् लघु कालीन प्रयोग में आने लगते हैं तथा उत्पादकों का झुकाव जरूरी से गैर जरूरी उत्पाद की ओर हो जाता है क्योंकि गैर जरूरी उत्पाद की कीमत बढ़ जाने पर उनमें निवेश लाभप्रद हो जाता है।
2. मुद्रा स्फीती से अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में मंदी आ जाती है जैसे भारत में कपड़ा उत्पाद मूल्य बढ़ जाने पर इन उत्पादों की मांग में गिरावट आ जाती है, लोग केवल बेहद जरूरी माल ही खरीदते हैं। इससे उद्योग ठप्प पड़ जाते हैं।
3. देश में आयवितरण गड़बड़ा जाता है। मुनाफाखोरों को लाभ होने लगता है और नौकरीपेशा संकट में पड़ जाते हैं। भ्रष्टाचार, कालाबाजारी और सट्टेबाजी बढ़ती है। कठोर श्रम की इच्छा शक्ति में भी कमी आ जाती है।
अतः वित्तीय विवरण में पूंजी का क्षरण होता है।

**15. Present value of future earnings is a model of Human Resources Accounting suggested by**
**भावी अर्जन व वर्तमान मूल्य मानव संसाधन लेखांकन का मॉडल है, जो निम्नलिखित के द्वारा बताया गया :**
(a) Brauch Lev & ABA Schwartz
ब्रॉश लेव एवं ए बी ए शवार्ट्स
(b) Jaggi & Lau/ जग्गी एवं लो
(c) S.K. Chakraborty/ एस. के. चक्रवर्ती
(d) Eric Flamhaltz/ एरिक फ्लैम हॉल्ट्ज

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** मानव संसाधन लेखांकन का भावी अर्जन का वर्तमान मूल्य मॉडल ब्रॉश लेव एवं एबीए शवार्ट्स द्वारा प्रतिपादित किया गया है।

**16. Which element of the promotion mix do wholesalers generally apply to obtain their promotional objective ?**
**थोक विक्रता अपने संवर्धनात्मक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये सामान्यतया कौन से संवर्धन मिश्रण के तत्त्व को प्रयुक्त करते हैं?**
(a) Advertising/ विज्ञापन
(b) Personal Selling/ वैयक्तिक बिक्री
(c) Trade Promotion/ व्यापार संवर्धन
(d) Direct Marketing/ प्रत्यक्ष विपणन

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** व्यापार संवर्धन मिश्रण के तत्व को मुख्यतः थोक विक्रेता अपने संवर्धनात्मक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रयुक्त करते हैं।

**17. Who has given 'fourteen Principles of Management' ?**
**'14 प्रबन्ध सिद्धांतों' के जनक कौन हैं?**

(a) Barnard/ बर्नार्ड
(b) Henry Fayol/ हेनरी फेयोल
(c) F.W. Taylor/ एफ. डब्ल्यू. टेलर
(d) Flemming/ फ्लोमिंग

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** हेनरी फेयोल (Henri Fayol; 29 जुलाई 1841–19 नवम्बर 1925) फ्रांस के खनन इंजीनियर तथा प्रबन्ध-सिद्धान्तकार थे। उन्होंने व्यवसाय प्रशासन का सामान्य सिद्धान्त विकसित किया जिसका 20वीं सदी के प्रारंभ के व्यापक प्रभाव था। फेयोल एवं उनके सहकर्मियों ने इस सिद्धान्त का विकास वैज्ञानिक प्रबन्धन के सिद्धान्त के विकास से स्वतंत्र रूप से एवं लगभग उसी काल में किया। प्रबन्धन के आधुनिक संकल्पना के विकास में सबसे प्रभावी योगदान करने वालों में फेयोल का नाम अग्रणी है।

■ फेयॉल के अनुसार प्रबंध के कार्य हैं–
योजना बनाना, आदेश देना, समन्वय करना एवं नियंत्रण करना।

■ एक औद्योगिक संस्थान की क्रियाओं को इस प्रकार विभक्त किया जा सकता है–
तकनीकी, वाणिज्यिक, वित्तीय सुरक्षा, लेखांकन एवं प्रबंधन।

■ उसने यह भी सुझाव दिया कि एक प्रबंधक में यह गुण होने चाहिए:
शारीरिक, नैतिक शिक्षा, ज्ञान, एवं अनुभव।

■ फेयॉल ने 14 सिद्धांतों को सूचीबद्ध किया–
कार्य विभाजन, अधिकार एवं उत्तरदायित्व, अनुशासन, आदेश की एकता, निर्देश की एकता, व्यक्तिगत हितों का सामान्य हितों के पक्ष में समर्पण, कर्मचारियों का प्रतिफल, कर्मचारियों के कार्यकाल में स्थिरता, पहल क्षमता एवं सहयोग की भावना।

**18. What is M.B.O ?/ एम. बी. ओ. क्या है?**

(a) Management by Objective
मैनेजमेंट बाई ऑब्जेक्टिव
(b) Multiple Business Organisation
मल्टिपल बिजनेस ऑर्गनाइजेशन
(c) Management by Organisation
मैनेजमेंट बाई ऑर्गनाइजेशन
(d) Multiplicity of Business Operations
मल्टिप्लीसिटी ऑफ बिजनेस ऑपरेशनस

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध से आशय है– ''उद्देश्यों को केन्द्र में रखकर प्रबन्ध कार्य सम्पन्न करना।'' ''अल्फ्रेड सीलॉन'' द्वारा इसका सर्वप्रथम प्रयोग 1950 में किया गया था। लेकिन इसकी अवधारणा को लोकप्रिय बनाया ''पीटर ड्रकर'' ने। पीटर ड्रकर के अनुसार एम.बी.ओ. उद्देश्यों के आधार पर विभागों और कार्मिको के मध्य सत्ता और उत्तरदायित्व का विभाजन है। यह इस अवधारणा पर आधारित प्रणाली है कि प्रत्येक संस्था के कुछ आधारभूत उद्देश्य होते हैं जिन्हें कार्मिकों के उद्देश्यों के साथ संयुक्त किया जा सकता है। वस्तुतः संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप ही कार्मिकों के कार्यों का निर्धारण किया जाता है।

**19. Match items in List – II with items in List – I :**

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Mega Marketing | 1. Advertising |
| (b) Penetration Price | 2. Kotler |
| (c) Promotion Mix | 3. Low price |
| (d) Customer Satisfaction | 4. Post Purchase Behaviour |

**सूची–I में दी मदों को सूची–II में दी मदों के साथ सुमेलित करें :**

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) वृहत् विपणन | 1. विज्ञापन |
| (b) बेधन कीमत | 2. कोटलर |
| (c) संवर्धन मिश्रण | 3. न्यून कीमत |
| (d) ग्राहक संतुष्टि | 4. क्रय पश्चात् व्यवहार |

**Codes/कूट :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | II | III | IV |
| (b) | III | I | II | IV |
| (c) | IV | III | II | I |
| (d) | III | IV | I | II |

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | वृहत् विपणन | iii. | न्यून कीमत |
| b. | बेधन कीमत | i. | विज्ञापन |
| c. | संवर्धन मिश्रण | ii. | कोटलर |
| d. | ग्राहक संतुष्टि | iv. | क्रय पश्चात् व्यवहार |

**20. Statement (A) :** Sales promotion has a strong impact on consumer behaviour in rural India.
**Reason (R) :** Rural people in India give utmost significance to sales promotion schemes.
**अभिकथन (A) :** ग्रामीण भारत में बिक्री संवर्धन का उपभोक्ता व्यवहार पर शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है।
**कारण (R) :** भारत में ग्रामीण लोग बिक्री संवर्धन को अत्यधिक महत्त्व देते हैं।

**Codes/कूट :**

(a) Statement (A) is correct but Reason (R) is incorrect/ (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(b) Statement (A) is incorrect, but Reason (R) is correct/ (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
(c) Both Statement (A) and Reason (R) are correct/ (A) और (R) दोनों सही हैं।
(d) Both Statement (A) and Reason (R) are incorrect/ (A) और (R) दोनों गलत हैं।

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** भारत में सिर्फ ग्रामीण लोग ही बिक्री संवर्धन को अत्यधिक महत्व देते है, यह कथन गलत है। अतः अभिकथन (A) सही है, परन्तु (R) कारण गलत है।

**21. Market sub-divided on the basis of behavioural characteristics is called**
**व्यवहारवादी विशेषताओं के आधार पर उपविभाजित बाजार क्या कहलाता है?**

(a) Segmentation/ विभक्तिकरण
(b) Aggregation/ समग्रीकरण
(c) Precision/ परिशुद्धता
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** एक सामान मांग रखने वाले ग्राहकों के समूह को अलग-अलग विभाजित करने की प्रक्रिया को बाजार विभाजन कहते है अथवा ग्राहकों की मांगों की समानता के अनुसार किये गए विभाजन को बाजार विभाजन कहते है। बाजार विभाजन के मुख्यतः निम्न प्रकार है :
(i) भौगोलिक विभाजन (ii) जनसांख्यिकीय विभाजन
(iii) मनोवैज्ञानिक विभाजन (iv) व्यवहारिक विभाजन
व्यवहारवादी विशेषताओं के आधार पर उप-विभाजित बाजार को विभक्तिकरण कहा जाता है।

**22. What is mass marketing ?**
**जन ( मास ) विपणन क्या है?**

(a) Offering the same products and marketing mix to all consumers/ सभी उपभोक्ताओं को एक जैसे उत्पाद तथा विपणन मिश्रण पेश करना।
(b) Offering variety of products to the entire market
समस्त बाजार को विविध प्रकार के उत्पाद पेश करना।
(c) Offering differentiated products to all customers
सभी ग्राहकों को भिन्न-भिन्न उत्पाद पेश करना।
(d) Following concentrated marketing strategy
संकेन्द्रित विपणन युक्ति का पालन करना।

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** मास विपणन का अर्थ सभी उपभोक्ताओं को एक जैसे उत्पाद तथा विपणन मिश्रण पेश करने से है।

**23. Which concept of marketing is based on the assumption that superior products sell themselves ?**
**विपणन की कौन सी धारणा इस मान्यता पर आधारित है कि उत्कृष्ट उत्पाद स्वयं ही बिकते हैं?**

(a) Production/ उत्पादन
(b) Marketing/ विपणन
(c) Societal/ सामाजिक
(d) Product/ उत्पाद

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** आम चलन में ''विपणन'' उत्पाद का प्रचार है, विशेषकर विज्ञापन, और ब्रांडिंग। किंतु व्यवसायिक उपयोग में इसका अर्थ विपणन ग्राहक पर केंद्रित है। उत्पादों का विकास ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु किया जाता है। ई.जेरोम मैकार्थी (E. Jerome McCarthy) ने विपणन को चार सामान्य गतिविधियों के समूहों में बांटा, उनकी टाईपोलोजी को दुनिया भर में इतनी मान्यता हासिल हुई की उनके ''चार P'' भाषा का हिस्सा बन गए हैं।

**उत्पाद (Product)**–विपणन का उत्पाद संबन्धी पहलू वास्तविक माल या सेवाओं के ब्यौरे के बारे में की यह कैसे अन्तिम-उपयोगकर्ता (end-user) की जरूरतों एवं मांगों से संबंधित है। एक उत्पाद के दायरे में कुछ सहयोगी तत्व भी आते हैं जैसे वारंटी, गारंटी और सपोर्ट।

**मूल्य निर्धारण (Pricing)**–का आशय किसी उत्पाद का एक मूल्य (price) निर्धारित करने से है, जिसमें छूट भी शामिल होती है। जरूरी नही की मूल्य, मुद्राओं में ही हो-यह उस उत्पाद या सेवा के बदले में दी जा सकने वाली कोई चीज हो सकती है जैसे समय, ऊर्जा, मनोविज्ञान या ध्यान।

**संवर्धन (Promotion)**–इसमें शामिल हैं विज्ञापन (advertising), बिक्री संवर्धन (sales promotion), प्रचार (publicity) और व्यक्तिगत बिक्री (personal selling), ब्रांडिंग (branding) और उत्पाद, ब्रांड (brand), या कंपनी के संवर्धन हेतु विभिन्न पद्धतियाँ।

**स्थान ( या वितरण (Distribution))**–से तात्पर्य है कि उत्पाद किस तरह उपभोक्ता तक पहुंचेगा; उदाहरण के लिए बिक्री व्यवस्था का बिन्दु या खुदरा बिक्री (retailing)। इस चौथे P को कई बार स्थान भी कहा जाता है। इसका तात्पर्य है कि किस चैनल के जरिये एक उत्पाद या सेवाओं को बेचा जाएगा (जैसे ऑनलाइन बनाम खुदरा), कौन से भौगोलिक क्षेत्र या उद्योग में, किस खंड को (युवा व्यस्क, परिवार, व्यवसायी लोग) आदि इसके अलावा यह भी की जिस वातावरण में उत्पाद बेचा जाएगा वह कैसे बिक्री को प्रभावित कर सकता है।

अतः उत्पाद के सम्बन्ध में मान्यता है कि उत्कृष्ट उत्पाद स्वयं ही बिकते हैं।

**24. In broader sense, marketing communication includes**
**व्यापक रूप से, विपणन संचार क्या समाविष्ट करता है?**

(a) Product/ उत्पाद (b) Price/ कीमत
(c) Place/ स्थान (d) All/ सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** विपणन संचार, व्यापक रूप से उत्पाद, कीमत, स्थान सभी को समाविष्ट करता हैं।

**25. Physical distribution provides**
**भौतिक वितरण प्रदान करता है**

(a) Place utility/ स्थान उपयोगिता
(b) Time utility/ समय उपयोगिता
(c) Place and Time utility/ स्थान एवं समय उपयोगिता
(d) Form utility/ स्वरूप उपयोगिता

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या- स्थान ( या वितरण (Distribution))**– से तात्पर्य है कि उत्पाद किस तरह उपभोक्ता तक पहुंचेगा; उदाहरण के लिए बिक्री व्यवस्था का बिन्दु या खुदरा बिक्री (retailing)। इस चौथे P को कई बार स्थान भी कहा जाता है। इसका तात्पर्य है कि किस चैनल के जरिये एक उत्पाद या सेवाओं को बेचा जाएगा (जैसे ऑनलाइन बनाम खुदरा), कौन से भौगोलिक क्षेत्र या उद्योग में, किस खंड को (युवा व्यस्क, परिवार, व्यवसायी लोग) आदि इसके अलावा यह भी की जिस वातावरण में उत्पाद बेचा जाएगा वह कैसे बिक्री को प्रभावित कर सकता है। अतः भौतिक वितरण स्थान एवं समय उपयोगिता प्रदान करता है।

**26. What is relevant to place variable of marketing mix ?**
**विपणन मिश्रण के स्थान तत्त्व के लिये क्या प्रासंगिक है?**

(a) Branding/ ब्रांडिंग
(b) Price penetration/ कीमत बेधन
(c) Sales personnel motivation
बिक्री कार्मिक अभिप्रेरणा
(d) None/ कुछ भी नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या- विपणन मिश्रण का अर्थ एवं परिभाषा–**सरल शब्दों में, विपणन मिश्रण विपणन के विभिन्न घटकों का समुचित मिश्रण है जिसके द्वारा उपभोक्ताओं की इच्छाओं को सन्तुष्ट कर उपक्रम के विपणन उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

1. **प्रो. कोटलर के अनुसार–**"विपणन मिश्रण उन विपणन औजारों का समूह है जिन्हें कोई संस्था लक्ष्य बाजार में अपने विपणन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपयोग करती है"।
2. **स्टेन्टन, एटजेल तथा वाकर के अनुसार–**"विपणन मिश्रण चार घटकों-उत्पाद, मूल्य संरचना, वितरण व्यवस्था तथा संवर्द्धनात्मक क्रियाओं का संयोजन है जिनका किसी संस्था के लक्ष्य बाजार की आवश्यकता को सन्तुष्ट करने तथा साथ ही विपणन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है।"
निष्कर्ष के रूप में यह कहा जाता है कि विपणन मिश्रण का अर्थ उन चार घटकों या क्रियाओं के मिश्रण से हैं जिनकी सहायता से कोई भी संस्था ग्राहकों की आवश्यकता को सन्तुष्ट करते हुए विपणन उद्देश्यों को प्राप्त करती है। अतः विपणन मिश्रण, स्थान तत्व के लिए बिक्री कार्मिक अभिप्रेरणा प्रासंगिक है।

**विपणन मिश्रण की विशेषताएँ/प्रकृति**

1. **चार प्रमुख घटक–** विपणन मिश्रण चार प्रमुख घटकों का मिश्रण है जो उत्पाद, मूल्य, स्थान तथा संवर्द्धन नाम से जाने जाते है। इन्हीं चार घटकों के संयोजन से विपणन उद्देश्यों को प्राप्त किया जाता है।
2. **सतत् प्रक्रिया–**विपणन मिश्रण का कार्य सदैव करना पड़ता है तथा समय-समय पर विपणन मिश्रण में परिवर्तन करने की आवश्यकता होती है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि विपणन मिश्रण एक सतत् प्रक्रिया है।
3. **विपणन व्यूह रचना–**प्रत्येक संस्था को अपनी एक विपणन व्यूह रचना तैयार करनी पड़ती है। जिसमें विपणन की विभिन्न क्रियाओं, विधियों, नीतियों आदि का समावेश करना पड़ता है। इस प्रकार यह कहना ठीक होगा कि विपणन मिश्रण एक व्यूह रचना है जिसमें विभिन्न विपणन क्रियाओं का समावेश होता है।
4. **प्रभावशीलता–**विपणन मिश्रण की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर है कि विपणन मिश्रण में प्रत्येक घटक का समावेश उपक्रम की स्थिति एवं वातावरण को ध्यान में रखकर किया जाय। संक्षेप में, विपणन मिश्रण की प्रभावशीलता उसके समुचित मिश्रण पर निर्भर करता है।
5. **विपणन प्रबन्धक का कार्य–**विपणन मिश्रण एक व्यवस्थित अवधारणा है जो विपणन समस्याओं के समाधान में सहायता प्रदान करती है। विपणन मिश्रण का कार्य अतिमहत्वपूर्ण है अतः इसे विपणन प्रबन्धक द्वारा सम्पादित किया जाता है।

अतः विपणन मिश्रण के स्थान तत्व के लिए बिक्री कार्मिक अभिप्रेरणा प्रासंगिक है।

**27. Find incorrect statement /गलत कथन ज्ञात करें :**

(a) Marketers arouse emotional motives
विपणनकर्त्ता भावनात्मक उद्देश्य जागृत करते हैं।
(b) Marketers satisfy rational motives
विपणनकर्त्ता विवेकपूर्ण प्रयोजनों को संतुष्ट करते हैं।
(c) Marketers formulate different sales promotions for different motives
विपणनकर्त्ता भिन्न उद्देश्यों के लिये भिन्न बिक्री संवर्धनों को बनाते हैं।
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** विपणनकर्ता मुख्यतः
(i) भावनात्मक उद्देश्य जागृत करते है।
(ii) विवेकपूर्ण प्रयोजनों को संतुष्ट करते है।
(iii) भिन्न उद्देश्यों के लिए भिन्न बिक्री संवर्धनों को बनाते है।
अतः उपर्युक्त में से कोई नही उत्तर होगा।

**28. Non-store marketing includes**
**नॉन-स्टोर मार्केटिंग में सम्मिलित है**

(a) Home selling/ घर-घर बिक्री
(b) V.P.P./ वी.पी.पी.
(c) Vending Machines/ वेंडिंग मशीन
(d) All of the above/ उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** नॉन-स्टोर मार्केटिंग में निम्न सम्मिलित है :
(i) घर-घर बिक्री
(ii) वी.पी.पी.
(iii) वेंडिंग मशीन
अतः उपर्युक्त सभी सम्मिलित है।

**29. What is customer delight ?**
**उपभोक्ता प्रसन्नता क्या है?**

(a) Performance equal to expectation
प्रत्याशा के बराबर निष्पन्नता
(b) Performance less than expectation
प्रत्याशा से कम निष्पन्नता
(c) Performance more than expectation
प्रत्याशा से अधिक निष्पन्नता
(d) Expectation more than performance
निष्पन्नता से अधिक प्रत्याशा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** प्रत्याशा से अधिक निष्पन्नता, उपभोक्ता प्रसन्नता हैं।

**30. Which terms are often used interchangeably in marketing literature ?**
**विपणन साहित्य में किन शब्दों को प्रायः अन्तर्बदल रूप में उपयोग किया जाता है?**

(a) Concept, method, philosophy
अवधारणा, पद्धति, दर्शन
(b) Concept, approach, technique
अवधारणा, उपागम, तकनीक
(c) Orientation, concept, philosophy
उन्मुखीकरण, अवधारणा, दर्शन
(d) Philosophy, system, concept
दर्शन, प्रणाली, अवधारणा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** विपणन साहित्य में उन्मुखीकरण, अवधारणा तथा दर्शन को प्रायः अन्तर्बदल के रूप में उपयोग किया जाता हैं।

**31. Which one of the following is not the operative function of HRM ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा मानव संसाधन प्रबन्ध का क्रियात्मक कार्य नहीं है?**

(a) Development/ विकास
(b) Controlling/ नियन्त्रण
(c) Compensation/ क्षतिपूर्ति
(d) Integration/ एकीकरण

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** मानव संसाधन (ह्यूमन रिसोर्सेस) वह अवधारणा है जो जनसंख्या को अर्थव्यवस्था पर दायित्व से अधिक परिसंपत्ति के रूप में देखती है। शिक्षा प्रशिक्षण और चिकित्सा सेवाओं में निवेश के परिणाम स्वरूप जनसंख्या मानव संसाधन के रूप में बदल जाती है। मानव संसाधन उत्पादन में प्रयुक्त हो सकने वाली पूँजी है। यह मानव पूँजी कौशल और उनमें निहित उत्पादन के ज्ञान का भंडार है। यह प्रतिभाशाली और काम पर लगे हुए लोगों और संगठनात्मक सफलता के बीच की कड़ी को पहचानने का सूत्र है। यह उद्योग/संगठनात्मक मनोविज्ञान और सिद्धांत प्रणाली संबंधित अवधारणाओं से संबद्ध है। मानव संसाधन की संदर्भ के आधार पर दो व्याख्याएं मिलती हैं।

**मुख्य कार्य–**मानव संसाधन प्रबंधन निम्न महत्वपूर्ण कार्य करता हैः

1. नियुक्ति व चयन
2. प्रशिक्षण और विकास (लोग अथवा संगठन)
3. प्रदर्शन का मूल्यांकन तथा प्रबंधन
4. पदोन्नति/स्थानांतरण
5. फालतू कर्मचारियों को हटाना
6. औद्योगिक और कर्मचारी संबंध
7. सभी व्यक्तिगत आंकड़ों का रिकार्ड रखना,
8. वेतन तथा उस से संबंधित मुआवजा, पेंशन, बोनस इत्यादि
9. कार्य से सम्बंधित समस्याओं के बारे में 'आंतरिक कर्मचारियों' को गोपनीय सलाह देना
10. कैरियर का विकास
11. योग्यता परखना
12. मानव संसाधन क्रियाओं से संबंधित समय की गति का अध्ययन करना।
13. प्रदर्शन मूल्यांकन

अतः नियंत्रण मानव संशाधन प्रबंध का क्रियात्मक कार्य नहीं है।

**32. Which one of the following is not in sequence of personnel training procedure ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कार्मिक प्रशिक्षण प्रक्रिया के अनुक्रम में नहीं है?**

1. **Instructor Preparation/ अनुदेशक तैयार करना**
2. **Present the task/ कार्य प्रस्तुत करना**
3. **Try out performance/ परीक्षित निष्पन्नता**
4. **Training preparation/ प्रशिक्षण की तैयारी**
5. **Follow up/ अनुवर्तन**

(a) 1,2,3,4,5 (b) 2,1,4,3,5
(c) 1,4,2,3,5 (d) 3,1,2,5,4

**उत्तर-(a, b, d)**

**व्याख्या- कार्मिक प्रबंधन का अर्थ–**कार्मिक/मानव संसाधन प्रबंधन एक कर्मचारी कार्य है जिसका प्राथमिक भूमिका संगठन को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना है। कर्मियों के कार्य का संचालन संगठन की व्यापक रणनीति, नीतियों और संरचना पर निर्भर है। छोटी कंपनियों की तुलना में छोटी कंपनियों के पास विभिन्न कर्मियों की समस्याएं होती है।

**कार्मिक प्रबंधन की परिभाषाएं–**''कर्मियों का कार्य उस संगठन के प्रमुख लक्ष्यों या उद्देश्यों की पूर्ति के लिए योगदान देने के उद्देश्य से संगठन के कर्मियों की खरीद, विकास, मुआवजे, एकीकरण और रखरखाव से संबंधित है। इसलिए, कर्मियों का प्रबंधन उन ऑपरेटिव कार्यों के प्रदर्शन की योजना, आयोजन, निर्देशन और नियंत्रण है।'' **– एडविन बी फ्लिपो, कार्मिक प्रबंधन के सिद्धांत।**

''कार्मिक प्रबंधन प्रबंधन का क्षेत्र है जिसे श्रम बल की खरीद, विकास, रखरखाव और उपयोग करने की विभिन्न ऑपरेटिव गतिविधियों की योजना बनाने, व्यवस्थित करने और नियंत्रित करने के लिए करना है ताकि कंपनी के उद्देश्यों और ब्याज को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके। और आर्थिक रूप से यथासंभव और कर्मियों और समुदाय के सभी स्तरों के उद्देश्यों और हितों को उच्चतम डिग्री पर सेवा दी जाती है।''

**–एमजे जुखियास, कार्मिक प्रबंधन।**

**33. Under which method of performance appraisal one person is compared with all others for the purpose of placing them in a simple order of work ?**
**निष्पादन मूल्यांकन की किस पद्धति के अंतर्गत, व्यक्तियों को कार्य के सरल क्रम में रखने के उद्देश्य से एक व्यक्ति की अन्य सबके साथ तुलना की जाती है?**

(a) Grading/ ग्रेडिंग
(b) Person to Person comparison
व्यक्ति की व्यक्ति की तुलना
(c) Ranking/ रैंकिंग
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** निष्पादन मूल्यांकन की रैंकिंग पद्धति के अंतर्गत व्यक्तियों को कार्य के सरल क्रम में रखने के उद्देश्य से एक व्यक्ति की अन्य सब के साथ तुलना की जाती है।

**34. Which one of the following is not the fundamental procedure that should be considered for the collective bargaining ?**
**निम्नलिखित में से मूलभूत प्रक्रिया कौन सी नहीं है जिसे सामूहिक सौदेबाजी के लिये ध्यान में लेना चाहिये?**

(a) Prenegotiation phase/ सौदेबाजी पूर्व चरण
(b) Selection of Negotiators/ समझौताकार का चयन
(c) Tactic and Strategy of Bargaining
सौदेबाजी का तरीका एवं रणनीति
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या- सामूहिक सौदेबाजी–**दो शब्दों की योग है-सामूहिक और सौदेबाजी सामूहिक शब्द का तात्पर्य है अनेक वर्गों या व्यक्तियों का समूह सेवायोजक या मालिकों और कर्मचारियों या श्रमिकों का समूह और सौदेबाजी का अर्थ है हिला डुलाकर अनुबंध करना। इस प्रकार सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया के अन्तर्गत सेवायोजक अथवा उनके प्रतिनिधि और श्रमिक अथवा उनके संघ के प्रतिनिधि किसी विवाद के प्रकरण पर चर्चा करते है, गहन विवेचना करते है तथा समझौता करते है। वार्तालाप की इस प्रणाली के माध्यम से श्रमिक अपने हितों का संरक्षण तथा उनमें वृद्धि करने का प्रयास करते हैं। परिभाषाएं : विभिन्न संगठनों, विशेषज्ञों व विद्वानों ने सामूहिक सौदेबाजी को विभिन्न ढंगो से परिभाषित किया है,
कुछ प्रमुख परिभाषा है।
**निर्माताओं का राष्ट्रीय संघ के अनुसार–**''सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया एक ऐसी विधि है जिसके द्वारा प्रबन्ध एवं श्रमिक एक दूसरे की समस्याओं एवं दृष्टिकोण को सामने ला सकते है तथा सेवा सम्बन्धों की रूप रेखा का विकास करते है दोनों पक्ष परस्पर सहयोग, प्रतिष्ठा तथा लाभ की दृष्टि से काम करते है''
**एडविन फिलार्पो–**''सामूहिक सौदेबाजी से तात्पर्य उस प्रक्रिया से है जिसके अन्तर्गत श्रम संगठानों के प्रतिनिधि तथा व्यावसायिक संगठन के प्रतिनिधि मिलते हैं तथा एक समझौता या अनुबन्ध करने का प्रयास करते है जो कर्मचारियों एवं सेवायोजक संघ के सम्बन्धी की प्रकृति का निर्धारण करता है''।

**35.** **Assertion (A) :** Inevitably the firm must go to the external sources for lower entry jobs.
**Reason (R) :** For positions where required qualification/ experience are not met.
**अभिकथन (A) :** निम्न स्तरीय पदों के लिये फर्म को अनिवार्यतः बाह्य स्रोतों के पास जाना चाहिए।
**कारण (R) :** उन पदों के लिये जहाँ अपेक्षित योग्यता/अनुभव पूरे स्तर के नहीं हैं।
**Codes/कूटः**
(a) Both (A) and (R) are not correct.
(A) और (R) दोनों सही नहीं है।
(b) (A) is true, but (R) is false.
(A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(c) (R) is true, but (A) is false.
(R) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) Both (A) and (R) are correct.
(A) और (R) दोनों सत्य हैं।
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य हैं।

**36.** **Match the following items of List – I and List – II :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (i) | Asbestos | 1. | Lung Cancer |
| (ii) | Benzene | 2. | Cancer |
| (iii) | Ethylene Disbromide | 3. | Leukemia |
| (iv) | Kerosene | 4. | Acute Nervous System Depression |

**सूची–I और सूची–II की मदों का मिलान करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (i) | एसबेस्टोस | 1. | फेफड़े का कैंसर |
| (ii) | बैन्जीन | 2. | कैंसर |
| (iii) | एथिलाइन डिसब्रोमाइड | 3. | ल्युकेमिया |
| (iv) | केरोसीन | 4. | तीव्र नर्वस तन्त्र अवसाद |

**Codes/कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**Ans. (c) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| i. | एसबेस्टोस | 1. | फेफड़े का कैंसर |
| ii. | बैन्जीन | 3. | ल्युकेमिया |
| iii. | एथिलाइन डिसब्रोमाइड | 2. | कैंसर |
| iv. | केरोसीन | 4. | तीव्र नर्वस तन्त्र अवसाद |

**37.** **Assertion (A) :** Business Economics is tool centrics facilitating decision making in business.
**Reason (R) :** It provides an analytical understanding of economic activities.
**अभिकथन (A) :** व्यावसायिक अर्थशास्त्र व्यवसाय में निर्णय लेने को सुलभ करने हेतु उपकरण केन्द्रस्थ है।
**कारण (R) :** यह आर्थिक गतिविधियों की विश्लेषणात्मक समझ प्रदान करता है।
**Codes/कूटः**
(a) Both (A) and (R) are not correct.
(A) और (R) दोनों सही नहीं है।
(b) Both (A) and (R) are correct.
(A) और (R) दोनों सही हैं।
(c) (A) is true, but (R) is false.
(R) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।
(d) (R) is true, but (A) is false.
(A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य हैं।
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

**38.** **Demand has the following elements :**
**माँग के निम्नलिखित तत्त्व होते हैं :**
(a) Quantity/ मात्रा
(b) Price/ कीमत
(c) Time/ समय
(d) All the above/ उपर्युक्त सभी
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** माँग का नियम, उपयोगिता ह्रास सिद्धांत (Law of Diminishing Utility) पर आधारित है। यदि सभी कुछ यथावत् रहे तो वस्तु की माँग उसके मूल्य के घटने के साथ-साथ बढ़ती जाएगी और वस्तु के मूल्य में वृद्धि के साथ उसकी माँग घटती जाएगी। यही माँग का नियम है। बाजार में माँग की सूची की सहायता से माँग की रेखा बनाई जाती है जो राबिंन्स के अनुसार 'इस बात का प्रतिनिधित्व करती है कि एक बाजार में किसी विशेष समय पर भिन्न-भिन्न मूल्यों पर वस्तु की कितनी मात्रा खरीदी जाए।

माँग का सिद्धांत सार्वभौम नहीं है। निम्नांकित चार अवस्थाओं में वस्तुओं का मूल्य बढ़ जाने पर भी वस्तुओं की माँग में वृद्धि होती हैः
(क) भविष्य में वस्तु का पूर्ति में कमी होने की संभावना की स्थिति में,
(ख) शान शैकत के प्रदर्शन के लिये,
(ग) जीवनयापन के लिये वस्तु की अनिवार्यता के कारण तथा
(घ) अज्ञानता के कारण।
माँग निम्नांकित तत्वों से प्रभावित होती है–
1. आय में परिवर्तन,
2. जनसंख्या में परिवर्तन,
3. द्रव्य की मात्रा में परिवर्तन,
4. धन के वितरण में परिवर्तन,
5. व्यापार की स्थिति में परिवर्तन,
6. अन्य प्रतिस्पर्द्धी वस्तुओं के मूल्यों में परिवर्तन
7. रुचि तथा फैशन में परिवर्तन
अतः उपर्युक्त सभी माँग के तत्व है।

**39. A perfectly competitive firm attains equilibrium when**
**पूर्णतया प्रतिस्पर्धात्मक फर्म संतुलन तब प्राप्त करती है जब**
(a) AC = AR/ AC = AR है।
(b) MR = MC/ MR = MC है।
(c) MC = AC/ MC = AC है।
(d) TC = TR/ TC = TR है।
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** पूर्ण प्रतियोगिता बाजार के उस रूप का नाम है जिसमें विक्रेताओं की संख्या की कोई सीमा नहीं होती। फलतः कोई भी एक उत्पादक (विक्रेता) बाजार में वस्तु की कीमत पर प्रभाव नहीं डाल सकता। अर्थशास्त्र में बाजारको मुख्यतः दो रूपों में बांटा जाता है : पूर्ण प्रतियोगिता और अपूर्ण प्रतियोगिता। बाजार संरचना के दो चरम बिन्दुओं पर पूर्ण प्रतियोगिता और एकाधिकार हैं।
**पूर्ण प्रतियोगिता के लक्षण–**पूर्ण प्रतियोगिता के होने के लिये कुछ पूर्वानुमान लिये जाते हैं जो इस प्रकार हैं :
1. प्रत्येक उत्पादक बाजार की पूरी आपूर्ति का इतना छोटा हिस्सा प्रदान करता है की वो अकेला बाजार में वस्तु की कीमत पर कोई प्रभाव नहीं डाल सकता।
2. प्रत्येक उत्पादक के द्वारा बनाई गयी वस्तु समान होती है।
3. प्रत्येक उत्पादक बाजार में उपलब्ध उत्पादन तकनीक तक पहुंच रखता है।
4. किसी भी नये उत्पादक के बाजार में आने पर अथवा बाजार में उपस्थित किसी उत्पादक के बाजार से निकलने पर कोई रोक टोक नहीं है।
5. बाजार में विद्यमान प्रत्येक क्रेता और विक्रेता को बाजार का पूर्ण ज्ञान है।
अतः MR (सीमांत राजस्व) = MC (सीमांत लागत) है।

**40. The purpose of job evaluation is**
**कार्य मूल्यांकन का उद्देश्य है**
(a) Fixation of Responsibility
उत्तरदायित्व निश्चित करना
(b) Promotion/ संवर्धन
(c) Wage Determination/ मजदूरी का निर्धारण
(d) Transfer to a better job/ बेहतर कार्य में स्थानांतरण
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या- कार्य विश्लेषण (Job Analysis or Work Analysis)–**किसी कार्य के विषय में सूचनाओं को एकत्र करने की एक प्रक्रिया है। दूसरे शब्दों में, कार्य विश्लेषण, कार्यों का एक औपचारिक एवं विस्तृत निरीक्षण है। यह किसी कार्य के विषय में सूचनाओं के संग्रहण की एक प्रक्रिया है। इस प्रकार कार्य विश्लेषण, कार्य की विषय-वस्तु, जिन भौतिक परिस्थितियों में कार्य सम्पादित किया जाता है तथा कार्य के उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए आवश्यक पात्रताओं का व्यवस्थित अनुसंधान है।
**कार्य विश्लेषण के उद्देश्य–**कार्य विश्लेषण सम्पूर्ण मानव संसाधन प्रबन्धन गतिविधियों के लिए एक अत्यन्त आवश्यक आधार है। इसके विशेषीकृत उद्देश्यों को निम्नलिखित प्रकार से समझा जा सकता है :
1. कर्मचारियों की अधिप्राप्ति के लिए उचित एवं तर्कसंगत आधार स्थापित करना।
2. प्रत्येक कार्य के विषय में अवलोकन एवं अध्ययन के माध्यम से मानव संसाधन नियोजन के लिए आवश्यक सूचनायें उपलब्ध कराना।
3. कार्य मूल्यांकन के लिए आवश्यक तथ्यों एवं सूचनाओं को उपलब्ध कराना।
4. प्रत्येक कार्य के लिए अपेक्षित न्यूनतम स्वीकार्य पात्रताओं, निपुणताओं तथा योग्यताओं सम्बन्धी मानकों को निर्दिष्ट करके कर्मचारियों की भर्ती एवं चयन सम्बन्धी प्रक्रिया को सुगमता प्रदान करना।
5. कर्मचारियों के लिए प्रभावी प्रशिक्षण एवं विकास के कार्यक्रमों की योजना तथा विषय-वस्तु का निर्माण करने में सहायता प्रदान करना।
6. किसी कार्य विशेष को सम्पादित करने हेतु अपेक्षित योग्यता सम्बन्धी सूचना उपलब्ध कराकर मजदूरी एवं वेतन के निर्धारण में योगदान देना।
अतः कार्य मूल्यांकन का उद्देश्य मजदूरी का निर्धारण है।

**41. For testing of hypothesis $H_0 : M_1 = M_2$ and $H_1 : M_1 < M_2$, the critical value of Z at 5% level of significance when size of sample is more than 30 is**
**परिकल्पना $H_O : M_1 = M_2$ और $H_1 : M_1 < M_2$, का परीक्षण करने के लिये, जबकि सैम्पल का आकार 30 से ज्यादा होने पर, सार्थकता के 5% स्तर पर Z का क्रिटिकल मूल्य होता है।**
(a) 1.96 (b) 2.32
(c) 1.645 (d) 2.5758
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** परिकल्पना $H_0 : M_1 = M_2$ और $H_1 : M_1 < M_2$, का परीक्षण करने के लिए, जबकि सैम्पल का आकार 30 से ज्यादा होने पर, सार्थकता के 5% स्तर पर Z का क्रिटिकल मूल्य 1.645 होता है।

**42. Which of the following is the nonrandom method of selecting samples from a population?**
**समष्टि से प्रतिदर्शों के चयन की अयादृच्छिक पद्धति कौन सी है?**

(a) Stratified Sampling/ स्तरित प्रतिचयन
(b) Quota Sampling/ कोटा प्रतिचयन
(c) Systematic Sampling/ नियमित प्रतिचयन
(d) Cluster Sampling/ गुच्छेदार प्रतिचयन

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** एक सांख्यिकीय जांच में, शोधकर्ता कि दिलचस्पी आमतौर पर, एक समूह से संबंधित व्यक्तियों का, एक या एक से अधिक विशेषताओं के संबंध में भिन्नता, के अध्ययन में निहित होता है। अध्ययन के तहत व्यक्तियों के इस समूह को आबादी कहा जाता है। जनसंख्या परिमित या अनंत हो सकता है। यह स्पष्ट है कि किसी भी सांख्यिकीय जांच के लिए पूरी जनसंख्या का गणन असंभव है। उदाहरण के लिए, अगर हम भारत के प्रति व्यक्ति औसत आय का एक आकलन करना चाहते हैं, तो हमे देश के सभी कमाने वाले व्यक्तियों कि गणना करनी होगी, जो असम्भव है।
एक बड़ी आबादी या एक समूह से प्रतिनिधि प्रतिदर्श को प्राप्त करने की विधि को प्रतिचयन (सैम्पलिंग) कहा जाता है। प्रतिचयन कि पद्धति, विश्लेषण के प्रकार पर निर्भर करती है। प्रतिनिधि प्रतिदर्श के इकाइयों की कुल संख्या को प्रतिदर्श समष्टि कहा जाता है।
प्रतिदर्श पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। जब एक बड़ी आबादी से प्रतिदर्श चुना जाता है, यह विचार करना आवश्यक है कि किस प्रकार यह चुनाव किया जा रहा है। एक प्रतिनिधि प्रतिदर्श प्राप्त करने के लिए, प्रतिदर्श बेतरतीब ढंग से चुना जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, एक विश्वविद्यालय के छात्रों की औसत उम्र का निर्धारण अबादी का एक भली-भाँति प्रतिनिधित्व मिलेगा और छात्रों की औसत उम्र का अनुमानित आँकड़ा प्राप्त होगा। अतः समष्टि से प्रतिदर्शों के चयन की अयादृच्छिक पद्धति कोटा प्रतिचयन है।

**43. If the two regression coefficients are 0.8 and 0.2, then the value of coefficient of correlation is**
**यदि प्रतिगमन गुणांक क्रमशः 0.8 तथा 0.2 हैं, तो सहसम्बन्ध का गुणांक होगा**

(a) + 0.16 (b) - 0.40
(c) - 0.16 (d) + 0.40

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या- सहसम्बन्ध गुणांक**–दो चरों के परस्पर सम्बन्धों का सबसे अच्छा माप पियर्सन का सहसंबन्ध गुणांक (Pearson's Correlation Coefficient) है जिसे प्रायः सहसम्बन्ध गुणांक कहा जाता है। यह गुणांक दोनों चरों के सहप्रसरण को उनके मानक विचलनों के गुणनफल से भाग देने से प्राप्त होता है।
सहसम्बन्ध का मान +1 से कम और –1 से अधिक होता है। सहसम्बन्ध सममित होता है, अर्थात corr(X, Y) = corr(Y, X)। जब दोनों चरों में पूर्ण सीधा रैखिक सम्बन्ध (Perfect Direct (Increasing) Linear Relationship) होता है तो सहसम्बन्ध का मान +1 होता है; जब दोनों चरों में पूर्ण व्युत्क्रम रैखिक सम्बन्ध होता है तो सहसम्बन्ध का मान –1 होता है; अन्य स्थितियों में सहसम्बन्ध का मान –1 और +1 के बीच होता है। जब सहसम्बन्ध का मान शून्य के निकट होता है तो इसका अर्थ यह है कि दोनों राशियों में बहुत कम सम्बन्ध है। अतः यदि प्रतिगमन गुणांक क्रमशः 0.8 तथा 0.2 है, तो सहसंबंध का गुणांक +0.40 है।

**44. Which one of the following is a relative measure of dispersion ?**
**प्रसार का सापेक्ष माप निम्नलिखित में से क्या है?**

(a) Standard deviation/मानक विचलन
(b) Variance/ प्रसरण
(c) Coefficient of variation/ विचरण का गुणांक
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** प्रसार का सापेक्ष माप विचरण का गुणांक (Coefficient of Variation) होगा।

**45.** **Assertion (A) :** Internal factors of business environment are controllable factors.
**Reason (R) :** The company can alter or modify such factors to suit the environment.
**अभिकथन (A) :** व्यावसायिक वातावरण के आन्तरिक घटक नियन्त्रणीय घटक होते हैं।
**कारण (R) :** कम्पनी ऐसे घटकों को वातावरण के उपयुक्त बनाने के लिये परिवर्तित या संशोधित कर सकती है।
**Codes/कूट:**

(a) Both (A) and (R) are correct.
(A) और (R) दोनों सही है।
(b) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(c) Both (A) and (R) are incorrect.
(R) और (R) दोनों गलत हैं।
(d) (A) is incorrect./(A) गलत हैं।

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

**46. The concept of 'Rolling Plan' in India was introduced by the**
**भारत में 'रोलिंग प्लान' (चल योजना) की अवधारणा किसने प्रतिपादित की है?**

(a) BJP Government/ बी.जे.पी. सरकार
(b) Janta Government/ जनता सरकार
(c) Congress Government/ कांग्रेस सरकार
(d) All of the above/ उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** रोलिंग प्लान को भारत में लागू करवाने का श्रेय डी.टी. लकड़ावाला को दिया जाता है, रोलिंग प्लान (1978-1980) जनता पार्टी सरकार ने पांचवीं पंचवर्षीय योजना को खारिज कर दिया और एक नई छठी पंचवर्षीय योजना (1978-1980) पेश की। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार ने इस योजना को फिर से खारिज कर दिया था और एक नई छठी योजना बनाई गई थी। रोलिंग योजना में तीन तरह की योजनाएं शामिल थीं जिन्हें प्रस्तावित किया गया था।

**47. Which one of the following is an obstacle to globalisation ?**
**भूमण्डलीकरण की बाधा निम्नलिखित में से क्या है?**

(a) Wide base/ व्यापक आधार
(b) Niche markets/ निच बाजार
(c) Obsolescence/ अप्रचलन
(d) Competition/ प्रतिस्पर्धा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** वैश्वीकरण का शाब्दिक अर्थ स्थानीय या क्षेत्रीय वस्तुओं या घटनाओं के विश्व स्तर पर रूपांतरण की प्रक्रिया है। इसे एक ऐसी प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए भी प्रयुक्त किया जा सकता है जिसके द्वारा पूरे विश्व के लोग मिलकर एक समाज बनाते हैं तथा एक साथ कार्य करते हैं। यह प्रक्रिया आर्थिक, तकनीकी, सामाजिक और राजनीतिक ताकतों का एक संयोजन है। वैश्वीकरण का उपयोग अक्सर आर्थिक वैश्वीकरण के सन्दर्भ में किया जाता है, अर्थात व्यापार, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, पूंजी प्रवाह, प्रवास और प्रौद्योगिकी के प्रसार के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का अंतराष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं में एकीकरण। अतः भूमण्डलीकरण की बाधा अप्रचलन है।

**48. 'VSAT' technology is first followed for on-line trading by**
**ऑन-लाइन कारोबारी के लिये 'वी एस ए टी' औद्योगिकी सर्वप्रथम किसने अपनाई थी?**

(a) BSE/ बी एस ई ने
(b) OTCEI/ ओ टी सी ई आइ ने
(c) NSE/ एन एस ई ने
(d) ISE/ आइ एस ई ने

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** ऑनलाइन कारोबारी के लिए (VSAT) बी.एस.ए.टी. प्रौद्योगिकी सर्वप्रथम एनएसई (NSE) ने अपनाई थी।

**49. Match the following :**

| | List – I Years | | List – II Act |
|---|---|---|---|
| (a) | 1956 | (i) | Consumer Protection Act |
| (b) | 1986 | (ii) | Indian Companies Act |
| (c) | 1992 | (iii) | Securities and Exchange Board of India |
| (d) | 2002 | (iv) | Securitisation Act |

**निम्नलिखित का मिलान करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (a) | 1956 | (i) | उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम |
| (b) | 1986 | (ii) | भारतीय कम्पनी अधिनियम |
| (c) | 1992 | (iii) | भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड |
| (d) | 2002 | (iv) | प्रतिभूतिकरण अधिनियम |

**Codes/कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (c) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (d) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**Ans. (a) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | 1956 | ii. | भारतीय कम्पनी अधिनियम |
| b. | 1986 | i. | उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम |
| c. | 1992 | iii. | भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड |
| d. | 2002 | iv. | प्रतिभूतिकरण अधिनियम |

**50. The flagship project of Government of India launched for generating guaranteed employment in rural areas is known as**
**ग्रामीण क्षेत्रों में गारण्टीयुक्त रोजगार सृजित करने के लिये भारतीय सरकार के फ्लैगशिप परियोजना को किस रूप से जाना जाता है?**

(a) PMRY/ पी एम आर वाई
(b) MNREGA/ एम एन आर ई जी ए
(c) JRY/ जे आर वाई
(d) NREP/ एन आर ई पी

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा/MNREGA) भारत में लागू एक रोजगार गारंटी योजना है, जिसे 2 अक्टूबर 2005 को विधान द्वारा अधिनियमित किया गया। यह योजना प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किसी भी ग्रामीण परिवार के उन वयस्क सदस्यों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराती है जो प्रतिदिन 220 रुपये की सांविधिक न्यूनतम मजदूरी पर सार्वजनिक कार्य-सम्बंधित अकुशल मजदूरी करने के लिए तैयार हैं। 2010-11 वित्तीय वर्ष में इस योजना के लिए केंद्र सरकार का परिव्यय 40,100 करोड़ रुपए था।
इस परियोजना को ग्रामीण लोगों की क्रय शक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, मुख्य रूप से ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों के लिए अर्ध-कौशलपूर्ण या बिना कौशलपूर्ण कार्य, चाहे वे गरीबी रेखा से नीचे हों या ना हों। नियत कार्य बल का करीब एक तिहाई महिलाओं से निर्मित है। सरकार एक कॉल सेंटर खोलने की योजना बना रही है, जिसके शुरू होने पर शुल्क मुक्त नंबर 1800-345-22-44 पर संपर्क किया जा सकता है। शुरू में इसे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (NREGA) कहा जाता था, लेकिन 2 अक्टूबर 2009 को इसका पुनः नामकरण किया गया।

**51. The conflicts in project ranking in capital budgeting as per NPV and IRR may arise because of**
**एन पी वी तथा आई आर आर के अनुसार पूँजीगत बजटन में परियोजना श्रेणीकरण सम्बन्धित विरोध किस कारण उत्पन्न होते हैं?**

(a) Size disparity/ आकार विषमता
(b) Time disparity/ समय की विषमता
(c) Life disparity/ जीवन की विषमता
(d) All the above/ उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** पूंजी बजट वह प्रक्रिया है जिसमें एक व्याार संभावित बड़े खर्च या निवेश का निर्धारण और मूल्यांकन करता है। इन व्यय और निवेश में एक नया संयंत्र बनाने या लंबी अवधि के उद्यम में निवेश जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। अक्सर, एक कंपनी संभावित परियोजना के जीवनकाल नकद प्रवाह और बहिर्वाह का आकलन करने के लिए आकलन करती है कि क्या संभावित रिटर्न उत्पन्न एक पर्याप्त लक्ष्य बेंचमार्क को पूरा करते हैं, जिसे "निवेश मूल्यांकन" भी कहा जाता है। पूंजी बजट निवेश के प्राथमिक लक्ष्यों में से एक है फर्म के मूल्य को शेयरधारकों को बढ़ाने के लिए है।

पूंजी बजट में कई औपचारिक तरीकों का उपयोग किया जाता है, जिनमें तकनीकें शामिल हैं जैसे कि वापसी की लेखा दर, औसत लेखांकन वापसी, ऋण वापसी की अवधि, शुद्ध वर्तमान मूल्य, लाभप्रदता सूचकांक, वापसी की आंतरिक दर, वापसी की संशोधित आंतरिक दर, समान वार्षिक लागत, असली विकल्प मूल्यांकन। ये विधियां प्रत्येक संभावित निवेश, या परियोजना से बढ़ती नकद प्रवाह का उपयोग करती हैं। लेखांकन आय और लेखांकन नियमों के आधार पर तकनीक का कभी-कभी उपयोग किया जाता है-हालांकि अर्थशास्त्री इसे अनुचित मानते हैं-जैसे कि वापसी की लेखांकन दर, और "निवेश पर वापसी"। सरलीकृत और हाइब्रिड विधियों का भी उपयोग किया जाता है, जैसे कि पेबैक अवधि और छूट वाली वापसी अवधि। आदर्श रूप से, व्यवसायों को सभी परियोजनाओं और अवसरों का पीछा करना चाहिए जो शेयरधारक मूल्य को बढ़ाते हैं। हालांकि, क्योंकि नई परियोजनाओं के लिए उपलब्ध पूंजी की मात्रा सीमित है, प्रबंधन को पूंजी बजटीय तकनीकों का उपयोग करने की आवश्यकता है यह निर्धारित करने के लिए कि कौन सी परियोजनाएं लागू अवधि पर अधिकतर रिटर्न प्राप्त करेंगी। पूंजीगत बजट के विभिन्न तरीकों में थ्रूपुट विश्लेषण, शुद्ध वर्तमान मूल्य, वापसी की आंतरिक दर, समतुल्य वार्षिकी विधि, छूट नकद प्रवाह शामिल हो सकते हैं।

**52. The degree of financial leverage reflects the responsiveness of**
**वित्तीय उत्तोलन/लीवरेज की डिग्री निम्नलिखित की प्रतिक्रियाशीलता प्रगट करती है :**

(a) Operating income to changes in total revenue
कुल आगम में परिवर्तनों के प्रति परिचालन आय
(b) EPS to changes in EBIT
ई बी आई टी में परिवर्तनों पर ई पी एस
(c) EPS to changes in total revenue
कुल आगम में परिवर्तनों पर ई पी एस
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** डीएफएल अपने ईबीआईटी में प्रति इकाई परिवर्तन के लिए कंपनी के ईपीएस में प्रतिशत में बदलाव को निर्धारित करता है। एक निश्चित अवधि के दौरान ईबीआईटी में प्रतिशत परिवर्तन द्वारा कंपनी की डीएफएल की गणना ईपीएस में एक कंपनी के प्रतिशत में बदलाव को विभाजित करके की जाती है। इसे ईबीआईटी कम ब्याज व्यय द्वारा कंपनी की ईबीआईटी को विभाजित करके भी गणना की जा सकती है। ब्याज और करों (ईबीआईटी) से पहले अपनी आय में कोई बदलाव आया है, तो एक शेयर की प्रति शेयर आय (ईपीएस) की संवेदनशीलता निर्धारित करने के लिए फंडामेंटल विश्लेषण वित्तीय उत्तोलन (डीएफएल) का उपयोग करता है। जब किसी कंपनी में एक उच्च डीएफएल होता है, तो आम तौर पर इसमें उच्च ब्याज भुगतान होते हैं ब्याज भुगतान का उच्च स्तर नकारात्मक रूप से ईपीएस को प्रभावित करता है।

**53. The overall capitalisation rate and the cost of debt remain constant for all degrees of financial leverage is advocated by**
**सभी श्रेणियों/डिग्रियों के वित्तीय लीवरेज (उत्तोलन) के लिये सम्पूर्ण पूँजीकरण दर तथा ऋण की लागत स्थिर रहती है इसकी किसने वकालत की?**

(a) Traditional Approach/ पारम्परिक उपागम
(b) Net Income Approach/ शुद्ध आय उपागम
(c) Net Operating Income Approach
शुद्ध परिचालन आय उपागम
(d) M-M-Approach/ एम-एम उपागम

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** शुद्ध परिचालन आय सिद्धान्त शुद्ध परिचालन आय सिद्धान्त का प्रतिपादन भी डेविड (Devid Durand) द्वारा ही किया गया था। परन्तु यह सिद्धान्त शुद्ध आय या सिद्धान्त से एकदम विपरीत है। इस सिद्धान्त के अनुसार पूंजी की लागत और कम्पनी के मध्य किसी भी प्रकार का सम्बन्ध नहीं होता है अर्थात पूंजी संरचना में परिवर्तन से कम्पनी के मूल्य में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता है। कम्पनी की पूंजी संरचना में जब ऋण पूंजी का अनुपात बढ़ाया जाता है तब पूंजी की कुल लागत में कमी होती है क्योंकि ऋण वित्त का सबसे सस्ता साधन होता है। परन्तु इसके साथ ही ऋण पूंजी में वृद्धि होने से ब्याज का भार भी बढ़ता जाता है। जिससे वृद्धि हो जाती है। और वे अधिक प्रत्याय की आशा कम्पनी में करने लगते हैं। इसके परिणामस्वरूप समता लागत में जो कुछ भी कमी आती है, वह समता अंश पूंजी में जोखिम में वृद्धि के कारण समाप्त हो जाती है। और पूंजी संरचना में परिवर्तन का कम्पनी के मूल्य पर पड़ने वाला प्रभाव शून्य हो जाता है। इस प्रकार शुद्ध परिचालन आय सिद्धान्त यह बताता है कि कोई पूंजी संरचना अनुकूलतम नहीं होती है जो कम्पनी की पूंजी लागत एवं कम्पनी के मूल्य को प्रभावित करती हो। शुद्ध परिचालन आय का सिद्धान्त निम्नलिखित मान्यताओं पर आधारित है–

1. निगम कर का अस्तित्व नहीं होता है।
2. संस्था की कुल पूंजी को समता पूंजी एवं ऋण पूंजी में विभाजित करना महत्वहीन है क्योंकि विनियोक्ता संस्था की कुल आय का पूंजीकरण करके संस्था का मूल्य ज्ञात करता है।
3. पूंजी संरचना में ऋण पूंजी के अनुपात में वृद्धि होने से अंशधारियों की जोखिम धारणा में परिवर्तन होता है।
4. पूंजी की कुल लागत ऋण एवं समता मिश्रण के सभी स्तरों पर एक समान रहती है।

इस सिद्धान्त के अनुसार संस्था का कुल मूल्य शुद्ध परिचालन आय को समग्र पूंजीकरण दर से पूंजीकृत करके ज्ञात किया जाता है।

**54. Which of the following is not included in the assumptions on which Myron Gordon proposed a model on stock valuation ?**
**माइरोन गॉर्डन ने जिन मान्यताओं पर स्टॉक मूल्यांकन का मॉडल प्रस्तावित किया है उनमें निम्नलिखित में से क्या समविष्ट नहीं है?**

(a) Retained earnings, the only source of financing
प्रतिधारित अर्जन, वित्तपोषण का एक मात्र स्रोत
(b) Finite life of the firm/ फर्म का सीमित जीवन
(c) Taxes do not exist/ कर का विद्यमान न होना
(d) Constant rate of return on firm's investment
फर्म के निवेश पर प्रतिफल की स्थिर दर

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** माइरोन गॉर्डन ने जिन मान्यताओं पर स्टॉक मूल्यांकन का मॉडल प्रस्तावित किया है, उनमें निम्नलिखित सम्मिलित है : (i) फर्म के निवेश पर प्रतिफल, (ii) प्रतिधारित अर्जन, वित्तपोषण का एक मात्र स्त्रोत, (iii) कर का विद्यमान न होना।
अतः फर्म का सीमित जीवन इसमें समाविष्ट नही हैं।

**55. Match the following :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (i) | Factoring services | (a) | Cash Management |
| (ii) | Economic Order Quantity | (b) | Receivable Management |
| (iii) | Commercial paper | (c) | Inventory Management |
| | | (d) | Working Capital Financing |

**निम्नलिखित का मिलान करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (i) | लेनदारी लेखा क्रय सेवाएँ | (a) | नकद प्रबन्धन |
| (ii) | आर्थिक आदेश मात्रा | (b) | प्राप्यों का प्रबन्धन |
| (iii) | वाणिज्यिक पत्र | (c) | रहतिया प्रबन्धन |
| | | (d) | कार्यशील पूँजी वित्त पोषण |

**Codes/कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) |
|---|---|---|---|
| (a) | (a) | (c) | (b) |
| (b) | (c) | (b) | (a) |
| (c) | (b) | (c) | (d) |
| (d) | (b) | (a) | (c) |

**Ans. (c) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| i. | लेनदारी लेखा क्रय सेवाएँ | b. | प्राप्यों का प्रबन्धन |
| ii. | आर्थिक आदेश मात्रा | c. | रहतिया प्रबन्धन |
| iii. | वाणिज्यिक पत्र | d. | कार्यशील पूँजी वित्त पोषण |

**56. Assertion (A) :** International business focuses on global resources, opportunities to buy/sell worldwide.
**Reason (R) :** The efforts of IMF, World Bank and WTO to liberalise their economies led to globalisation.
**अभिकथन (A) :** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्वभर में क्रय/विक्रय के लिये वैश्विक संसाधनों, अवसरों पर ध्यान केन्द्रित करता है।
**कारण (R) :** अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्वतन्त्र करने के लिये आई एम एफ, विश्व बैंक तथा डब्ल्यू. टी ओर के प्रयासों ने वैश्वीकरण की ओर प्रवृत्त किया है।

**Codes/कूटः**
(a) Both (A) and (R) are true.
(A) और (R) दोनों सत्य हैं।
(b) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों असत्य हैं।
(c) (A) is true, but (R) is false.
(R) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) is false, but (R) is true.
(A) असत्य हैं, परन्तु (R) सत्य हैं।

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं।

**57. Match the items of List – I with items of List – II :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (i) | Wider Market | 1. | Modes of Entry |
| (ii) | Turn key Projects | 2. | Goal of International Business |
| (iii) | Expanding the production capacities | 3. | Advantages of International Business |
| (iv) | Geocentric approach | 4. | Stage of Globalisation |

**सूची–I की मदों को सूची–II की मदों के साथ सुमेलित करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (i) | व्यापक बाजार | 1. | प्रवेश के ढंग |
| (ii) | टर्न की प्रोजेक्ट्स | 2. | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का लक्ष्य |
| (iii) | उत्पादन की क्षमताओं विस्तारीकरण | 3. | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के का लाभ |
| (iv) | भूकेन्द्रिक उपागम | 4. | वैश्वीकरण की अवस्था |

**Codes/कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Ans. (b) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| i. | व्यापक बाजार | 3. | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभ |
| ii. | टर्न की प्रोजेक्ट्स | 1. | प्रवेश के ढंग |
| iii. | उत्पादन की क्षमताओं का विस्तारीकरण | 2. | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का लक्ष्य |
| iv. | भूकेन्द्रिक उपागम | 4. | वैश्वीकरण की अवस्था |

58. **BRICS includes**
**बी आर आई सी एस (BRICS) में शामिल हैं**
(a) Bhutan, Romania, Indonesia, Chile and South Korea/ भूटान, रूमानिया, इंडोनेशिया, चीली और दक्षिण कोरिया
(b) Brazil, Russia, Indonesia, Chile and Sudan ब्राजील, रूस, इंडोनेशिया, चीली और सूडान
(c) Brazil, Russia, India, China and South Africa ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका
(d) Britain, Russia, India, Czechoslovakia, Sri Lanka/ब्रिटेन, रूस, भारत, चेकोस्लोवाकिया, श्रीलंका

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** ब्रिक्स (BRICS) उभरती राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं के एक संघ का शीर्षक है। इसके घटक राष्ट्र ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। इन्हीं देशों के अंग्रेजी में नाम के प्रथमाक्षरों B, R, I, C व S से मिलकर इस समूह का यह नामकरण हुआ है। मूलतः, 2010 में दक्षिण अफ्रीका के शामिल किए जाने से पहले इसे ''ब्रिक'' के नाम से जाना जाता था। रूस को छोड़कर, ब्रिक्स के सभी सदस्य विकासशील या नव औद्योगीकृत देश हैं जिनकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। ये राष्ट्र क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। वर्ष 2013 तक, पाँचों ब्रिक्स राष्ट्र दुनिया के लगभग 3 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक अनुमान के अनुसार ये राष्ट्र संयुक्त विदेशी मुद्रा भंडार में 4 खरब अमेरिकी डॉलर का योगदान करते हैं। इन राष्ट्रों का संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 15 खरब अमेरिकी डॉलर का है। वर्तमान में, दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता करता है। ब्रिक्स का 10वां शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका में हुआ। इसकी स्थापना 2009 में हुए। इसके सदस्य देश 5 है।

59. **Out of the following, one is not related with WTO :**
**निम्नलिखित में से एक डब्लू. टी. ओ. से सम्बन्धित नहीं हैं :**
(a) TRIPS/ टी आर आई पी एस
(b) Ministerial Conference/ मंत्रिमंडलीय कॉन्फ्रेंस
(c) TRIMS/ टी आर आई एम एस
(d) TRAI/ टी आर ए आई

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** विश्व व्यापार संगठन (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन/ डब्ल्यूटीओ) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो विश्व व्यापार के लिए नियम बनाता है। इसकी स्थापना 1995 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनाए गए गैट (GATT) के स्थान पर लाने के लिए की गई थी। वर्तमान समय में इसके 164 सदस्य हैं।

डब्ल्यूटीओ के सचिव और महानिदेशक जेनेवा में निवास करते हैं। सचिवालय जिसमें अब केवल 550 लोग काम करते हैं और संगठन के सभी पहलुओं के संचालन का प्रशासनिक कार्य संभालते हैं। सचिवालय के पास कानूनी निर्णय लेने की कोई शक्ति नहीं है लेकिन ऐसा करने वालों को यह महत्वपूर्ण सेवाएं और परामर्श प्रदान करता है।

**संरचना–**डब्ल्यूटीओ की मूल संरचना में निम्नलिखित निकाय हैं–मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (Ministerial Council) : यह डब्ल्यूटीओ का शासी निकाय है। यह संगठन की रणनीतिक दिशा तय करने और अपने अधिकार क्षेत्र के तहत समझौतों पर सभी अंतिम निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार होता है। इसमें सभी सदस्य देशों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री होते हैं।

**सामान्य काउंसिल (General Council)–**व्यवहार में, ज्यादातर मामलों के लिए यह डब्ल्यूटीओ का फैसला करने वाला मुख्य अंग है। इसमें सभी सदस्य देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि (सामान्यतः पर राजदूत स्तर के) होते हैं। यह डब्ल्यूटीओ के प्रतिदिन के कारोबार और प्रबंधन की देखरेख के लिए जिम्मेदार होता है। नीचे वर्णित निकायों में से कई सीधे सामान्य काउंसिल को रिपोर्ट करते हैं।

**व्यापार नीति समीक्षा निकाय (The Trade Policy Review Body)–**यह उरुग्वे राउंड के बाद बने व्यापार नीति समीक्षा तंत्र की देखरेख करता है। यह सभी सदस्य देशों की व्यापार नीतियों की आवधिक समीक्षा करता है। इसमें भी डब्ल्यूटीओ के सभी सदस्य होते हैं।

**विवाद निपटान निकाय (Dispute Settlement Body)–** जिन देशों के बीच व्यापार सम्बन्धी कोई विवाद होता है तो वे इसी निकाय के सामने अपील कर न्याय मांगते हैं। यह सभी डब्ल्यूटीओ समझौतों के लिए विवाद समाधान प्रक्रिया के कार्यान्वयन और प्रभावशीलता एवं डब्ल्यूटीओ विवादों पर दिए गए फैसलों के कार्यान्वयन की देखरेख करता है। इसमें भी डब्ल्यूटीओ के सभी सदस्य आते हैं।

**वस्तुओं एवं सेवाओं में व्यापार पर परिषद (The Councils on Trade in Goods and Trade in Services)–**यह वस्तुओं (कपड़ा और कृषि जैसे) और सेवाओं में व्यापार पर हुए आम एवं विशेष समझौतों के विवरणों की समीक्षा के लिए तंत्र प्रदान करते हैं। यह जनरल काउंसिल के जनादेश के तहत काम करती है। इसमें सभी सदस्य देश शामिल रहते हैं।

अतः टीआरएआई (TRAI) डब्ल्यूटीओ (W.T.O) से सम्बन्धित नही है।

60. **Balance of Payment includes components**
**भुगतान संतुलन में निम्नलिखित संघटक सम्मिलित होते हैं :**
(a) Current Account, Capital Account, Unilateral Payments Accounts, Official Settlement Account/चालू खाता, पूँजी खाता, एकपार्श्विक भुगतान खाता, शासकीय खाता
(b) Revenue Account, P & L Account, Capital Account, Official Account/ आगम खाता, लाभ-हानि खाता, पूँजीगत खाता, शासकीय खाता
(c) Trade Account, Activity Account, Revenue Account, Currency Account/ व्यापार खाता, गतिविधि खाता, आगम खाता, करेन्सी खाता
(d) Forex Account, Trade Account, Funds Account
फोरेक्स खाता, व्यापार खाता, निधियों का खाता

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामान्यतः सभी देश एक दूसरे के साथ माल का आयात निर्यात करते हैं, सेवाओं का आदान प्रदान करते हैं और राशि का लेन देन भी करते हैं। इस प्रकार एक निश्चित अवधि के पश्चात् इन सभी मदों पर लेन देन का यदि हिसाब निकाला जाय तो किसी एक देश को दूसरे से भुगतान लेना

शेष होता है और दूसरे देश को किसी तीसरे देश का भुगतान चुकाना शेष रहता है। विभिन्न देशों के बीच इस प्रकार के परस्परिक लेन देन के शेष को भुगतान शेष (Balance of payments) कहते हैं। यों कहना चाहिए कि किसी निश्चित तिथि को एक देश द्वारा अन्य देशों को चुकाई जानेवाली सकल राशि तथा अन्य देशों से उसे प्राप्त होने वाली सकल राशि के अंतर को उस देश का 'भुगतान शेष' कहते हैं। अतः भुगतान संतुलन में निम्न संघटक सम्मिलित होते है :
(i) चालू खाता, (ii) पूँजी खाता, (iii) एक पार्श्विक भुगतान खाता, (iv) शासकीय खाता।

**61.** **Assertion (A) :** International Monetary Fund was set up in 1944.
**Reason (R) :** To promote international monetary cooperation through a permanent institution which provides machinery for consultation and collaboration on international monetary problems.
**अभिकथन (A) :** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष 1944 में स्थापित हुआ था।
**कारण (R) :** अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग को एक स्थायी संस्था के माध्यम से बढ़ावा देने के लिये स्थापित हुआ जो कि अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक समस्याओं पर परामर्श तथ सहयोग की प्रणाली प्रदान करता है।
**Codes/कूटः**
(a) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों असत्य हैं।
(b) Both (A) and (R) are true.
(A) और (R) दोनों सत्य हैं।
(c) (A) is true, but (R) is false.
(A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (R) is true, but (A) is false.
(R) सत्य हैं, परन्तु (A) असत्य हैं।
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं।

**62.** **The commercial banks do not perform one function out of the following :**
**वाणिज्यिक बैंक निम्नलिखित में से एक कार्य नहीं करते हैं :**
(a) Mobilisation of savings/बचतों का संग्रहण
(b) Giving Loans and Advances
ऋण तथा अग्रिम देना
(c) Issuing Currency Notes
करेन्सी नोट निर्गमित/जारी करना
(d) Financing Priority Sectors
प्राथमिक क्षेत्रों को वित्तपोषित करना
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** बैंक (Bank) उस वित्तीय संस्था को कहते हैं जो जनता से धनराशि जमा करने तथा जनता को ऋण देने का काम करती है। लोग अपनी बचत राशि को सुरक्षा की दृष्टि से अथवा ब्याज कमाने के हेतु इन संस्थाओं में जमा करते और आवश्यकतानुसार समय समय पर निकालते हैं। बैंक इस प्रकार जमा से प्राप्त राशि को व्यापारियों एवं व्यवसायियों को ऋण देकर ब्याज कमाते हैं। आर्थिक आयोजन के वर्तमान युग में कृषि, उद्योग एवं व्यापार के विकास के लिए बैंक एवं बैंकिंग व्यवस्था एक अनिवार्य आवश्यकता मानी जाती है। राशि जमा रखने तथा ऋण प्रदान करने के अतिरिक्त बैंक अन्य काम भी करते हैं जैसे, सुरक्षा के लिए लोगों से उनके आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएँ जमा रखना, अपने ग्राहकों के लिए उनके चेकों का संग्रहण करना, व्यापारिक बिलों की कटौती करना, एजेंसी का काम करना, गुप्त रीति से ग्राहकों की आर्थिक स्थिति की जानकारी लेना देना। अतः बैंक केवल मुद्रा का लेन देन ही नहीं करते वरन् साख का व्यवहार भी करते हैं। इसीलिए बैंक को साख का सृजनकर्ता भी कहा जाता है। बैंक देश की बिखरी और निठल्ली संपत्ति को केंद्रित करके देश में उत्पादन के कार्यों में लगाते हैं जिससे पूँजी निर्माण को प्रोत्साहन मिलता है और उत्पादन की प्रगति में सहायक मिलती है।
**सेवाएँ–** बैंक की क्रियाओं और सेवाओं को चार वर्गों में बाँटा जा सकता है :
1. जनता से राशि लेकर जमा करना,
2. जनता को ऋण तथा अग्रिम धन देना,
3. ग्राहकों के लिए एजेंट बनकर काम करना,
4. विविध सेवाएँ प्रदान करना।
अतः करेन्सी नोट निर्गमित/जारी करना, वाणिज्यिक बैंक का नही, बल्कि रिजर्व बैंक का कार्य है।

**63.** **There are two lists of items, match the items of List – I with items of List – II :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (i) | Reserve Bank of India | 1. | NPA |
| (ii) | EXIM Bank | 2. | Facilitating Small Scale Industries |
| (iii) | SIDBI | 3. | Credit Control |
| (iv) | Capital Adequacy | 4. | Export/Import Financing |

**सूची–I की मदों को सूची–II की मदों के साथ सुमेलित करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (i) | रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया | 1. | एन पी ए |
| (ii) | एक्सिम बैंक | 2. | लघु पैमाने के उद्योगों की सुविधाएँ प्रदान करना |
| (iii) | एस आई डी बी आई | 3. | साख नियन्त्रण |
| (iv) | पूँजी पर्याप्तता | 4. | निर्यात/आयात **वित्तपोषण** |

**Codes/कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**Ans. (d) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| i. | रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया | 3. | साख नियन्त्रण |
| ii. | एक्सिम बैंक | 4. | निर्यात/आयात वित्तपोषण |
| iii. | एस आई डी बी आई | 2. | लघु पैमाने के उद्योगों की सुविधाएँ प्रदान करना |
| iv. | पूँजी पर्याप्तता | 1. | एन पी ए |

**64. One of the items is not related with e-banking :**
**निम्नलिखित में से एक मद ई-बैंकिग से सम्बन्धित नहीं है :**

(a) Demand Draft/ डिमांड ड्राफ्ट
(b) SPNS/ एस पी एन एस
(c) ECS/ ई सी एस
(d) ATM/ ए टी एम

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** ई-बैंकिंग से सम्बन्धित निम्न यह है :
(i) एसपीएनएस (SPNS), (ii) ईसीएस (ECS), (iii) एटीएम (ATM)। अतः डिमांड ड्राफ्ट ई-बैंकिंग से सम्बन्धित नही है।

**65. Assertion (A) :** The Treasury Manager uses the derivatives in the Bond market as well as in Forex market.
**Reason (R) :** It helps risk coverage.
**अभिकथन (A) :** कोषागार प्रबन्धक बाण्ड बाजार में तथा फोरेक्स बाजार में व्युत्पन्नों का उपयोग करता है।
**कारण (R) :** यह जोखिम कवरेज में सहायता करता है।

**Codes/कूटः**
(a) Both (A) and (R) are false.
(A) और (R) दोनों असत्य हैं।
(b) Both (A) and (R) are true.
(A) और (R) दोनों सत्य हैं।
(c) (A) is true, but (R) is false.
(A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (R) is true, but (A) is false.
(R) सत्य हैं, परन्तु (A) असत्य हैं।

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं।

**66. Factoring and forfeiting have not taken off in the Indian economy due to lack of expertise and experience. One is not included in the factoring services rendered.**
**भारतीय अर्थव्यवस्था में, विशेषज्ञता तथा अनुभव के अभाव में फेक्टरिंग तथा फोरफेटिंग प्रारम्भ नहीं हुए हैं। फेक्टरिंग सेवाओं में निम्नलिखित में से एक सम्मिलित नहीं हैः**

(a) Purchase of book debts and receivables
पुस्तकीय लेनदारों और प्राप्य विपत्रों की खरीद
(b) Prepayment of debts partially or fully
ऋणों का आंशिक या पूर्णतः भुगतान
(c) Giving advice/ सलाह देना
(d) Covering the credit risk of the suppliers
आपूर्तिकर्त्ताओं के ऋण जोखिम को कवर करना

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** फैक्टरिंग एक वित्तीय लेन-देन है जिसमें कंपनियां अपनी प्राप्तियां वित्तीय संस्थानों को बेची गई दर पर कारक के तौर पर बेचती हैं। कारक फिर ऋणी से कुल राशि ठीक हो जाता है फैक्टरिंग एक प्रकार का चालान वित्तपोषण है। देनदारों का भुगतान करने के लिए इंतजार करने के बजाय तुरंत नकदी प्राप्त करने के लिए एक व्यापार कारक इसके खातों को प्राप्त करने योग्य होता है निर्यात फैक्टरिंग का उपयोग अक्सर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार लेनदेन में किया जाता है जिसमें एक कंपनी फैक्टोरिंग की प्रक्रिया के माध्यम से अपने विदेशी खातों को प्राप्त करता है जिससे क्रेडिट जोखिम को नष्ट हो जाता है। कई तरह के फैक्टरिंग हैं जिनमें शामिल हैं गैर-सहारा फैक्टरिंग, सहारा फैक्टरिंग, निर्यात फैक्टरिंग, ऋण फैक्टरिंग, वाणिज्यिक फैक्टरिंग और रिवर्स फैक्टरिंग।
अतः फैक्टरिंग सेवाओं में सलाह देना सम्मिलित नही है।

**67. Which one is not the form of FDI ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा एफ डी आई का रूप नहीं है?**

(a) Purchase of existing assets in foreign currency
विद्यमान परिसम्पत्तियों का विदेशी करेन्सी में क्रय
(b) New Investment in property, plant, equipment/ सम्पत्ति, संयंत्र, उपकरण में नूतन निवेश
(c) Making investment in the mutual funds
म्यूच्युअल फंड्स में निवेश करना
(d) Transfer of many types of assets
बहुत से प्रकार की परिसम्पत्तियों का स्थानांतरण

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-** किसी एक देश की कंपनी का दूसरे देश में किया गया निवेश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (फॉरेन डाइरेक्ट इन्वेस्टमेन्ट / एफडीआई) कहलाता है। ऐसे निवेश से निवेशकों को दूसरे देश की उस कंपनी के प्रबंधन में कुछ हिस्सा हासिल हो जाता है जिसमें उसका पैसा लगता है। आमतौर पर माना यह जाता है कि किसी निवेश को एफडीआई का दर्जा दिलाने के लिए कम-से-कम कंपनी में विदेशी निवेशक को 10 फीसदी शेयर खरीदना पड़ता है। इसके साथ उसे निवेश वाली कंपनी में मताधिकार भी हासिल करना पड़ता है।
प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के निम्न तरीकों से किया जा सकता है–
1. चिंतित उद्यम के प्रबंधन में भाग लेने के लिए आदेश में मौजूदा विदेशी उद्यम के शेयरों का अधिग्रहण किया जा सकता है।
2. मौजूदा उद्यम और कारखानों पर लिया जा सकता है।
3. 100% स्वामित्व के साथ एक नई सहायक कंपनी विदेशों में स्थापित किया जा सकती है।
4. यह शेयर धारिता के माध्यम से एक संयुक्त उद्यम में भाग लेने के लिए संभव है।
5. नई विदेशी शाखाओं, कार्यालयों और कारखानों की स्थापना की जा सकती है।
6. मौजूदा विदेशी शाखाओं और कारखानों का विस्तार किया जा सकता है।
7. अल्पसंख्यक शेयर अधिग्रहण, उद्देश्य उद्यम के प्रबंधन में भाग लेने के लिए है।

अतः म्यूच्यूअल फंड्स में निवेश करना एफ.डी.आई (FDI) का रूप नही है।

**68. Match the items of List – I with items of List – II :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| 1. | Measures towards globalization | I. | Globalisation |
| 2. | Off-shoring | II. | FEMA |
| 3. | FERA | III. | Liberalise the inflow of FDI |
| 4. | Mr. Aruthur Dunkel | IV. | Uruguay Round |

**सूची–I की मदों को सूची–II की मदों के साथ सुमेलित करें :**

| **सूची–II** | **सूची–II** |
|---|---|
| 1. वैश्वीकरण का माप | I. वैश्वीकरण |
| 2. अपतटीकरण | II. फेमा (एफ ई एम ए) |
| 3. एफ ई आर ए | III. एफ डी आई के अंतःवाह का उदारीकरण |
| 4. श्री ऑर्थर डंकल | IV. उरूग्वे सत्र |

**Codes/कूट :**

| | **1** | **2** | **3** | **4** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | III | I | II | IV |
| (b) | II | I | III | IV |
| (c) | IV | II | I | III |
| (d) | I | II | IV | III |

**Ans. (a) :**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| 1. | वैश्वीकरण का माप | iii. | एफ डी आई के अंतःवाह का उदारीकरण |
| 2. | अपतटीकरण | i. | वैश्वीकरण |
| 3. | एफ ई आर ए | ii. | फेमा (एफ ई एम ए) |
| 4. | श्री ऑर्थर डंकल | iv. | उरूग्वे सत्र |

**69. Which one of the following is not the advantage of MNCs to the host country ?**
**निम्नलिखित में कौन सा एमएनसी का मेजबान देश के लिये लाभ नहीं है?**

(a) Increase in social activity
सामाजिक गतिविधि में वृद्धि
(b) Increase in economic activity
आर्थिक गतिविधि में वृद्धि
(c) Utilisation of natural resources
प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग
(d) R & D efforts enhanced
आर एवं डी प्रयासों को बढ़ाना

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ/निगम वह संगठन होते हैं जो अपने देश की तुलना में एक या एक से अधिक देशों में वस्तुओं या सेवाओं के उत्पादन को नियंत्रित करते हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अपने देश के अलावा कम से कम एक अन्य देश में सेवाएं और अन्य संपत्ति होती हैं। ऐसी कंपनियों के विभिन्न देशों में कार्यालय और कारखानें होते हैं और आमतौर पर एक केंद्रीकृत प्रधान कार्यालय होता हैं जहाँ पर वे वैश्विक प्रबंधन की व्यवस्था करते हैं।

**फायदें–**

1. रोजगार सृजन-बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मेजबान देशों में बड़े पैमाने पर रोगजार के अवसर पैदा करते हैं। यह देशों के लिये बहुराष्ट्रीय कंपनियों का एक बड़ा लाभ हैं, जहाँ बेरोजगारी ज्यादा होता हैं।
2. बेकार संसाधनों के समुचित उपयोग-अपने उन्नत तकनीकी ग्यान की वजह से, बहुराष्ट्रीय कंपनियों की स्थिति में ठीक में मेजबान देश के निष्क्रिय भौतिक और मानव संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। यह मेजबान देश की राष्ट्रीय आय में वृद्धि का परिणाम हैं।
3. भुगतान स्थिति के संतुलन में सुधार-बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मेजबान देशों ने अपने निर्यात को बढ़ाने के लिये मदद करते हैं। जैसे-वे मेजबान देश भुगतान की स्थिति की अपनी बैलेंस पर सुधार करने के लिए मदद करते हैं। अतः एमएनसीस (MNCs) का मेजबान देश के लिए सामाजिक गतिविधि में वृद्धि लाभ नही है।

**70. India suffered from deficit balance both in trade balance and net invisibles, hence, took up a number of steps to manage this problem. Which one is not appropriate for this ?**
**भारत को व्यापार संतुलन तथा शुद्ध/निवल अदृश्य वस्तुओं दोनों में घाटा हुआ, इसलिये, उस समस्या से निबटने के लिये कई उपाय किये गये। निम्नलिखित में से कौन सा इसके लिये उपयुक्त नहीं है?**

(a) Export control/निर्यात नियन्त्रण
(b) Current Account Convertibility
चालू खाता परिवर्तनशीलता
(c) Liberalised Export Policy/उदारीकृत निर्यात नीति
(d) Unified Exchange Rate/एकीकृत विनिमय दर

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-** चालू खाते का घाटा और व्यापार घाटा समझने के लिए सबसे पहले हमें भुगतान संतुलन की अवधारणा को समझना होगा। अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) के अनुसार भुगतान संतुलन एक स्टेटिस्टीकल स्टेटमेंट है जो एक देश के निवासियों के अन्य देशों के साथ एक निश्चित अवधि में किए गए आर्थिक लेन-देन का सार प्रस्तुत करता है। निवासी से आशय देश के नागरिकों से नहीं बल्कि उन व्यक्तियों या कंपनियों से है जिनका आर्थिक हित उस देश में है। सरल शब्दों में कहें तो एक देश के निवासी व्यक्ति या कंपनियां और वहां की सरकार एक साल या तिमाही के भीतर अन्य देशों के साथ जब वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी का आयात-निर्यात करते हैं तो आंकड़ों के रूप में दिए गए उसके सार को भुगतान संतुलन कहते हैं। जब किसी देश का भुगतान संतुलन डगमगाता है तो वहां की अर्थव्यवस्था पर उसके गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। नब्बे के दशक के शुरू में जब भारत में भुगतान संतुलन का संकट गहराया तो सरकार को संकट से उबरने के लिए उदारीकरण और आर्थिक सुधारों की शुरूआत करनी पड़ी। इस तरह भुगतान संतुलन अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है। अतः निर्यात नियन्त्रण व्यापार संतुलन तथा शुद्ध/निवल की समस्या से निबटने के उपाय के लिए उपयुक्त नही है।

**71. Mr. James, a citizen of U.S., arrived in India for the first time on 1st July, 2010 and left for Nepal on 15th December 2010. He arrived to India again on 1st January 2011 and stayed till the end of the financial year 2010-11. His residential status for the assessment year 2011-12 is**
**श्री जेम्स, जो यू. एस. के नागरिक हैं, जुलाई 1, 2010 को पहली बार भारत में आये और 15 दिसम्बर 2010 को नेपाल के लिये निकल पड़े। वे दोबारा जनवरी 1, 2011 को भारत आये और वित्तीय वर्ष 2010-2011 के अंत तक रहे। कर निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिये उनका आवासीय दर्जा है**

(a) Resident (ordinarily resident) निवासी (साधारण निवासा)
(b) Not ordinarily resident/ असाधारण निवासी
(c) Non-resident/ अनिवासी
(d) None of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** कर निर्धारण वर्ष 2011-12 के लिए श्री जेम्स का आवासीय दर्जा असाधारण निवासी है। एक व्यक्ति को भारत के निवासी के रूप में निम्न स्थिति में माना जाएगा :
1. वर्ष के दौरान वह 182 दिन या उससे अधिक की अवधि के लिए भारत में था।
2. वर्ष के दौरान 60 दिन या उससे अधिक और तत्काल वर्ष के पिछले 4 वर्षों के दौरान 365 दिन या उससे अधिक भारत में था।

**72. The value of free accommodation in Delhi provided by employer in the private sector is**
**दिल्ली में निजी क्षेत्र में नियोक्ता द्वारा प्रदान किए जाने वाला निःशुल्क आसास का मूल्य है**

(a) 10% of salary/ वेतन का 10%
(b) 15% of salary/ वेतन का 15%
(c) 20% of salary/ वेतन का 20%
(d) 25% of salary/ वेतन का 25%

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-** दिल्ली में निजी क्षेत्र में नियोक्त द्वारा प्रदान किए जाने वाला निःशुल्क आवास का मूल्य वेतन का 15% है।

**73. Which of the following is not a capital asset under capital gains head of income ?**
**आय के पूँजीगत लाभ शीर्षक के अंतर्गत पूँजीगत परिसम्पत्ति निम्नलिखित में से कौन सी नहीं है?**

(a) Stock in trade/ व्यापारिक स्टॉक
(b) Goodwill of business/ व्यापार की ख्याति
(c) Agricultural Land in Delhi/दिल्ली मे कृषि भूमि
(d) Jewellery/ जेवरात

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या- पूंजीगत लाभ कर–**पूंजीगत लाभ उस राशि को कहा जाता है जो परिसंपत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि में से परिसंपत्ति को क्रय करने के लिए व्यय की गई राशि को घटाने से प्राप्त होती है। पूंजीगत लाभ में वह राशि भी शामिल की जाती है जो पूंजीगत परिसंपत्तियों के ''हस्तांतरण'' (इसमें विक्रय और विनिमय भी शामिल है) से प्राप्त लाभ के रूप में होती है। इसे अल्पकालीन लाभ और दीर्घ कालीन लाभ में वर्गीकृत किया जाता है। शेयर, बॉण्ड, अचल सम्पत्ति आदि के विक्रय से प्राप्त लाभ को पूँजीगत लाभ (Capital Gain) कहते हैं। पूंजीगत लाभ वह आय है जो पूँजीगत निवेश के विक्रय से व्युत्पन्न होती है। पूंजीगत निवेश घर, कृषि भूमि, खेत, पारिवारिक व्यवसाय, कलात्मक कार्य इत्यादि हो सकता है। अतः पूँजीगत लाभ के अंतर्गत पूँजीगत परिसम्पत्ति में व्यापारिक स्टॉक नहीं है।

**74. Match the items of List – I with List – II :**

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (i) | Tax Planning | 1. | Making suitable arrangement of TDS |
| (ii) | Tax Avoidance | 2. | Understatement of Income |
| (iii) | Tax Evasion | 3. | Availing deduction under Section 10A of IT Act. |
| (iv) | Tax Administration | 4. | Misinterpreting the provisions of the IT Act |

**सूची–I की मदों को सूची–II की मदों के साथ सुमेलित करें :**

| | सूची–II | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (i) | कर नियोजन | 1. | टी डी एस की उपयुक्त व्यवस्था करना |
| (ii) | कर परिहार | 2. | आय को कम दिखाना |
| (iii) | कर वंचन | 3. | आयकर अधिनियम की धारा 10 ए के अंतर्गत कटौती का लाभ उठाना |
| (iv) | कर प्रशासन | 4. | आयकर अधिनियम के प्रावधानों की गलत संख्या करना |

**Codes/कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**Ans. (c) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| i. | कर नियोजन | 3. | आयकर अधिनियम की धारा 10 ए के अंतर्गत कटौती का लाभ उठाना |
| ii. | कर परिहार | 4. | आयकर अधिनियम के प्रावधानों की गलत संख्या करना |
| iii. | कर वंचन | 2. | आय को कम दिखाना |
| iv. | कर प्रशासन | 1. | टी डी एस की |

**75. Under the Income Tax Act, 1961 unabsorbed depreciation can be carried forward for set-off purpose :**
**आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अशोषित ह्रास को, समाप्त करने के उद्देश्य से, आगे ले जाया जा सकता है :**

(a) For 4 years/ 4 वर्षों के लिये
(b) For 5 years/ 5 वर्षों के लिये
(c) For 8 years/ 8 वर्षों के लिये
(d) For unspecified period/ अनिश्चित अवधि के लिये

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-** आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अशोषित ह्रास को, समाप्त करने के उद्देश्य से, अनिश्चित अवधि के लिए आगे ले जाया जा सकता है।

# यू.जी.सी. नेट परीक्षा जून-2012
# वाणिज्य
## द्वितीय प्रश्न पत्र
## विश्लेषण सहित व्याख्या

**समय : 1.15 घण्टा]** **[पूर्णाङ्क : 150**

**1. Which of the following denote the structural changes in Indian economy ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय अर्थ व्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तनों को दर्शाता है ?**
(a) Primary sector contribution has gone down.
प्राथमिक क्षेत्र का योगदान कम पड़ गया है।
(b) Service sector contribution has gone up.
सेवा क्षेत्र का योगदान बढ़ा है।
(c) Secondary sector has not changed much.
द्वितीयक क्षेत्र में कोई अधिक परिवर्तन नहीं हुआ है।
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans:(d)** सामान्यतः संरचनात्मक परिवर्तन का तात्पर्य प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रों का अर्थव्यवस्था में होने वाले योगदानों के परिवर्तन से होता है। ऐसी स्थिति में मुख्यतः अर्थव्यवस्था में तृतीयक क्षेत्र का योगदान बढ़ता है, तथा प्राथमिक क्षेत्र का योगदान कम होता है।
भारतीय अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित परिवर्तन संरचनात्मक परिवर्तन को दर्शाता है–
i. प्राथमिक क्षेत्र का योगदान कम पड़ रहा है।
ii. सेवा क्षेत्र का योगदान बढ़ रहा है।
iii. द्वितीयक क्षेत्र में कोई अधिक परिवर्तन नही हुआ है, अर्थात् परिवर्तन लगभग स्थिरता की स्थिति में है।
स्पष्ट है कि उपरोक्त सभी विकल्प भारतीय अर्थव्यवस्था में सन्दर्भ में सही प्रतीत होते है।

**2. Broad Money has to be sensitized through :**
**विस्तृत मुद्रा को किसके द्वारा संवेदनशील बनाना होगा?**
(a) CRR/सी. आर. आर.
(b) SLR/एस. एल. आर.
(c) Repo Rate/रेपो दर
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans:(d)** विस्तृत मुद्रा (Broad Money) को सीआरआर, एसएलआर, व रेपो रेट के द्वारा संवेदनशील बनाना होता है।

**3. Which one is not an element of legal environment ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा विधि-पर्यावरण का भाग नहीं है?**
(a) Act of Parliamentarians in Lok Sabha
लोक सभा में सांसदों के कृत्य
(b) Indian Contract Act, 1872
भारतीय संविदा अधिनियम, 1872
(c) Indian Partnership Act, 1932
भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932
(d) Negotiable instruments Act, 1881
परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881

**Ans:(a)** सामान्यतः पर्यावरण-विधि (Legal-Envoirnment) का आशय समेकित रूप से उन सभी अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय सन्धियों, समझौतों और संवैधानिक विधियों को कहा जाता है, जो प्राकृतिक पर्यावरण पर मानव प्रभाव को कम करने तथा पर्यावरण की संधारणीयता को बनाये रखने हेतु है।
पर्यावरणीय विधि या कानून के भाग निम्नलिखित है–
- भारतीय संविदा अधिनियम, 1872
- भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932
- परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881
- वन संरक्षण अधिनियम, 1980
- राष्ट्रीय जल नीति, 2002
- राष्ट्रीय पर्यावरण नीति, 2004

स्पष्ट है कि लोकसभा में सांसदों के कृत्य विधि-पर्यावरण का भाग नही है।

**4. Out of the following, which are four dimensions of Human Development Index ?**
**निम्नलिखित में से मानव विकास सूचकांक के चार आयाम कौन से हैं?**
(i) Life Expectancy/जीवन संभाव्यता
(ii) Literacy Level/साक्षरता स्तर
(iii) Success Rate of Marriages
विवाहों की सफलता दर
(iv) Standard of Living/जीवन स्तर
(v) Crime Rate/अपराध दर
(vi) Corruption Level/जीवन स्तर
(vii) Economic Entitlement/आर्थिक अधिकार
(viii) Foreign Visits/विदेशी यात्राएँ

**कूट :**
(a) (i), (ii), (vi) and (viii)/(i), (ii), (vi) और (viii)
(b) (i), (ii), (iv) and (vii)/(ii), (ii), (iv) और (vii)
(c) (ii), (iii), (vi) and (vii)/(i), (iii), (vi) और (vii)
(d) (iii), (v), (vii) and (viii)
(iii), (v), (vii) और (iii)

**Ans. (b) :** संयुक्त राष्ट्र विकास परिषद (UNDP) द्वारा वर्ष 2010 से मानव विकास रिपोर्ट हेतु HDI की गणना में नई प्रविधि का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत निम्न आयाम शामिल है-
(i) जीवन प्रत्याशा
(ii) शिक्षा सूचकांक

(iv) जीवन स्तर
(vii) आर्थिक आधार
Note → Question के option b में
(i), (ii), (iv) and (vii)
(i), (ii), (iv) और (vii)

5. **Public Enterprise is defined as**
**सार्वजनिक उपक्रम को इस प्रकार परिभाषित किया जाता है**
(a) An organisation run by joint efforts of Centre and State Governments.
एक संगठन जिसे केन्द्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों द्वारा चलाया जाता है।
(b) An organisation which caters to the needs relating to public utilities.
एक संगठन जो लोक उपयोगिताओं सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।
(c) An Organisation in which caters to the needs relating to public utilities./एक संगठन जिसमें पूँजी का निवेश लोगों द्वारा किया जाता हैं।
(d) An organisation owned and managed by public authorities for definite set of public purposes./एक संगठन जिसका स्वामित्व एवं प्रबन्ध सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

**Ans:(d)** सामान्यतः एक ऐसा संगठन जिसका स्वामित्व एवं प्रबन्ध सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है, उसे सार्वजनिक उपक्रम कहते है।
भारत में सरकारी उपक्रमों को सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम कहते हैं। इन उपक्रमों का स्वामी भारत सरकार या राज्य सरकार या सरकारी स्थानीय संस्थाएं या सभी होते है।

6. **Match List-I with List-II and select teh correct answer :**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (i) | Measurement of income<br>आय का माप | (a) | Accrues to the equity of owners<br>स्वामित्व समता को प्राप्त होता है |
| (ii) | Recognition of expense<br>खर्च की मान्यता | (b) | Recognition of revenue<br>आय की मान्यता |
| (iii) | Basis of realization<br>उगाही के आधार | (c) | Matching revenue with expenses<br>आय का खर्चों से मिलान |
| (iv) | Identification of revenue<br>राजस्व की पहचान | (d) | Accounting period<br>लेखा अवधि |

**Codes :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (b) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (c) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (d) | (c) | (d) | (b) | (a) |

**Ans. (d) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| i. | आय का माप | c. | आय का खर्चों से मिलान |
| ii. | खर्च की मान्यता | d. | लेखा अवधि |
| iii. | उगाही के आधार | b. | आय की मान्यता |
| iv. | राजस्व की पहचान | a. | स्वामित्व समता को प्राप्त होता है |

7. **Consider the following items :**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**
(i) Debentures/ऋणपत्र
(ii) Prepaid rent/पूर्व प्रदत्त किराया
(iii) Interest accrued/अर्जित ब्याज
(iv) Bank overdraft/बैंक अधिविकर्ष
Which of them are current liabilities :
चालू दायित्व में सम्मिलित होगा :
(a) (i), (ii), (iii) and (iv)/(i), (ii), (iii) और (iv)
(b) (iv)
(c) (ii), (iii) and (iv)/(ii), (iii) और (iv)
(d) (i), (ii) and (iii)/(i), (ii) और (iii)

**Ans:(b)** सामान्य चालू दायित्व का आशय ऐसे दायित्वों से होता है जिसका भुगतान एक वित्तीय वर्ष या लेखा अवधि में कर दिया जाता है। चालू दायित्व के अन्तर्गत लेनदार व बैंक अधिविकर्ष को शामिल किया जाता है।

8. **Conversion cost is the sum of**
**रूपान्तरण लागत निम्न का जोड़ है :**
(a) Indirect wages and factory overhead
अप्रत्यक्ष मजदूरी और कारखाना उपरिव्यय
(b) Direct wages, direct expenses and factory overhead
प्रत्यक्ष मजदूरी, प्रत्यक्ष खर्चे और कारखाना उपरिव्यय
(c) Direct material cost and indirect wages
प्रत्यक्ष सामग्री लागत और अप्रत्यक्ष मजदूरी
(d) Prime cost and selling & distribution overhead
मूल लागत और विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय

**Ans:(b)** प्रत्यक्ष मजदूरी, प्रत्यक्ष खर्चे और कारखाना उपरिव्यय के योग को रूपान्तरण लागत कहा जाता है।

9. **(A) Assertion :** Premium received on issue of shares is credited to share premium account but not to Profit and Loss account.
**अभिकथन (A):** अंशों के जारी होने पर जो अधिमूल्य मिलता हे उसे अंश अधिमूल्य खाता में जोड़ दिया जाता है, लाभ-हानि खाता में इसे नहीं जोड़ा जाता।
**(R) Reasoning :** Since share premium is not a trading profit, it is not distributed to shareholders.
**तर्क (R):** क्योंकि अंश अधिमूल्य व्यापारिक लाभ नहीं है, इसलिए इसे शेयरधारकों में वितरित नहीं किया जाता।
(a) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation to (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(b) (A) is false but (R) is correct.
(A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

(c) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)./(A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है।
(d) (A) is correct but (R) is false.
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

**Ans:(c)** दिया गया अभिकथन (A) कि अंशों के जारी होने पर जो अधिमूल्य मिलता है, उसे अंश अधिमूल्य खाता में जोड़ दिया जाता है, इस राशि को लाभ-हानि खाता में नही जोड़ा जाता है, इस अधिमूल्य खाते के शेष को चिट्ठे में दायित्व पक्ष की ओर दर्शाया जाता है।
जबकि कथन (R) कि अंश अधिमूल्य को व्यापारिक लाभ में शामिल नही किया जाता है, क्योंकि ऐसा करने से यह शेयर धारकों को लाभांश के रूप में वितरित होता है।
स्पष्ट है कि कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है, तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

**10. Consider the following :**
**निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**
(i) Basic defensive and interval ratio
मूल रक्षात्मक एवं अन्तराल अनुपात
(ii) Current ratio/चालू अनुपात
(iii) Superquick ratio/अति त्वरित अनुपात
(iv) Quick ratio/ त्वरित अनुपात
**Arrange these ratios in sequence to reflect the liquidity in descending order :**
**इन अनुपातों को इस प्रकार से क्रमबद्ध कीजिए जिससे अवरोही क्रम में तरलता परिलक्षित हो**
(a) (ii), (iv), (iii) and (i)/(ii), (iv), (iii) और (i)
(b) (i), (ii), (iv) and (iii)/(i), (ii), (iv) और (iii)
(c) (iv), (ii), (iii) and (i)/(iv), (ii), (iii) और (i)
(d) (iii), (iv), (i) and (ii)/(iii), (iv), (i) और (ii)

**Ans:(a)** सामान्यतः तरलता अनुपात अल्पकालिक शोधन समता की स्थिति को व्यक्त करता है। तरलता जितनी अधिक होगी, शोधन क्षमता उतनी ही अधिक होती है।
तरलता अनुपातों को तरलता के अवरोधी क्रम में निम्नलिखित रूप में व्यक्त करते है–
चालू अनुपात ⇒ त्वरित अनुपात ⇒ अति-त्वरित अनुपात ⇒ मूल रक्षात्मक एवं अन्तराल अनुपात।

**11. Normally Demand curve slopes**
**सामान्यतया माँग वक्र की ढलान होती है**
(a) Upward/ऊपर की ओर
(b) Downward/नीचे की ओर
(c) Horizontal/समस्तर होगा
(d) Vertical/लम्बवत होगा

**Ans:(b)** सामान्यतः माँग वक्र का ढ़ाल ऊपर नीचे, बाएँ से दाएँ की ओर गिरता हुआ ऋणात्मक ढ़ाल वाला होता है। ऐसा होने का मुख्य कारण कीमत और माँग मात्रा के बीच विपरीत सम्बन्ध का होना है।

**12. Which of the following refers to Perfect Competition ?**
**निम्नलिखित में से कौन सा पूर्ण प्रतिस्पर्धा को इंगित करता है ?**
(i) There are restrictions on buyers and sellers
क्रेताओं और विक्रेताओं पर बंधन लगे हों।
(ii) There are no restrictions on movement of goods/वस्तुओं के आने जाने पर पाबन्दियाँ न हों।
(iii) There are no restrictions on factors of production
उत्पादन के साधनों पर कोई पाबन्दी न हो।
**Correct one is**
**सही उत्तर को चुनिए -**
(a) only (i) and (ii)/केवल (i) और (ii)
(b) only (ii) and (iii)/केवल (ii) और (iii)
(c) only (i) and (iii)/केवल (i) और (iii)
(d) only (i)/केवल (i)

**Ans : (b)** पूर्ण प्रतियोगी/प्रतिस्पर्धा बाजार में निम्नलिखित विशेषताएँ पायी जाती है–
i. क्रेताओं व विक्रेताओं की संख्या की बहुत अधिक होती है।
ii. वस्तु की इकाईयाँ समरूप होती है।
iii. बाजार दशाओं का पूर्ण ज्ञान होता है।
iv. वस्तुओं के आवगमन पर कोई प्रतिबंध नही होता है।
v. उत्पादन के साधनों पर कोई प्रतिबन्ध नही होता है।
vi. फर्मों के प्रवेश एवं बहिर्गमन की स्वतन्त्रता होती है।
vii. साधनों की पूर्ण गतिशीलता होती है।
viii. स्वतन्त्र बाजार नीति होती है।

**13. Assertion (A) :** Total utility will be maximum when marginal utility to price of respective products are equal.
**अभिकथन (A):** जब सीमान्त उपयोगिता और सम्बन्धित वस्तुओं के मूल्य का अनुपात समान हो तब कुल उपयोगिता अधिकतम होगी।
**Reason (R) :** Deviation from this situation leads to reduction in maximum utility.
**तर्क (R):** इस अवस्था से विचलन होने पर अधिकतम उपयोगिता में कमी आती है।
(a) (A) are (R) are not correct.
(A) और (R) सही नहीं हैं।
(b) (A) is correct but (R) is not correct.
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(c) (A) and (R) are correct.
(A) और (R) सही हैं।
(d) (A) is incorrect, (R) is correct.
(A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**Ans:(c)** दिया गया अभिकथन (A) कि जब सीमान्त उपयोगिता और सम्बन्धित वस्तुओं के मूल्य का अनुपात समान हो, तब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है, सही है।
जबकि तर्क (R) कि सीमान्त उपयोगिता शून्य होने की दशा में कुल उपयोगिता अधिकतम होती है, इससे विचलन की दशा में कुल उपयोगिता में कमी आ जाती है।

**14. Match List-I with List-II and select the correct answer.**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | **List-I (सूची -I)** | | **List-II (सूची -II)** |
|---|---|---|---|
| (i) | Survival<br>उत्तर जीविता | (a) | Economic Objective<br>आर्थिक उद्देश्य |
| (ii) | R.O.I.<br>आर.ओ.आई | (b) | Natural Urge<br>प्राकृतिक लालसा |
| (iii) | Growth<br>विकास | (c) | Business Purpose<br>व्यावसायिक उद्देश्य |
| (iv) | Innovation<br>नवप्रवर्तन | (d) | Primary Objective<br>प्राथमिक उद्देश्य |

**Codes/(कूट) :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (b) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (c) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**Ans. (a) :**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| i. | उत्तर जीविता | d. | प्राथमिक उद्देश्य |
| ii. | आर.ओ.आई | a. | आर्थिक उद्देश्य |
| iii. | विकास | b. | प्राकृतिक लालसा |
| iv. | नवप्रवर्तन | c. | व्यावसायिक उद्देश्य |

**15. Consider the oligopoly models :**
**निम्नलिखित अल्पाधिकार प्रतिरूपों पर विचार कीजिएः**

(i) Sweezy's kinked demand curve model
स्वीजी का व्याकुंचित माँग वक्र प्रतिरूप

(ii) Newman and Morgenstern Game Theory model
न्यूमैन और मोर्गनस्टैरन खेल सिद्धान्त प्रतिरूप

(iii) Cournal's duopoly model
कोर्नल का द्वि-अधिकार प्रतिरूप

(iv) Baumal's sales maximisation model
बॉमल का विक्रय अधिकतमकरण प्रतिरूप

**Arrange them in correct sequence as per order of evolution.**
**इन को विकास के क्रमानुसार सही क्रमबद्ध कीजिये।**

(a) (iv), (iii), (ii) and (i)
(b) (ii), (i), (iii) and (iv)
(c) (iii), (i), (ii) and (iv)
(d) (i), (iii), (ii) and (iv)

**Ans:(c)** अल्पाधिकार मॉडल को विकास के क्रम में निम्न रूप में समायोजित किया जा सकता है–

कोर्नल का द्वि-अधिकार प्रतिरूप
⇓
स्वीजी का विकुचिंत माँग वक्र प्रतिरूप
⇓
न्यूमैन एवं मोर्गन स्टैरन खेल सिद्धान्त प्रारूप
⇓
बॉमल का विक्रय अधिकतमकरण प्रारूप

**16. Which of the following is not a restricted random sampling technique ?**
**निम्नलिखित में से कौन सी परिसीमित यादृच्छिक नमूना तकनीक नहीं है ?**

(a) Stratified sampling/स्तरिकृत नमूना
(b) Simple random sampling
सामान्य यादृच्छिक नमूना
(c) Systematic sampling/व्यवस्थित नमूना
(d) Multistage sampling/बहु-सोपान नमूना

**Ans:(b)** परिसीमित यादृच्छिक नमूना तकनीकि के अन्तर्गत स्तरीकृत नमूना, व्यवस्थित नमूना व बहु-सोपान नमूना को शामिल किया जाता है। जबकि सामान्य यादृच्छिक नमूना को परिसीमित यादृच्छिक नमूना तकनीकि में शामिल नही किया जाता है।

**17. Classification of respondents only on the basis of gender is an application of**
**उत्तरदाताओं का केवल लिंग के आधार पर वर्गीकरण करना अनुप्रयोग है**

(a) Ordinal scale/क्रमगत मापक्रम
(b) Nominal scale/नामिक मापक्रम
(c) Interval scale/अन्तराल मापक्रम
(d) Ratio scale/अनुपात मापक्रम

**Ans:(b)** उत्तरदाताओं को केवल लिंग के आधार पर वर्गीकृत करता नामित मापक्रम अनुप्रयोग है।

**18. Karl Pearson's co-efficient of correlation between two variables is**
**कार्ल पियरसन का दो चलों के बीच सहसम्बन्ध गुणांक है**

(a) the product of their standard deviations
उनके मानक विचलन का गुणनफल है
(b) the square root of the product of their regression co-efficients
उनके प्रतिगमन गुणांकों के गुणनफल का वर्गमूल
(c) the co-variance between the variables
चलों के बीच सहविचलन
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans:(b)** कार्ल पियर्सन का दो चलो के बीच सहसम्बन्ध गुणांक उनके प्रतीपगमन गुणांको के गुणनफल का वर्गमूल है। अर्थात् –

$$r = \sqrt{\sigma_x \times \sigma_y}$$

**19. Statistical software packages for research in social sciences include**
**सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए सांख्यिकीय साफ्टवेयर पैकेज में सम्मिलित है**

(a) SPSS/एस पी एस एस
(b) STATA/एस टी ए टी ए
(c) Mini Tab/मिनी टैब
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans:(d)** सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान के लिए सांख्यिकीय साफ्टवेयर पैकेज में निम्नलिखित को सम्मिलित किया जाता है–
i. एसपीएसएस (SPSS–Statistical Package for the Social Science)
ii. एसटीएटीए (STATA)
iii. मिनी टैब

**20. F-test is used to test the significance of the differences between/among**
**एफ-परीक्षण किस के बीच/किन में अन्तर के महत्त्व का परीक्षण करने में प्रयुक्त किया जाता है?**
(a) Two sample mean/दो नमूना माध्य
(b) More than two samples mean
दो से अधिक नमूना माध्य
(c) Variance of two samples
दो नमूनों के विचलनों में भेद
(d) (B) and (C)/(B)और (C)

**Ans:(d)** सामान्य रूप से एफ-परीक्षण (F-Test) का प्रयोग दो से अधिक नमूनों के माध्य तथा दो नमूनों के विचलनों के भेद का परीक्षण करने के लिए किया जाता है।

**21. Match the following**
**निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :**

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (i) | The Practice of Management<br>द प्रेक्टिस ऑफ मैनेजमेंट | (a) | Henry Fayol<br>हेनरी फायल |
| (ii) | Philosophy of Management<br>फिलोसॉफी ऑफ मैनेजमेंट | (b) | F.W. Taylor<br>एफ डब्ल्यू टेलर |
| (iii) | Scientific Management<br>साइन्टिफिक मैनेजमेंट | (c) | Oliver Sheldon<br>ओलिवर शेल्डन |
| (iv) | General and Industrial Administration<br>जनरल एण्ड इण्टस्ट्रियल एडमिनिस्ट्रेशन | (d) | Peter F Drucker<br>पीटर एफ ड्रकर |

**Codes/कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (a) | (b) | (c) | (d) |
| (b) | (d) | (c) | (b) | (a) |
| (c) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (d) | (c) | (d) | (b) | (a) |

**Ans. (b) :**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| i. | द प्रेक्टिस ऑफ मैनेजमेंट | d. | पीटर एफ ड्रकर |
| ii. | फिलोसॉफी ऑफ मैनेजमेंट | c. | ओलिवर शेल्डन |
| iii. | साइन्टिफिक मैनेजमेंट | b. | एफ डब्ल्यू टेलर |
| iv. | जनरल एण्ड इण्टस्ट्रियल एडमिनिस्ट्रेशन | a. | हेनरी फेयोल |

**22. Identify the correct sequence of steps involved in planning :**
**नियोजन के विभिन्न सोपानों के सहीक्रम का चयन कीजिए**
(i) Selecting the best coures of action
उत्तम कार्य मार्ग का चुनाव
(ii) Establishing the sequence of activities
क्रियाकलाप के क्रम का निर्धारण
(iii) Establishment of objectives
उद्देश्यों की स्थापना
(iv) Evaluating alternative courses
वैकल्पिक मार्गों का मूल्यांकन
(v) Determining alternative courses
वैकल्पिक मार्गों का निर्णय
(a) (i), (ii), (iii), (iv) and (v)
(i), (ii), (iii), (iv) और (v)
(b) (iii), (v), (iv), (ii) and (i)
(iii), (v), (iv), (ii) और (i)
(c) (v), (iv), (iii), (ii) and (i)
(v), (iv), (iii), (ii) और (i)
(d) (iii), (v), (iv), (i) and (ii)
(iii), (v), (iv), (i) और (ii)

**Ans:(d)** नियोजन प्रबन्ध का एक आधारभूत कार्य है, जिसके माध्यम से प्रबन्ध द्वारा अपने साधनों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार समायोजित करने का प्रयास किया जाता है और लक्ष्य पूर्ति हेतु भविष्य के गर्भ में झॉककर सर्वोत्तम वैकल्पिक कार्यपथ का चयन किया जाता है, जिससे कि निश्चित परिणामों को प्राप्त किया जा सके।
नियोजन के विभिन्न सोपानों का सही क्रम इस प्रकार है–
उद्देश्यों की स्थापना
⇓
वैकल्पिक मार्गो का निर्ण
⇓
वैकल्पिक मार्गों का मूल्यांकन
⇓
उत्तम कार्य का चुनाव
⇓
क्रियाकलाप के क्रम का निर्धारण

**23. Assertion (A) :** One can be sure about future course of actions by making good plans.
**अभिकथन (A):** अच्छी योजना के निर्माण से भविष्य की कार्य विधि के प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है।
**Reasoning (R) :** Planning brings certainty in future course of actions of an organisation.
**तक (R):** एक संगठन के भविष्य की कार्य विधि में निश्चितता आती है।
(a) (R) is correct but (A) is not correct.
(R) सही है, परन्तु (A) गलत है।
(b) (A) is correct but (R) is not correct.
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(c) Both (A) and (R) are correct.
(A) और (R) दोनों सही हैं।
(d) Both (A) and (R) are not correct.
(A) और (R) दोनों गलत हैं।